CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 2 दिसंबर 2023 | वर्ष – 33 | अंक –213 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु

मध्य प्रदेश में भाजपा ने हर नागरिक का भरोसा तोड़ा : कांग्रेस पृष्ठ 3

अभिमत
■ गोल्ड बॉन्ड बंद करने की जल्दबाजी न की जाए पृष्ठ 4

■ मोदी ने यूएई की जलवायु निवेश फंड की घोषणा का किया स्वागत
■ गाजा पर इजरायली हमलों में 32 की मौत, कई घायल पृष्ठ 9

बाबर आजम के खिलाफ मोर्चा संभालने के लिए तैयार हैं नाथन लियोन पृष्ठ 10

सार संक्षेप

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल आएंगे रायपुर

रायपुर। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 3 दिसंबर को रायपुर, छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्री धनखड़ हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर के छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति का छत्तीसगढ़ के राजभवन का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।

मिजोरम विधानसभा चुनाव रिजल्ट की तारीख बदली

नई दिल्ली। मिजोरम विधानसभा चुनाव रिजल्ट की तारीख बदल गई है. चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि रविवार की जगह सोमवार 4 दिसंबर को वोटों की गिनती होगी। निर्वाचन आयोग ने बताया, मिजोरम के लोगों के लिए रविवार का विशेष महत्व है. इस वजह से तारीख में बदलाव किया गया है।

नौटंकी थी शरद पवार का अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना : अजीत पवार

रायगढ़। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार को लेकर शुक्रवार बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि शरद पवार का अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना नौटंकी था। उन्होंने कहा, हम सभी लगातार शरद पवार को ये कह रहे थे कि हम लोगों को काम के लिए सरकार में जाना चाहिए।

क्योंझर में वाहन ट्रक से टकराया, आठ की मौत

क्योंझर। ओडिशा के क्योंझर जिले में एक वाहन के ट्रक से टकराने के बाद कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। वहीं इस घटना में कई अन्य घायल भी हुए हैं। यह घटना घाटगांव इलाके के बालिजोड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे 2 पर घटी। वाहन में सवार लोग मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे।

भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ एफआईआर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के 11 भाजपा विधायकों के खिलाफ इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा की परिसर में धरना के दौरान राष्ट्रीय गान का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री सोभोनदेब चटर्जी ने बताया कि शिकायत तृणमूल कांग्रेस की तरफ से दर्ज की गई है।

न्यूजक्लिक के संपादक की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत दर्ज एक मामले में न्यूज़क्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 22 दिसंबर तक बढ़ा दी।

वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में बोले नौसेना प्रमुख

हिन्द प्रशांत क्षेत्र में टकराव का रूप ले सकते हैं विवाद

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में जिस तरह के विवाद हैं उनके कारण वहां किसी भी समय टकरावपूर्ण स्थिति बन सकती है लेकिन भारतीय नौसेना वहां कड़ी नजर रख रही है और हर स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

नौसेना प्रमुख ने नौसेना दिवस से पहले आज यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिन्द प्रशांत क्षेत्र की स्थिति के बारे में पूछे सवाल के जवाब में कहा कि वहां कुछ विवाद हैं और ये टकराव का रूप भी ले सकते हैं। इसके अलावा वहां डकैती से लेकर तस्करी तथा आपदाओं के समय विभिन्न तरह के अभियान चलाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए परस्पर संवाद जरूरी है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत खुले , मुक्त, स्वतंत्र तथा नियम आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में भारत हर गतिविधि पर कड़ी नजर रख रहा है और किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम है।

■ भारतीय नौसेना रख रही है कड़ी नजर
■ हर स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम

साझा धरोहर माने जाते हैं सागर

हिंद महासागर के बारे में एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि सागर साझा धरोहर माने जाते हैं। महासागरों में हर देश कानूनी रूप से अपनी आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा कर सकता है। चीन को भी वहां आर्थिक गतिविधियों का अधिकार है। क्षेत्र में भारत एक नौसैनिक ताकत है और वह हर देश की गतिविधि पर करीबी नजर रखता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भारतीय हितों की रक्षा करना नौसेना की प्राथमिकता है।

कतर से अपनों को वापस लाने का प्रयास कर रही सरकार

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अपने आठ पूर्व नौसैनिकों को कतर से वापस लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। बता दें, कतर में एक अदालत ने इन नौसैनिकों को मौत की सजा दी है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि उन्हें वापस लाया जाए। इसके साथ ही उनके हितों को ध्यान में रखने के लिए हम मिलकर काम कर रहे हैं। भारतीय नौसेना के सभी आठ पूर्व कर्मियों को 30 अगस्त 2022 की रात को हिरासत में ले लिया गया था।

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन

प्रधानमंत्री मोदी ने सीओपी 33 की मेजबानी का प्रस्ताव रखा

दुबई, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन भारत में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि आज मैं इस मंच से सीओपी 33 को 2028 में भारत में मेजबानी करने का प्रस्ताव रखता हूं।

दुबई में सीओपी 28 में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत ने इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच बेहतरीन संतुलन बनाकर दुनिया के सामने विकास का एक मॉडल पेश किया है। उन्होंने कहा, सबसे पहले, मैं जलवायु जस्टिस, जलवायु फाइनेंस और ग्रीन क्रेडिट जैसे मुद्दों पर आपके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा वन अर्थ, वन फैमली, वन फ्यूचर को लेकर सभी की भागीदारी जरूरी है।

दुबई में हो रहे सम्मेलन में कहा, वन अर्थ, वन फैमली, वन फ्यूचर पर हमारा जोर

कार्बन उत्सर्जन भारत का योगदान 4 प्रतिशत से कम

उन्होंने कहा कि आज भारत ने दुनिया के सामने इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन का एक शानदार उदाहरण पेश किया है। भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी रहती है, इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में इसका योगदान 4 प्रतिशत से कम है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत का लक्ष्य 2030 तक उत्सर्जन में 45 फीसदी की कमी लाना है। हम 2070 तक नेट जीरो के अपने लक्ष्य की ओर भी आगे बढ़ते रहेंगे।

अपने हितों से ऊपर उठ कर टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करें

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि एनर्जी ट्रांजेक्शन हो, लेकिन इसके लिए हमें इनोवेटिव होना होगा। हमें यह भी संकल्प लेना होगा कि इनोवेटिव टेक्नोलॉजी का लगातार विकास करें और अपने हितों से ऊपर उठ कर दूसरे देशों को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करें। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार रात संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। जहां भारतीय प्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

मणिपुर में दिनदहाड़े बैंक से लूटे 18 करोड़

इंफाल, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर में पंजाब नेशनल बैंक चेस्ट से बदमाशों ने 18.80 करोड़ रुपए कैश लूट लिए। सभी लुटेरे नकाब पहनकर आए थे। उन्होंने स्टॉफ को बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद कैशियर से तिजोरी का ताला खुलवाकर पैसे लेकर भाग गए। यह घटना गुरुवार को उखरुल जिले में हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। पीएनबी बैंक चेस्ट राजधानी इंफाल से लगभग 80 किमी दूर उखरूल शहर में स्थित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया, 30 नवंबर को दोपहर अत्याधुनिक हथियारों से लैस कुछ लुटेरे बैंक पहुंचे। उन्होंने बैंक के गार्ड्स को अपने कब्जे में ले लिया और स्टॉफ को बंदूक दिखाकर धमकाया। बैंक के कैशियर को बंदूक की नोक पर तिजोरी खोलने के लिए कहा और पैसे लूट लिए।

सुक्खू मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

हिमाचल में कॉन्स्टेबल के 30 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित

शिमला, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश कैबिनेट ने शुक्रवार को पुलिस कांस्टेबल के 30 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित करने का फैसला किया और 1,226 पदों को भरने के लिए संशोधित मंजूरी भी दी। कैबिनेट ने अनाथों और समाज के कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना में कुछ और प्रावधान जोड़ने को भी मंजूरी दी। नए प्रावधानों के तहत, प्रत्येक अनाथ 27 वर्ष की आयु तक पॉकेट मनी के रूप में प्रति माह चार हजार रुपये प्राप्त करने का हकदार होगा। इसके अलावा, उन अनाथों को दो लाख रुपये का एकमुश्त विवाह अनुदान देने का भी निर्णय लिया गया, जिन्होंने बाल देखभाल संस्थान छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने पूह से काजा तक सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए 486.47 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को भी मंजूरी दे दी।

महिला कांग्रेस की रैली में बोले राहुल

अगले 10 वर्षों में 50 फीसदी मुख्यमंत्री महिलाएं हो

एर्नाकुलम, 1 दिसंबर (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एर्नाकुलम में 'उत्साह' महिला कांग्रेस के राज्य सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सत्ता में महिला की कमी पर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास महिला मुख्यमंत्रियों की कमी है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के लिए एक अच्छा लक्ष्य होगा अगर आज से अगले 10 वर्षों में हमारे पास 50 फीसदी मुख्यमंत्री महिलाएं हों। हमारे पास बहुत कम महिला मुख्यमंत्री हैं। पर मुझे पता है कि कांग्रेस पार्टी में कई महिलाएं हैं, जो एक अच्छी मुख्यमंत्री बन सकती हैं।' राहुल ने आगे कहा कि

एकमात्र कमी यह है कि मंच पर पुरुष हावी हैं, जोकि अच्छी बात है, लेकिन अब हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस पार्टी के हर स्तर पर अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी हो।

इससे पहले, केरल के नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीसन ने बताया कि रैली का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करना है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ महिला कांग्रेस के वार्ड स्तर के सभी पदाधिकारी रैली में शामिल होंगे। हमारी रैली उन सरकारों के लिए चेतावनी है, जो महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हो रही हिंसाओं को रोकने में विफल रही है।

नौसेना हवाई अड्डे पर नहीं मिली लैंडिंग की अनुमति – कांग्रेस ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय पर पार्टी नेता राहुल गांधी के विमान को नौसेना हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया है।

दो हजार के 97 फीसदी से अधिक नोट वापस आए : आरबीआई

मुंबई, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को घोषणा की कि 30 नवम्बर, 2023 को कारोबार बंद होने पर प्रचलन में 2,000 रुपए के बैंक नोटों का कुल मूल्य घटकर 9,760 करोड़ रुपए हो गया है। इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में 2,000 रुपए के 97.26 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ गए हैं। जब 2,000 रुपए के नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई तो उनकी कुल कीमत 3.56 लाख करोड़ रुपए थी। 2,000 रुपए के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा शुरुआत में 30 सितम्बर तक देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी, जिसे बाद में 7 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया था। 2,000 रुपए के बैंक नोटों को बदलने की सुविधा आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में भी उपलब्ध थी। काउंटरों पर 2,000 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को बदलने के अलावा, आरबीआई कार्यालय व्यक्तियों/संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2,000 रुपए के बैंक नोट भी स्वीकार कर रहे हैं।

90 विधानसभाओं में सभी श्रेणीयों में 103463 डाक मतपत्र प्राप्त हुए

रायपुर, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 29 नवम्बर 2023 तक राज्य में 90 विधानसभाओं में अब तक सभी श्रेणियों के कुल 1,03,463 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी, निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी के 80+, दिव्यांग एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल है।

सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबी प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 29 नवम्बर 2023 तक कुल 6169 है। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी दिनांक 3 दिसंबर 2023 को मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व तक प्राप्त किये जाएंगे। प्रत्येक दिवस प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में जिला मुख्यालय के ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है और इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है।

डाक मतपत्रों की कुल संख्या में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों / कर्मचारियों के कुल 91,086 डाक मतपत्र भी शामिल हैं जो कि मतदान दिवस के 1 दिन पूर्व तक सभी जिलों में निर्मित सुविधा केन्द्रों से प्राप्त हुए थे। 80+ आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल 6043 है। इसके अतिरिक्त अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या 165 है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्यात्मक जानकारी प्रत्येक दिवस भारत निर्वाचन आयोग को निर्धारित प्रारूप में प्रेषित की जा रही है ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

दो डिस्टलरी की देशी शराब में कचरा और कीड़ा

आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

रायपुर, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के दो डिस्टलरीयों द्वारा देशी शराब (प्लेन-पाव) की आपूर्ति में कचरा व कीड़ा पाए जाने पर पीने के लिए हानिकारक मानते हुए संबंधित के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। इन दोनों डिस्टलरीयों द्वारा आपूर्ति की गई 7189 पेटी देशी शराब प्लेन पाव को जप्त कर नष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दोनों डिस्टलरीयों के मेसर्स पर वर्तमान शराब मूल्य की राशि 2 करोड़ 75 लाख 66 हजार 480 रूपए का जुर्माना लगाते हुए यह राशि छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड में जमा करने को कहा गया है। इनमें मेसर्स वेलकम डिस्टलरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-छेरकाबांधा, जिला- बिलासपुर को 2 करोड़ 29 लाख 27 हजार 440 रूपए और मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड, ग्राम-खपरी, कुम्हारी, जिला-दुर्ग को 46 लाख 79 हजार 40 रूपए जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

■ दोनों डिस्टलरीयों के 7189 पेटी शराब जप्त कर नष्ट करने के निर्देश
■ दोनों डिस्टलरीयों को ढाई लाख का जुर्माना

गौरतलब है कि मेसर्स वेलकम डिस्टलरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-छेरकाबांधा, जिला-बिलासपुर के द्वारा जिला जांजगीर-चांपा में प्रदाय की गई देशी मदिरा प्लेन के पाव में कचरा एवं कीड़ा पाये जाने की शिकायत की जांच पर बैच नंबर 141, 145 एवं 156 के अंतर्गत भरी गई मदिरा में घोंघे व शैल का कचरा एवं कीड़ा युक्त होना पाया गया जिस पर जिला-जांजगीर-चांपा की कुल बैच नंबर 141 की 11 देशी मदिरा दुकानों में, बैच नंबर 145 की 16 देशी मदिरा दुकानों में एवं बैच नंबर 156 की 14 देशी मदिरा दुकानों एवं मद्यभण्डागार जांजगीर में संग्रहित कुल 5,970 ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

तृतीय पुण्यतिथि



स्व. ललित सुरजन
(22 जुलाई 1946 - 2 दिसम्बर 2020)

''मुझे इस बात पर बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है कि चैनल, अखबार और पत्रकार अपनी राजनैतिक सोच के अनुसार विचार प्रकट करें। यह तो उनका धर्म है। लेकिन जब दबाव या प्रलोभन में आकर वे इस या उस पक्ष की तरफदारी करते हैं तो पत्रकार धर्म के साथ बेईमानी करते हैं।''

(देशबन्धु, 20 दिसम्बर 2018)

देशबन्धु - हाईवे चैनल परिवार
पुण्य स्मरण करता है

मौसम | तमिलनाडु के तटीय इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ चक्रवाती तूफान मिचौंग

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है, जिसके अगले दो दिनों में चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि 4 दिसंबर की शाम तक यह चक्रवाती तूफान मिचौंग आंध्र प्रदेश में माचिलीपत्तनम और चेन्नई के तट से टकरा सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का जो क्षेत्र बन रहा है, उसका केंद्र चेन्नई के समुद्र तट से 800 किलोमीटर, माचिलीपत्तनम से 970 किलोमीटर, आंध्र प्रदेश के ही बापातला से 990 किलोमीटर और पुडुचेरी के तट से 790 किलोमीटर दूर समुद्र में स्थित है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम और उत्तर पश्चिम दिशा की तरफ बढ़ रहा है और 2-3 दिसम्बर तक इसके चक्रवाती तूफान मिचौंग में बदलने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग ने मिचौंग तूफान के चलते तमिलनाडु के तटीय इलाकों, पुडुचेरी और कराइकल में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 3 दिसंबर से लेकर 4 दिसंबर तक 204 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है।

इन इलाकों में हल्की बारिश के आसार

चक्रवाती तूफान का ओडिशा में कोई प्रभाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान के असर से ओडिशा में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और बिजली कड़कड़ाने की घटनाएं हो सकती हैं। इनमें मलकानगिरी, कोरापुट, नाबारंगपुर, रायगढ़, कालाहांडी, कंधमाल आदि इलाके शामिल हैं।

धान खरीदी केंद्र निमधा में ग्रेडर से धान पासिंग के लिए की जा रही अवैध वसूली

खुद पैसा वसूल कर उच्च अधिकारियों को कर रहा बदनाम

- धान खरीदी केंद्रों में किसान हो रहे हैं शोषण के शिकार
- दूबर पर दो आषाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो रही है किसानों के साथ

गौरेला पेंड्रा मरवाही 01 दिसंबर (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही विकासखंड के धान खरीदी केंद्र निमधा में ग्रेडर द्वारा धान पासिंग के लिए किसानों से अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत है कि कृषि विभाग का कर्मचारी शेख इरफान द्वारा धान खरीदी केंद्र में किसानों से धान पासिंग करने के लिए हजारों रुपए वसूल लिए गए है। किसानों का आरोप है कि उक्त ग्रेडर अवैध वसूली करते हुए कहता है कि उच्च अधिकारियों को भी पैसा देना है।

दूबर पर दो आषाढ़ की कहावत गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के किसानों पर बिल्कुल ठीक बैठती है। हाड़-तोड़ परिश्रम एवं कर्ज लेकर पूंजी लगाने के बाद हुई धान की फसल को बेचने में किसानों को अपना आर्थिक शोषण कराना पड़ रहा है यह यह खेल जिले के धान खरीदी केंद्रों में खुलेआम चल रहा है। कठिन परिश्रम के बाद जब अपने खून पसीने की कमाई बेचने किसान धान खरीदी केदो में पहुंच रहा है तो वहां पासिंग करने वाले कृषि अधिकारी जिन्हें ग्रेडर कहा जाता है वह किसानों से धन पासिंग करने के एवज में अवैध वसूली कर रहे हैं। पैसा नहीं देने के कारण कहीं ग्रेडर नाराज ना हो जाए और उनका धान खरीदी के लिए निरस्त न कर दे इस डर से किसान भी दुखी मन से ही शोषण का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में किसानों की ऐसी स्थिति हो गई है कि आखिर यह किसान जाए तो जाए कहां? कौन सुनेगा, दर्द भरे दिल की जुबां। ग्रेडर द्वारा अवैध वसूली किए जाने का ऐसा ही एक मामला जिले के निमधा स्थित धान खरीदी केंद्र में प्रकाश में आया है जहां धान खरीदी केंद्र में नियुक्त कृषि कर्मचारी जो ग्रेडर है के द्वारा किसानों से हजारों रुपए की वसूली की जा रही है। शोषित किसानों ने मीडिया के सामने कमरे में स्वीकार किया कि ग्रेडर शेख इरफान द्वारा उनसे धन पासिंग करने के लिए पैसे की वसूली की गई है किसी किस से? 6000 किसी किसी से ?1500 किसी किसी से? 1000 की वसूली सिर्फ इसलिए की गई कि यदि वह पैसा नहीं देंगे तो उनका धन खरीदी के लिए पास नहीं किया जाएगा। किसानों ने बताया कि उक्त ग्रेडर शेख इरफान द्वारा किसानों से यह भी कहा जा रहा है की उच्च अधिकारियों को भी इस पेज को देना पड़ता है।

यह मामला प्रकाश में आने के बाद धान खरीदी केदो में किसानों के हो रहे शोषण की कलई खुल गई है तथा पूरा मामला सरकार की छवि बिगाड़ने जैसा है। इस मामले में कई किसानों ने मीडिया के सामने स्वीकार किया है कि ग्रेटर द्वारा उनसे धान पासिंग के लिए अवैध वसूली की गई है।

- जाए तो जाए कहां समझेगा कौन यहां दर्द भरे दिल की जुबां

किसानों के खून पसीने की कमाई पर है सबकी नजर

यहां पर उल्लेखनीय है कि जब भी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी की कीमत बढ़ाई गई है तब से सरकारी तंत्र से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों की टेढ़ी निगाह किसानों की गाढ़ी कमाई पर है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के परिणाम अभी इसी दिसंबर माह के 3 तारीख को आने हैं तथा चुनाव परिणाम के बाद किसानों के धान खरीदी का क्रय मूल्य और अधिक होने की संभावना है ऐसे में धान खरीदी से जुड़े अधिकारी कर्मचारी धान बेचने आए किसानों को मोटा मुर्गा की निगाह से देख रहे हैं तथा उनकी नजर किसान को होने वाली संभावित कमाई पर है। ऐसे में अब जरूरी है कि धान खरीदी चलने तक जिला प्रशासन ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति करें जो धान खरीदी में किसानों को शोषण से बचा सके। किसान का शोषण ना हो सके इसके लिए जन् प्रतिनिधियों को भी सक्रिय होना होगा तभी किसानों का शोषण रोका जा सकता है।

एचआईवी के बारे में जागरूकता बढ़ाने पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने निकाली जागरूकता रैली

रायगढ़, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार हर साल 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा रायगढ़ जिले के सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों में एचआईवी संक्रमण के बारे में जागरूकता बढ़ाने, एड्स के बारे में शिक्षित करने और इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए प्रयास करने हेतु शिविरों का आयोजन किया गया तथा जागरूकता रैली निकाली गई।

जागरूकता रैली और शिविरों के माध्यम से लोगों को एचआईवी से जुड़े कई मिथक की भी जानकारी दी गई, जैसे यह एक आम मिथक है कि एचआईवी केवल यौन संचारित होता है, एचआईवी संक्रमित खून, सीरम या अन्य शरीर के तरल पदार्थों के संपर्क मे आने से भी फैल सकता है, यह एक और आम मिथक है कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को पहचानना आसान है, जबकि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति दिखने में सामान्य हो सकता है। एचआईवी संक्रमण के कोई स्पष्ट लक्षण नही है और एचआईवी संक्रमण के शुरूआती चरण में कोई लक्षण दिखाई नहीं दे सकते हैं तथा सबसे महत्वपूर्ण कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति लंबे समय तक नहीं जी सकते, जबकि एचआईवी संक्रमण के बाद भी लोग लंबे और स्वस्थ्य जीवन जी सकते हैं, एंटीवायरल दवाओं के साथ एचआईवी संक्रमित लोगों का जीवनकाल सामान्य लोगों के समान ही होता है।

जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस तरह से संविधान की उदेशिका में एक-एक शब्द समानता को दर्शाता है। उसी प्रकार युवाओं को संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों को अपने जीवन में अपनाना एवं उसकी पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ संविधान के प्रावधानों से परिचित होना ही पर्याप्त नहीं है अपितु हमें उसे व्यवहार में शामिल करने की भी आवश्यकता है।

सार-संक्षेप

मतगणना स्थल क्षेत्र नगर निगम अंतर्गत संचालित समस्त देशी व विदेशी मंदिरा दुकानें रहेंगी बंद

रायगढ़, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत मतगणना तिथि 3 दिसम्बर 2023, दिन-रविवार को मतगणना स्थल क्षेत्र नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत संचालित देशी मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ), कंपोजिट मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट), विदेशी मदिरा दुकानों (एफ.एल.-1 घघ), होटल बारों (एफ.एल.-3)तथा भंडारण भंडागार को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस में मदिरा का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुष्क दिवस पर जिन मदिरा दुकानों को बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी हुआ है। इनमें देशी मदिरा दुकान अंतर्गत चक्रधर नगर, बड़े रामपुर, सावित्री नगर, बोईरदादर, कोढ़ीपारा, कम्पोजिट बड़पारा एवं कम्पोजिट मटन मार्केट शामिल है। इसी तरह विदेशी मदिरा दुकान अंतर्गत चक्रधर नगर, बड़े रामपुर, सावित्री नगर, बोईरदादर, कोढ़ीपारा, जूटमिल, विजयपुर एवं प्रीमियम वि.म.दु.केवड़ाबाड़ी शामिल है। एफ.एल.-3 होटल बार में केकी बार, रायगढ़, किनारा बार, ट्रिनिटी बार होटल ग्रेण्ड रायगढ़, होटल अंश इंटरनेशनल, रायगढ़ एवं एकार्ड चैन ऑफ होटल्स रायगढ़ बंद रहेंगे।

केआईटी गढ़उमरिया में 3 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी मतगणना

रायगढ़, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु रायगढ़ जिले के 04 विधानसभा क्षेत्र के लिए किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, (के.आई.टी) गढ़उमरिया रायगढ़ को मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है। रायगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ के लिए मतगणना 3 दिसम्बर 2023 को प्रातः 8 बजे से किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, (के.आई.टी) गढ़उमरिया रायगढ़ में मतगणना प्रारंभ किया जायेगा।

चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आशिमा हुई सम्मानित

बिलासपुर, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। आशिमा डेनियल को पुलिस विभाग द्वारा सम्मान किया गया। आशिमा डेनियल जिला चिकित्सालय में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। उनको चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा निजात कार्यक्रम में सम्मान किया गया।

उसलापुर में निगम कार्रवाई के दौरान हुआ जमकर विवाद

बिलासपुर, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद निगम अमला एक फिर सक्रिय हो गया है, वही निगम क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण और अवैध कब्जे पर एक बार फिर कार्यवाही शुरू हो गई है, इसी कड़ी में गुरुवार को नेहरू चौक से महाराणा प्रताप चौक एवं जेल रोड तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, इसी तरह शुक्रवार को पारिजात गृह निर्माण नेहरू नगर में पक्के अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई निगम अतिक्रमण शाखा द्वारा की गई, जिसके बाद अतिक्रमण की टीम उसलापुर रोड में पाटीदार भवन के पास पहुंची। जहां नाली खुदाई कार्य के दौरान त्रिमूर्ति हार्ड वेयर के संचालक ने नाले की खुदाई रोकने का दवाब बनाने लगे ।

जिससे निगम की टीम से जमकर विवाद हो गया,विवाद के वक्त पुलिस बल भी तैनात था, जिन्होंने मामले को शांत कराया, आपको बता दे यहां सड़क निर्माण के दौरान भी काफी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी, वहीं अब नाली खुदाई को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

उत्तरप्रदेश के दो सरगना अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

कबीर चबूतरा चेक पोस्ट पर पुलिस एवं आबकारी विभाग के संयुक्त सर्चिंग

अवैध देसी कट्टा, बटन दार चाकू, चार जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

गौरेला पेंड्रा मरवाही 01 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस एवं आबकारी विभाग की सर्चिंग के दौरान उत्तर प्रदेश के दो सरगना दो सरगना देसी कट्टा बटन दार चाकू चार जिंदा कारतूस वॉकी-टॉकी सेट सहित पकड़े गए हैं पुलिस ने दोनों आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर उत्तर प्रदेश पुलिस से इनके विरुद्ध दर्ज अन्य मामलों को कंगाल रही है, साथी छत्तीसगढ़ में हथियार के लिंक का पता लग रही है।

गौरेला पेंड्रा मरवाही पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 जिले में शांतिपूर्ण एवं निर्विवाद रूप से संपन्न कर लिया गया परंतु मतगणना के दौरान कोई अपराध या घटनाएं न घटे इस संबंध में गौरेला पेंड्रा मरवाही पुलिस द्वारा संघन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की जांच एवं बाहरी व्यक्तियों की पड़ताल के लिए दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं, इसी चेकिंग के दौरान मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ प्रवेश करने वाले कबीर चोक चेक पोस्ट बेरियल पर दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से संदिग्ध रूप से पार करते हुए दिखे पुलिस ने उनके आने-जाने के कारण एवं मोटरसाइकिल की जांच की तो उसमें में एक देसी कट्टा चार कारतूस एक बटनदार चाकू दो वाकी टांकी सेट एवं दो मोबाइल मिला जिसे मोटरसाइकिल सहित जप्त कर लिया गया, दोनों आरोपी संतोष मिश्रा पिता जगत नारायण मिश्रा उम्र 34 वर्ष सराय अकिल जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश एवं राजेश अग्रवाल पिता श्याम सुंदर उम्र 47 साल निवासी पत्थर रोड शंकरगढ़ जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश के हैं दोनों आरोपियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों में मामला दर्ज है साथ ही एक आरोपी जो गैंगस्टर ग्रुप में भी शामिल है पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर उत्तर प्रदेश पुलिस से जानकारी मंगा रही है। पुलिस की है जांच जारी है और इस बात का पता लग रही है कि यह दोनों युवक अवैध रूप से हथियारों की सप्लाई किस उद्देश्य से कहां कर रहे थे साथ ही जीवन में सामान रखे हुए हैं यह कहां से प्राप्त किया गया किसी बड़े अपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे थे इन सभी मामलों की पड़ताल एवं जांच जारी है जल्द ही पूरे मामले में यह तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं।

7 साल से लापता सहित 2 गुमशुदा को कोटा पुलिस ने किया बरामद

बिलासपुर, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा बिलासपुर जिले में गुमशुदा व्यक्तियों को त्वरित पतासाजी कर उसके परिजनों को सुपुर्द करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में अतिरिक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोटा टी.एस. नवरंग के नेतृत्व में लगातार गुम बच्चों, महिला/ पुरुषों की पतासाजी की जा रही है।

01दिनांक 14.04.2016 को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी पत्नी उम्र 28 साल साकिन डबरीपारा नवागांव दिनांक 14.04.2016 को घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं कि आस-पास, रिश्तेदारों से पतासाजी करने पर कोई पता नहीं चलने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर दिनांक 14.04.2016 को गुम इंसान क्रमांक 19/16 कायम कर पतासाजी में लिया गया। पता तलाश दौरान 07 साल बाद आज पता चला कि उक्त गुमशुदा मुडपार जांजगीर-चांपा में दिलीप कुमार जांगड़े के साथ शादी कर रह रही है। सूचना पर तत्काल तस्दीक कर थाना लाकर गुमशुदा से पूछताछ करने पर दिलीप कुमार जांगड़े से प्रेम संबंध होने से शादी कर मूडपार जांजगीर चांपा में रहना बतायी।

जिसे समक्ष गवाहन के बरामद कर प्रार्थी के समक्ष कोई आपत्ति नहीं होने से उसके दूसरे पति को सुपुर्द किया गया। 2. दिनांक 21.06.2023 को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की इसकी लड़की उम्र 18 साल 02 दिन साकिन देवरिहापारा कोटा दिनांक 19.06.2023 को घर में बिना बताये कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर गुम इंसान क्र. 66/23 कायम कर गुमशुदा पतासाजी में लिया गया। दौरान पतासाजी के पता चला कि उक्त गुमशुदा अमित राजपूत के साथ कोटा आयी है। सूचना पर तत्काल तस्दीक कर थाना लाकर बरामद किया गया। गुमशुदा से पूछताछ करने पर अमित राजपूत से प्रेम संबंध होने से घर से भाग कर शादी कर राजस्थान में रहना बतायी। जिसे समक्ष गवाहन के बरामद कर उसके पति अमित राजपूत को सुपुर्द किया।

महिलाओं का स्वास्थ जागरूकता सम्मेलन

बिलासपुर, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। आरोग्य भारती द्वारा प्रांतीय स्तर पर महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए सम्मेलन जिसमें राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला बिलासपुर से सभी पदाधिकारी एवं संगठन की बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रोग्राम माउंट लिटरा स्कूल उसलापुर में रखा गया जो की स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर संजना तिवारी के सहयोग से संपन्न हुआ।

आरोग्य भारती की प्रांत महिला प्रमुख प्रतिभा पांडे जी ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर सभी अनुभवी डॉक्टर एवं चिकित्सकों को आमंत्रित कर यह सम्मेलन का संचालन किया जिला स्तर पर संगीता शर्मा जी ने बिलासपुर जिले से हर वर्ग के लोगों को आरोग्य भारती के अंतर्गत इस स्वास्थ्य प्रोग्राम में आमंत्रित किया जिसमें घरेलू उपचार के साथ-साथ योग अभ्यास के जरिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से दूर रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

इसमें राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ से जिला बिलासपुर की अध्यक्ष अर्चना तिवारी शारदा तिवारी माया बाजपेई संजना मिश्रा एवं विभिन्न वर्ग की बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर सभी जिला से ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

९० विधानसभाओं में सभी श्रेणीयों में...

और जिला स्तर पर भी इसकी जानकारी से सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा रहा है। मतगणना तिथि को ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम से विधानसभा की मतपेटियां अभ्यर्थियों/ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा के साथ प्रातः मतगणना स्थल तक ले जाई जाएंगी 7 इस संबंध में सभी जिलों को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना तिथि को सबसे पहले 8 बजे से डाक मतपत्रों की गणना प्रारम्भ की जाएगी और उसके आधे घंटे पश्चात् ईवीएम मशीन के मतों की गणना प्रारम्भ होगी।

दो डिस्टलरी की ...

पेटी एवं 33 नग मदिरा को जप्त किया जाकर विधिवत कार्यवाही की गई। आसवक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् मदिरा में पाई गई कीड़े एवं कचरे को आसवक की लापरवाही मानते हुए तथा तीनों बैच नंबर की मदिरा को 03 प्रकरण मानते हुए 50-50 हजार रूपये का शास्ति अधिरोपित की गई हैं। इस मदिरा को मानव सेवन के लिए संभावित हानिकारक मानते हुए समस्त मदिरा को नष्ट करने का आदेश दिया गया है। साथ ही मेसर्स को समस्त मदिरा का वर्तमान विक्रय दर के आधार पर रूपये 2 करोड़ 29 लाख 27 हजार 440 रूपए का भुगतान छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड को किये जाने का आदेश दिया गया है।

इसी प्रकार मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड, ग्राम-खपरी, कुम्हारी, जिला-दुर्ग द्वारा जिला दुर्ग एवं बालोद में आपूर्ति की गई देशी मदिरा प्लेन के पाव में कचरा एवं कीड़ा पाये जाने की शिकायत की जांच पर बैच नंबर 165 एवं 167 के अंतर्गत भरी गई मदिरा में कचरा एवं कीड़ा युक्त होना पाया गया जिस पर जिला-दुर्ग की कुल 908 पेटी 24 नग एवं जिला-बालोद की 310 पेटी मदिरा को जप्त किया जाकर विधिवत कार्यवाही की गई। आसवक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् मदिरा में पाई गई कीड़े एवं कचरे को आसवक की लापरवाही मानते हुए तथा दोनों बैच नंबर की मदिरा को 02 प्रकरण मानते हुए 50-50 हजार रूपये का शास्ति अधिरोपित की गई। इसी प्रकार उक्त मदिरा को मानव सेवन के लिए हानिकारक संभावित मानते हुए समस्त मदिरा को नष्ट करने का आदेश दिया गया है। साथ ही समस्त मदिरा का वर्तमान विक्रय दर के आधार पर रूपये 46 लाख 79 हजार 40 रूपए का भुगतान छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड में किये जाने का आदेश दिया गया है। डिस्टलरीयों द्वारा त्रुटिपूर्ण देशी मदिरा की आपूर्ति करने की आसवक की प्रवृत्ति को घोर लापरवाही मानते हुए वर्तमान विक्रय दर के आधार पर छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड को भुगतान दिये जाने का आदेश आसवक को दिया गया है, वहीं ऐसी समस्त मदिरा को नष्ट किये जाने का आदेश भी दिया गया है। भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि की पुनरावृत्ति न करने संबंधितों को सचेत भी किया गया है।

निधन

रामप्रताप यादव का निधन

बिलासपुर। भंडारी प्लाट बंधवापारा, सरकंडा निवासी रामप्रताप यादव का 55 वर्ष की आयु में 30 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे छत्तीसगढ़ स्कूल के प्रयोगशाला में परिचारक थे। वे पिंटू, रिंकू व मोना यादव के पिता थे।

एड्स दिवस के अवसर पर एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन

तखतपुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। शास.जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर में एड्स दिवस के अवसर पर रेडक्रास के तत्वावधान में एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ मधुलिका लाल ने कहा कि एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए छात्रों को जागरूकता फैलाने की बात की। खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तखतपुर से आए डॉ सुनिल हंसराज ने एड्स के लक्षण और उसके रोकथाम के उपाय को बताया। संचालन श्रीमती इन्दू कौशल एवं आभार प्रदर्शन डॉ सीमा मनीषा नाथ ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डां एस एन लदेर, डा मीना शर्मा, डां एक के पांड़े, डां राजीव शर्मा, डां सस्मिता बरगाह, डां पार्वती पटेल, श्रीमती मीरा गुप्ता, सिमरन टेकचंदानी, रजनी बारले,अंजित नेताम, एके जिज्ञासी, जयशंकर यादव, लता चंद्रवंशी, संजय यादव,प्रकाश कौशिक, रानू साहू, स्वाति पाण्डेय, सागर सिंह, वसीम अली, सरिता केनार, मेघा थवाइत, कंचन कश्यप,अमर आर्मो सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में भी आयोजन एड्स दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बीएमओं डां सुनील हंसराज ने एचआईवी तथा एड्स के फैलने व उसके रोकथाम पर विचार रखा। इस अवसर पर माजीद अली, दीपक पाण्डेय, वैभवी, केशर सिंह, डां प्रमोद श्रीधर, एलडी बंजारा, कंचन माला मसीह सहित अन्य उपस्थित थे।

देश

उवाच

लोकतंत्र में बदमाशी, उत्पीड़न व संप्रदायवाद के लिए कोई जगह नहीं है, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और पूजा की स्वतंत्रता और समानता का संदेश हमारे संविधान की आत्मा है।

-फारूक अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	22	19
मुंबई	27	24
कोलकाता	27	2
चेन्नई	27	26

मध्य प्रदेश में एग्जिट पोल पर राजनीति तेज

■ एग्जिट पोले के आंकड़ों पर भाजपा उत्साहित तो कांग्रेस सतर्क ■ कांग्रेस ने एग्जिट पोल को बताया ध्यान भटकाने का षड्यंत्र

भोपाल, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम तीन दिसम्बर को आएंगे, लेकिन गुरुवार को सामने आए एग्जिट पोल ने कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल बना दिया है। नतीजों से पहले आए इन टेंपरेरी परिणामों पर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा इन एग्जिट पोल से खासी उत्साहित नजर आ रही है और एग्जिट पोल में दिखाए जा रहे नतीजों के लिए अपनी योजनाओं, नरेंद्र मोदी और कार्यकताओं की मेहनत को श्रेय दे रही है, जबकि कांग्रेस एग्जिट पोल को ध्यान भटकाने का षड्यंत्र बता रही है।

कांग्रेस का कहना है कि उन्हें इन नंबरों पर विश्वास नहीं। देश विजन से चलता है टेलीविजन से नहीं। कांग्रेस का दावा है कि उनकी सरकार बन रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को मैं उनका बल याद दिलाना चाहता हूं। आप लोग कांग्रेस की शक्ति हैं और आपकी मेहनत और समर्पण से ही जनता ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर वोट डाला है। 3 दिसंबर को जब मतगणना शुरू होगी तो कांग्रेस की सरकार पर जनता की मोहर लग जाएगी। मैंने हमेशा आपसे कहा है कि देश विजन से चलता है, टेलीविजन से नहीं। बहुत से एग्जिट पोल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती हुई दिखाई दी है जबकि कुछ एग्जिट पोल अन्य तरह की बात कर रहे हैं। आपको इस सबसे अपना ध्यान भटकने नहीं देना है। अर्जुन की तरह आपको निगाहें सिर्फ अपने

लक्ष्य पर रखनी है। आपको अपना पूरा ध्यान मतगणना के दिन पर लगाना है और यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस को मिला एक-एक वोट सही से गिना जाए और प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बने। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे इतने डायवर्स हैं कि उसमें कुछ कह नहीं सकते, इतना मैं कह सकता हूं कि इस चुनाव में मध्य प्रदेश के अंदर 130 सीटों से ज्यादा कांग्रेस पार्टी को मिलेगी। स्पष्ट बहुमत मिलेगा। लोगों में एक भावना थी बदलाव की। और बदलाव का वोट मिलेगा, जनता चुनाव लड़ी है।

कांग्रेस का छोटा कार्यकर्ता चुनाव लड़ा है। लोग ऊब चुके हैं, शिवराज सिंह चौहान उनके झूठे वादों से और भारतीय जनता पार्टी के दुष्कर्मों से भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से। जीतू पटवारी ने किया कि आशा और उम्मीद की सरकार, आ रही कांग्रेस सरकार। मध्य प्रदेश में तीन दिसंबर को नया सवेरा होने जा रहा है, हमें विचलित होने की आवश्यकता नहीं है। मतगणना में हम सभी सत्तापक्ष के षड्यंत्र से सतर्क रहे। जीत हमारी होगी। वहीं मध्य प्रदेश में पांचवीं बार सीएम बनने के सवाल पर शिवराज सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने मध्य प्रदेश में प्रगति और विकास किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अचूक रणनीति, जेपी नड्डा का मार्गदर्शन और जनता का आशीर्वाद हमें मिल रहा है। वही, केंद्र और राज्य के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मन निधि योजना, लाड़ली बहन योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना ने महिलाओं के जीवन बदलने का काम किया है। महिलाओं का भारतीय जनता पार्टी को सहयोग मिला है। इसी सहयोग और आशीर्वाद के चलते मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। सीएम शिवराज सिंह चौहान पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनेंगे, इस सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद। मध्य प्रदेश में 2003 के परिणाम 2023 में दोहराते हुए दिखते हैं, इसके पीछे विकास के मॉडल के तीन स्तंभ गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य देना है। मोदी जी का मॉडल विकास और विरासत का मॉडल है। इससे साफ है कि मोदी के मन में एमपी है और एमपी के मन में मोदी हैं। उमा भारती ने दावा किया कि वे भविष्यवाणी करते हैं कि एक पार्टी 112 से 130 सीटें (मध्य प्रदेश की 230 सीटों में से) के बीच जीतेगी। अब, अगर उस पार्टी को 112 सीटें मिलती हैं और चुनाव हार जाती है, तो एग्जिट पोल करने वालों का दावा है कि वे सही साबित हुए हैं, लेकिन अगर उस पार्टी को 120 सीटें मिलती हैं और वह जीतती है, तो एग्जिट पोल का दावा है कि उनकी भविष्यवाणी सही थी।

मतगणना पर टिकी राजनीतिक दलों की नजर

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 230 सीटों के लिए 17 नवम्बर को मतदान हुआ था और मतगणना तीन दिसम्बर को होगी। चुनाव में इस बार रिकार्ड 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। अब तीन दिसम्बर को राजनीतिक दलों की नजर टिक गई है। अपनी-अपनी जीत का दावा करे रहे हैं राजनीतिक दल। एग्जिट पोल को लेकर सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि यह एग्जिट पोल है या प्रीपेड पोल है। कुछ मीडिया घरानों को मैनेज करके मध्य प्रदेश के अधिकारियों को दिग्भ्रमित करना और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आत्मविश्वास को तोड़ने का काम भाजपा कर रही है। गत दिनों एक्जिट पोल का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें उस संस्था के प्रमुख लोग ही एग्जिट पोल पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। फिर उस एग्जिट पोल को सही कैसे माना जाए।

राजस्थान में भाजपा-कांग्रेस के बागियों पर सबकी नजर

जयपुर, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। पिछले विधानसभा चुनावों में प्रदेश की गहलोत सरकार बहुमत से एक सीट कम रह गई थी। इसके बाद 13 निर्दलीय विधायकों का समर्थन लेकर अशोक गहलोत ने राजस्थान में अपनी सरकार चलाई। इस बार भी एग्जिट पोल कुछ इसी तरह का इशारा कर रहे हैं।

कांग्रेस और भाजपा के दोनों ही दलों के दमदार बागी चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा कुछ सीटें ऐसी भी जहां आरएलपी, आजाद समाज पार्टी, बसपा समेत कई अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भी भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों को कड़ी चुनौती दी है। यही कारण है कि प्रदेश की 21 सीटें ऐसी हैं, जिनके चुनाव परिणाम पर पूरे प्रदेश की नजरें टिकी हैं।

ऐसे में कांग्रेस और भाजपा बागी और स्वतंत्र उम्मीदवारों से मिल रहे हैं ताकि बहुमत के आंकड़े से कम होने की स्थिति में सुरक्षित रह सकें। आरएलपी, बीएसपी, भारतीय आदिवासी पार्टी और सीपीआई (एम) जैसे तीसरे मोर्चे के दल राज्य में संयुक्त रूप से 12 से 17 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। उनके

■ दस निर्दलीय भी अपनी जीत को लेकर है आश्वस्त

अलावा करीब 10 निर्दलीय भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। यदि ये दावे सच साबित होते हैं, तो उनकी झोली में कुल मिलाकर लगभग 25 सीटें होंगी और इस प्रकार त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में, ये दल और स्वतंत्र उम्मीदवार राज्य में किंग मेकर की भूमिका निभा सकते हैं। भाजपा जहां 130 सीटें जीतने का दावा कर रही है, वहीं पार्टी सूत्रों का कहना है कि वह बागियों के समर्थन से बहुमत प्राप्त कर लेगी।

पिछली बार से कम रह सकती है अन्य की संख्या

बताया जा रहा कि इस बार निर्दलियों और अन्य दलों के विधायकों की संख्या पिछली बार के मुकाबले कम रहने की संभावना है। इसका एक कारण यह माना जा रहा है कि पिछली बार बसपा के छह विधायक थे और बसपा का ट्रेंड रहा है कि वह एक चुनाव में अच्छा करती है और दूसरे में उसका प्रदर्शन डाउन चला जाता है। ऐसे में निर्दलीय और अन्य दलों के विधायकों की संख्या 2 के आसपास रह सकती है।

सार संक्षेप

मध्य प्रदेश में कोई कांटे की टक्कर नहीं : शिवराज

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कई एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत की ओर प्रदर्शित करने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य में कांटे की टक्कर जैसी कोई बात नहीं है और फिर एक बार भाजपा की सरकार बनना स्पष्ट हो रहा है। चौहान ने कल रात अपने बयान में कहा कि वे पूर्व में भी कह चुके हैं कि प्रदेश में कांटे की टक्कर जैसी कोई बात नहीं है। जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति प्रेम, प्रधानमंत्री का नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा का मार्गदर्शन, पार्टी के कार्यकर्ताओं का अनथक परिश्रम, सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं और राज्य के विकास ने बता दिया है कि भाजपा की बहुमत से सरकार बनेगी।

मतदान के बाद बदली गईं पांच ईवीएम : कांग्रेस

भोपाल। मप्र में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब लोगों को बड़ी ही बेसब्री से मतगणना का इंतजार है। अब एक बार फिर ईवीएम मशीन को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। प्रदेश की हॉट सीट में शुमार सेमरिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अभय मिश्रा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पांच ईवीएम में बदलाव किए गए। अभय मिश्रा ने बताया कि इसकी शिकायत करने पर रिटर्निंग ऑफिसर सही से जवाब भी नहीं दे पाए। प्रदेश के रीवा में सेमरिया सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार अभय मिश्रा ने मतगणना से ठीक 48 घंटे पहले एक बड़ा धमाका करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। गुरुवार की देर शाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचे सेमरिया विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अभय मिश्रा ने कहा कि उनके हाथ कुछ ऐसे दस्तावेज लगे, जिसके बाद वह मामले की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

जयपुर में मतगणना के लिए की गई विशेष व्यवस्था

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव के तहत जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों की मतगणना रविवार सुबह आठ बजे से जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में शुरू होगी जहां विशेष व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके तहत तय मार्ग से ही चुनाव प्रत्याशियों, मतदानकर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा साथ ही राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में विधानसभावार वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर चार से वाहन सहित प्रवेश करेगें।

छग में सीमांत सीटें बन सकती हैं सरकार गठन की कुंजी

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। एबीपी-सीवोटर एग्जिट पोल के अनुसार छत्तीसगढ़ में सीमांत सीटें सरकार गठन की कुंजी हो सकती हैं। एग्जिट पोल के आंकड़ों के मुताबिक, कांग्रेस को 41 से 53 सीटें मिलने का अनुमान है। पार्टी को 43.4 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है, जो 2018 की तुलना में थोड़ा ज्यादा है। भाजपा को 36 से 48 सीटें मिलने का अनुमान है। हालांकि, राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से 28 सीमांत सीटें हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर सत्ता समर्थक और सत्ता विरोधी कारकों को ध्यान में रखा जाए तो परिणाम क्या होंगे। परिदृश्य एक में, यदि सभी सीमांत सीटें सत्ता विरोधी हो जाती हैं, तो कांग्रेस को 29 से 35 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि भाजपा के 54 से 60 सीटें जीतने की संभावना है। अन्य को राज्य में 0 से 3 सीटें जीतने का अनुमान है। परिदृश्य दो में, यदि सभी सीमांत सीटें सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में जाती हैं, तो कांग्रेस को 56 से 62 सीटें जीतने की संभावना है, जबकि भाजपा 27 से 33 सीटें जीत सकती है। अन्य को 0 से 3 सीटें जीतने का अनुमान है। चुनावों से पहले आक्रामक प्रचार करने वाली कांग्रेस राज्य में लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है, जबकि भाजपा भी खनिज समृद्ध राज्य में सत्ता में वापस आने की उम्मीद कर रही है। 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए वोटों की गिनती 3 दिसंबर को

मध्य प्रदेश में भाजपा ने हर नागरिक का भरोसा तोड़ा : कांग्रेस

मतगणना से पहले कांग्रेस के बड़े नेताओं ने संभाली कमान

भोपाल, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के परिणाम में अब चंद घंटे शेष हैं। मतगणना से पहले अब कांग्रेस के बड़े नेताओं ने कमान संभाली है और दावा किया है कि तीन दिसंबर को कांग्रेस की सरकार बन रही है। एग्जिट पोल में अधिकांश प्रदेश में भाजपा को बढ़त दिखा रहे हैं। इससे कांग्रेस नेताओं में भी खलबली है।

इसे लेकर अब कांग्रेस महासचिव और मप्र प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला का बयान सामने आया है। उन्होंने मप्र में 135 सीटों के साथ कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया है और बताया है भाजपा और सर्वे दोनों हार रहे हैं। सुरजेवाला ने कहा कि यह चुनाव मध्य प्रदेश की जनता बनाम भाजपा के घोटाले तथा नाकामियों के बीच था। हम पूरे आत्मविश्वास से कह सकते हैं कि जनता की जीत होगी। भारतीय जनता पार्टी उस तथाकथित सर्वे के भरोसे है, जिस सर्वे पर सर्वे करने वाली एजेंसी को खुद ही

■ मप्र विधानसभा चुनाव में भाजपा व सर्वे दोनों हार रहे हैं : **रणदीप सिंह सुरजेवाला**

भरोसा नहीं है क्योंकि भाजपा सरकार ने प्रदेश के हर नागरिक का भरोसा तोड़ा है। भर्ती घोटालों में युवाओं के भविष्य से लेकर बच्चों के पोषण आहार तक लूट की है।

आदिवासी अपमान से लेकर महाकाल लोक में भगवान तक किसी को नहीं छोड़ा है। मध्यप्रदेश में ज्यादातर सर्वे एजेंसियां कांग्रेस की प्रचंड बहुमत की जीत दिखा रही हैं ,मगर भाजपा सिर्फ उस सर्वे पर भरोसा कर रही है जिस पर खुद सर्वे दिखाने वाला चैनल भरोसा नहीं कर रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा मतगणना वाले दिन प्रशासन पर दबाव बनाने की बदनीयती रखती है। जिसका उदाहरण हमें बालाघाट की पोस्टल बैलेट में गड़बड़ी करने की कोशिश से साफ नजर आता है। सुरजेवाला ने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के ऊर्जावान साथियों, सूर्य ने संध्या काल में अस्त होते हुए पूछा कि सुबह तक इस अंधियार से लड़ने का दायित्व कौन लेगा। तब एक दीपक ने कहा कि इस घनघोर अंधियार से सूर्य की पहली किरण तक मैं पूरी दृढ़ता से लड़ूंगा।

दिग्विजय को पार्टी की जीत का भरोसा

भोपाल। मध्य प्रदेश में चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल के पूर्वानुमान वास्तविकता से बहुत दूर हैं। नेता ने विश्वास जताया कि सबसे पुरानी पार्टी मध्य प्रदेश में सरकार बनाएगी। यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पिछले दो दशकों से भाजपा के भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं और उन्होंने बदलाव के लिए मतदान किया है। सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे अलग-अलग हैं। हम इसके बारे में कुछ नहीं कह सकते। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि कांग्रेस को मध्य प्रदेश में 130 से अधिक सीटें और स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोग परिवर्तन चाहते हैं जिसके लिए कांग्रेस को वोट मिलेंगे। लोग शिवराज सिंह चौहान और उनके झूठे वादों से तंग आ चुके हैं।

तेलंगाना में तीन विधानसभा क्षेत्रों में हो दोबारा मतदान : कांग्रेस

एआईएमआईएम पर लगाया फर्जी मतदान करने का आरोप

हैदराबाद, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना कांग्रेस ने हैदराबाद के पुराने शहर के तीन विधानसभा क्षेत्रों चंद्रयानगुट्टा, चारमीनार और बहादुरपुरा में 30 नवम्बर को हुए मतदान के दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसल्मीन (एआईएमआईएम) के कार्यकर्ताओं पर शुक्रवार को धांधली और फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से पुनर्मतदान का आग्रह किया। चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग समन्वय समिति के अध्यक्ष जी. निरंजन ने आयोग से यह पता लगाने के लिए वेब और सीसी कैमरों की जांच पूरी होने तक तीन

विधानसभा क्षेत्रों में वोटों की गिनती को रोकने का अनुरोध किया है। इन विधानसभा क्षेत्रों में एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं पर धांधली और फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया गया है। एएमआईएम नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं पर हमला करने का भी आरोप है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान के दौरान तनावपूर्ण माहौल बनाया गया और एएमआईएम को छोड़कर किसी भी अन्य पार्टी एजेंट को मतदान केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य दलों के एजेंट की अनुपस्थिति के दौरान एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने जमकर फर्जी मतदान और धांधली की थी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं के इस तरह के व्यवहार के कारण उनकी जांच करने में असमर्थ दिखाई दिए थे। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से दोषियों पर मामला दर्ज करने के लिए इन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर व्यवस्थित सभी वेब कैमरों और सीसी कैमरों की जांच करने का अनुरोध किया।

केसीआर ने चार दिसम्बर को तेलंगाना कैबिनेट की बैठक बुलाई

हैदराबाद, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने 4 दिसंबर को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक दोपहर 2 बजे होगी। बैठक डॉ. बी.आर. अंबेडकर सचिवालय में होगी, वोटों की गिनती के एक दिन बाद। ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त दिखाए जाने के बावजूद सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सत्ता बरकरार रखने को लेकर आश्वस्त है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामा राव ने एग्जिट पोल को %बकवास% कहकर खारिज कर दिया और भविष्यवाणी की कि बीआरएस 119 सदस्यीय विधानसभा में 7 से अधिक सीटों के साथ एक बार फिर सरकार बनाएगी।

राजस्थान में 36 केंद्रों पर लगाई 1121 एआरओ की ड्यूटी

मतगणना को लेकर हुई तैयारियों की हुई समीक्षा

जयपुर, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मतगणना की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 की मतगणना के लिए मतगणना केंद्रों पर माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिसम्बर को सुबह 8 बजे से सभी केंद्रों पर पोस्टल बैलेट और 8.30 बजे से ईवीएम के माध्यम से मतगणना आरंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सभी 36 केंद्रों पर मतगणना के लिए 1121 एआरओ की ड्यूटी लगाई गई है।

जयपुर, जोधपुर एवं नागौर में दो-दो केंद्रों पर और शेष 30 निर्वाचन जिलों में एक-एक केंद्र पर वोटों की गिनती की जाएगी। गुप्ता ने बताया कि 51890 मतदान केंद्रों पर ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना के लिए मतगणना

केंद्रों पर 2524 टेबल लगाई गई हैं। इनमें कुल 4245 राउंड में मतों की गिनती का कार्य पूरा होगा। शिव विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना सर्वाधिक 41 राउंड तक चलेगी, जबकि अजमेर दक्षिण के लिए मतगणना 14 राउंड में ही पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल और उसके आस-पास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। मतगणना प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा इंतजामों के अंतर्गत केंद्रीय पुलिस बल और आरएएसी की व्यापक तैनाती की जाएगी।

चुनाव *मध्य प्रदेश में मतगणना को लेकर तैयारियां तेज*

प्रदेश में अंत तक नहीं रोके जाएंगे पोस्टल बैलेट के परिणाम

भोपाल, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि इस बार पोस्टल बैलेट के परिणाम अंत तक नहीं रोक जाएंगे बल्कि इनकी काउंटिंग पूरी होते ही इनके परिणाम बता दिए जाएंगे। राजन ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मतगणना की तैयारियों को लेकर पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि।

पहले पोस्टल की गिनती होगी। 8 बजे से ईवीएम की गिनती शुरू हो जाएगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होते ही नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। प्रत्येक राउंड की गणना के बाद इसकी जानकारी प्रत्याशी या उसके एजेंट को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हर मशीन में ये किस कैंडिडेट को कितने वोट मिले हैं यह भी पोलिंग एजेंट को बताया जाएगा। स्ट्रांग रूम से मतगणना हाल तक मशीन पहुंचने के लिए

■ गिनती पूरी होते ही की जाएगी घोषणा

विधानसभा क्षेत्र बार अलग-अलग रास्ते और व्यवस्था निश्चित की गई है जिसका सीसीटीवी कवरेज किया जाएगा। सर्विस वोटर कल रात 8 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। अनुपम राजन ने बताया कि सभी विधानसभाओं के लिए अलग-अलग हॉल बनाए गए हैं। सामान्यत: 14 टेबल एक विधानसभा के लिए लगाए जाते हैं, लेकिन कुछ विस ऐसी हैं जहां मतदान केंद्रों की संख्या बहुत ज़्यादा है। इसको देखते हुए कई विधानसभा क्षेत्र में 14 से ज्यादा टेबल केन्द्रीय चुनाव आयोग से अनुमति लेकर लगाए गए हैं। ताकि परिणाम जल्दी आ सकें। पांच से 10 घंटे के बीच में नतीजे आने की उम्मीद। काउंटिंग की लाइव वेब स्ट्रीमिंग नहीं होगी। मतगणना कक्ष में मोबाइल प्रतिबंध रहेगा। फोटो खींचना और वीडियो बनाना भी प्रतिबंधित रहेगा। केकुलेटर पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि बिना पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। तीन तारीख तक सुबह पांच बजे तक किसी को भी पता नहीं रहेगा कि वो किस टेबल पर काउंटिंग करेगा। मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन 3 स्तर पर किया गया है। इसके साथ ही हर विधानसभा के लिए एक ऑब्जर्बर है जो जिलों में पहुंच चुके हैं। कोई भी ऐसा व्यक्ति, जिसको केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई है, साथ ही केंद्र और राज्य के मंत्री, वर्तमान सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिक निगम के अध्यक्ष, केंद्र तथा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष एवं सदस्य, शासकीय प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्य, आंगनवाड़ी कर्मचारी, शासकीय पैरामेडिकल स्टाफ, शासकीय संस्था अथवा शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था से मानदेय प्राप्त कर रहे या किसी शासकीय संस्था में अंशकालिक सेवाएं दे रहे व्यक्ति, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के डीलर्स और शासकीय सेवक मतगणना के लिए किसी भी अभ्यर्थी के एजेंट नियुक्त नहीं किए जा सकेंगे।

अभिमत

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को बंद करने की मांग की जा रही है। यह स्कीम बहुत महंगी है और इसने भारतीयों की वास्तविक सोने के लिए अतृप्त भूख में सेंध नहीं लगाई है। लेकिन ऐसा कोई भी फैसला जल्दबाजी और समय से पहले होने वाला साबित होगा। खासकर छोटे खुदरा निवेशकों को केन्द्र में रखते हुए गोल्ड बॉन्ड स्कीम को अधिक आक्रामक तरीके से बेचने की जरूरत है।

गोल्ड बॉन्ड बंद करने की जल्दबाजी न की जाए

डॉ.अजीत रानाडे

केंद्र सरकार ने 8 साल पहले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पेश किया था। उस समय से भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से बेचे जाने वाले इन बॉन्डों को समय-समय पर हर कुछ महीनों में बेचा जाता रहा है। अब तक ऐसी 62 किस्तें बेची जा चुकी हैं। प्रत्येक बॉन्ड की समयावधि 8 साल की है इसलिए पहली किस्त में बेचे गए बॉन्ड अपनी परिपक्वता तक पहुंच गए हैं। उन्हें वास्तविक नकदी के लिए भुनाया जा सकता है। सरकार बॉन्ड की वापसी स्वीकार करेगी और निवेशक के खाते में नकद रकम जमा करेगी। निवेशक इन बॉन्डों को पांच हजार रुपये (एक ग्राम के बराबर) या कुछ करोड़ रुपये (प्रति व्यक्ति 4 किलोग्राम सोने के बराबर) के रूप में खरीद सकते हैं।

इन बॉन्डों के कई फायदे हैं। पहला फायदा यह है कि वे डीमैट फॉर्म में हैं इसलिए पुराने किसान विकास पत्र या ऐसे अन्य किसी बॉन्ड के विपरीत किसी भी कागज को भौतिक रूप से रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। दूसरे, यह बॉन्ड सोने की वास्तविक इकाइयों का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए यह केवल डीमैट रूप में सोना खरीदने जैसा ही है। जिसका मतलब है कि जब आप बॉन्ड को भुनाते हैं तो यह वास्तविक सोने को भुनाने जैसा है। आपको सोने में मूल्य वृद्धि से लाभ होता है। सोने की कीमत दो कारणों से बढ़ जाती है। सोना तब महंगा होता है जब अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाज और बुलियन निवेशक एक सुरक्षित आश्रित साधन के रूप में इसे भारी मात्रा में खरीदना शुरू कर देते हैं। रुपये की डॉलर विनिमय दर में गिरावट के बावजूद भारत में सोने की कीमत बढ़ सकती है। गोल्ड बॉन्ड का तीसरा फायदा यह है कि इसे लोन के लिए समानान्तर साधन के तौर पर गिरवी रखा जा सकता है। चौथा लाभ यह भी है कि बॉन्ड की अंतिम बिक्री पर किए गए पूंजीगत लाभ को करों से छूट दी गई है। पांचवां लाभ यह है कि निवेशक को न केवल मूल्य में वृद्धि का दोगुना मूल्य वृद्धि लाभ मिलता है बल्कि सरकार द्वारा निवेशक को दिया 2.5 प्रतिशत ब्याज का टॉपअप भी मिलता है।

जब पहली किस्त के निवेशक अपने गोल्ड बॉन्ड को भुनाएंगे तो उन्हें 8 साल में सालाना 12 प्रतिशत से अधिक का कर लाभ होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि नवंबर 2015 में सोने की कीमत 2684 रुपये प्रति ग्राम थी जो अब दोगुने से ज्यादा बढ़कर करीब 6000 रुपये हो गई है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपया 33 फीसदी की गिरावट के साथ 62 से 82 पर आ गया है। इस प्रकार निवेशक ने पिछले आठ वर्षों में प्रति वर्ष लगभग 13.8 प्रति सैकड़ा के शेयर बाजार रिटर्न की तुलना में 8 वर्षों के लिए कर-बाद के आधार पर 12 प्रतिशत का शानदार वार्षिक लाभ कमाया है। यह ध्यान रखने वाली बात है कि सोने का रिटर्न जोखिम मुक्त है और शेयर बाजार में तेजी आई है तब भी सोने ने शानदार फायदा दिया है।

डीमैट गोल्ड बॉन्ड बेचकर सरकार सोने के लिए भारतीयों की अतृप्त भूख को कम करने की उम्मीद कर रही थी। हर साल भारत लगभग 1000 टन सोने का आयात करता है जिस पर औसत 50 से 80 अरब डॉलर की कीमती विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सरकार ने सोने पर 12.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया है। यह अफसोस की बात है कि गोल्ड बॉन्ड स्कीम और कड़े आयात शुल्क जैसे दो कदम उठाने के बावजूद सोने के आयात पर कोई असर नहीं पड़ा है। यह सही है कि 2022-23 में सोने का आयात पिछले साल की तुलना में 24 फीसदी कम रहा और खर्च अब लगभग 40 अरब डॉलर है जो पहले की तुलना में कम है लेकिन सोने का आयात विदेशी मुद्रा पर के निकास का प्रतिनिधित्व करता है जो व्यापार घाटे वाले देश के लिए अच्छा नहीं है। डॉलर का निर्यात देश में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के शुद्ध लाभ को भी कम करता है।

सरकार को उम्मीद थी कि निवेशकों को काफी आकर्षक शर्तों पर गोल्ड बॉन्ड बेचकर वह कम से कम कुछ निवेशकों को तो वास्तविक सोने से दूर कर सकेगी। गोल्ड बॉन्ड द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए सोने का बकाया स्टॉक अब तक लगभग 110 टन है जो हमारे वार्षिक आयात का सिर्फ दसवां हिस्सा है। गोल्ड बॉन्ड की बिक्री के कारण सरकार द्वारा कुल उधार लगभग 64,000 करोड़ रुपये है किन्तु इस उधार की लागत प्रति वर्ष 10 प्रतिशत से अधिक रही है जो उस लागत से बहुत अधिक है जो सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए उधार लेने के लिए भुगतान करती है। 2008 से 2020 के बीच की अधिकांश अवधि के दौरान पश्चिमी देश अपने संप्रभु ऋण पर एक फीसदी की लागत का भुगतान करते थे जबकि भारत लगभग छह प्रतिशत की दर से भुगतान कर रहा था। अब मुद्रास्फीति और मौद्रिक सख्ती के कारण संप्रभु ऋण जुटाने की लागत बढ़ गई है फिर भी अभी स्वर्ण बॉन्ड बेचने की लागत से काफी कम है।

यही वजह है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को बंद करने की मांग की जा रही है। यह स्कीम बहुत महंगी है और इसने भारतीयों की वास्तविक सोने के लिए अतृप्त भूख में सेंध नहीं लगाई है। लेकिन ऐसा कोई भी फैसला जल्दबाजी और समय से पहले होने वाला साबित होगा। खासकर छोटे खुदरा निवेशकों को केन्द्र में रखते हुए गोल्ड बॉन्ड स्कीम को अधिक आक्रामक तरीके से बेचने की जरूरत है। गोल्ड बॉन्ड रखने की ऊपरी सीमा 4 किलो की जगह घटा कर 2 किलो की जा सकती है। बैंकों और आरबीआई के बजाय गोल्ड बांड की बिक्री को स्मार्टफोन-आधारित ऐप के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है। गोल्ड बॉन्ड को स्वतंत्र रूप से व्यापार योग्य बनाया जा सकता है। इसके साथ ही डीमैट गोल्ड के लाभों को बहुत अधिक तीव्रता और सक्षमता के साथ विज्ञापित करने की आवश्यकता है। ऐसे विज्ञापन की कल्पना कीजिए जिसमें अमिताभ बच्चन जैसे ब्रांड एंबेसडर कल्याण ज्वैलर्स के उत्पादों के साथ ही सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड बेच रहे हैं।

गोल्ड बॉन्ड, गोल्ड समर्थित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के साथ सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। सरकार सोने की कीमतों में वृद्धि और अस्थिरता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वित्तीय हानि से बचाव करके अपनी उधार लागत को कम कर सकती है। इस प्रकार यह दूसरी वस्तुओं का उपयोग करके वित्तीय हानि से बचाव करके अपनी लागत का कम से कम एक या दो प्रतिशत काट सकता है। इसके लिए नॉर्थ ब्लॉक में कुछ स्मार्ट वित्तीय विशेषज्ञता की आवश्यकता है जो पूरी तरह से संभव है। यह संभव है कि वास्तविक सोने पर गोल्ड बॉन्ड का प्रभाव गैर-रेखीय रूप से होगा। सरकार को बिना किसी दबाव का उपयोग किए या सोने के स्वामित्व पर प्रतिबंध लगाए लाखों घरों में सोने को डिमटेरियलाइज़ करने के लिए योजनाओं को भी लागू करना चाहिए जो निश्चित रूप से भारत में अकल्पनीय है। यह स्वर्ण जमा योजना, स्वर्ण बॉन्ड योजना के साथ सह-अस्तित्व में रह सकती है और धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से औपचारिक तरल वित्तीय क्षेत्र में सोने की संपत्ति लाने में मदद कर सकती है।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)

डीमैट गोल्ड बॉन्ड बेचकर सरकार सोने के लिए भारतीयों की अतृप्त भूख को कम करने की उम्मीद कर रही थी। हर साल भारत लगभग 1000 टन सोने का आयात करता है जिस पर औसत 50 से 80 अरब डॉलर की कीमती विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सरकार ने सोने पर 12.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया है। यह अफसोस की बात है कि गोल्ड बॉन्ड स्कीम और कड़े आयात शुल्क जैसे दो कदम उठाने के बावजूद सोने के आयात पर कोई असर नहीं पड़ा है।

ललित जी और हरसिंगार के फूल

■ प्रदीप पाटिल

ललित जी और हरसिंगार के फूलसाल 2020 में जब ललित जी अपनी जिजीविषा और रचनात्मक साहस के साथ स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे तब 2 दिसम्बर की शाम अचानक यह ख़बर आई कि वे अब इस दुनिया में नहीं रहे । इस अकल्पनीय, अप्रत्याशित सूचना से मन बेहद व्यथित हो उठा और ललित जी से बात-मुलाकात की अनगिनत यादें स्मृति पटल पर कौंध गई।

लगभग 40 वर्ष पूर्व जब मेरे भीतर अख़बार और साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएं पढ़ने की समझ विकसित हुई तब मैंने पाया कि दूसरे अखबारों की तुलना में देशबन्धु एक विशिष्ट अखबार है जिसमें केवल सूचना और समाचार ही नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक और वैज्ञानिक दर्शन पर विचार भी प्रमुखता से व्यक्त होते हैं।

देशबन्धु में अस्सी और नब्बे के दशक में 'पूछिये परसाई से' एक लोकप्रिय स्तम्भ हुआ करता था जिसमें सुप्रसिद्ध लेखक और व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई सामान्य पाठकों के प्रश्नों का उत्तर दिया करते थे। उसी के समानांतर एक स्तम्भ 'धूप-छाँह के दिन' भी प्रकाशित होता था जिसमें देशबन्धु के संस्थापक-संपादक मायाराम जी अपने जीवन के संघर्षों को संस्मरण में ढाला करते थे। वे संस्मरण इतने रोचक और सजीव होते कि लगता था, वे हमारे जीवन की ही व्यथा-कथा कह रहे हों। इन संस्मरणों में आम आदमी की वेदना, संवेदना, दर्द और आंसू को मार्मिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। उन संस्मरणों में दिलचस्पी के पीछे एक बड़ा कारण यह भी था कि वे निराशा के क्षणों में भी उम्मीद और जिजीविषा का दामन थामे रखने का हमें हौसला भी देते हैं। अपने पिता और उनके अनन्य मित्र परसाई जी से नियमित लिखवाने का विचार और आग्रह ललित जी का ही था।

श्री ललित सुरजन ने देशबन्धु की इस वैचारिक धरोहर तथा जनोन्मुखी प्रतिबद्धता को और भी समृद्ध किया उसे एक नयी धार और स्पष्टता दी। आमतौर पर यह माना जाता है कि अखबारी लेखन क्षणजीवी या अल्पजीवी होता है लेकिन ललित जी के समग्र लेखन और विमर्श में संसदीय-लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण, शिक्षा-स्वास्थ्य, रोजगार, आर्थिक-सामाजिक बेहतरी के सवाल इत्यादि पर जो सरोकार और चिंताए दिखाई पड़ती हैं वे उन्हें सामयिकता और क्षणभंगुरता से ऊपर उठाती हैं, उन्हें सर्वकालिक बनाती हैं।

साल 2016 में एक दिन अचानक दफ़्तर में मेरे कमरे के दरवाज़े पर दस्तक हुई। मैंने नज़र उठाकर देखा तो सामने ललित जी खड़े थे। मैंने उनसे कहा- सर, आपका स्वागत है, प्लीज़ अंदर आइये। मेरे अनुरोध पर वे अंदर आये और चिर-परिचित अंदाज में मुस्कुराकर कहा- कैसे हैं आप? जब मैंने उन्हें बताया कि यह उनसे मेरी पहली मुलाकात होने के बावजूद मैं उन्हें देशबन्धु और अक्षरपर्व इत्यादि में उनके लेखन की वजह से पहले से ही जानता हूं, तो उन्होंने तुरंत विषयांतर करते हुए पूछा- आपकी अभिरुचियां क्या हैं? यह उनकी व्यवहार कुशलता और वाकपटुता का उत्तम उदाहरण है जिससे यह सीखा जा सकता है कि कैसे किसी से अपनी प्रशंसा किये जाने पर सामने वाले व्यक्ति को खुद अपने बारे में कहने-बताने के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

बहरहाल, उन्हें जब बाद में यह मालूम हुआ कि पठन-पाठन के साथ लेखन में भी मेरी गहरी रुचि है तो उन्होंने मेरे सामाजिक, सांस्कृतिक और बैंकिंग के सम-सामयिक लेखों को पढ़ने में उत्सुकता दिखाई और उनका ध्यानपूर्वक अवलोकन कर उन्हें पुस्तक के रूप में प्रकाशित करवाने का सुझाव दिया। ललित जी जैसे बड़े पत्रकार और लेखक का यह सुझाव मेरे लिए अत्यंत उत्साहवर्धक व आश्वस्तिकारक था। वर्ष 2018 में 'बैंकिंग की चुनौतियां और संभावनाएं' नामक मेरी जो पुस्तक प्रकाशित हुई उसका श्रेय ललित जी को जाता है। ललित जी एक सुलझे हुए पत्रकार तो थे ही, उनमें लोगों को जोड़ने और उनसे जुड़े रहने का भी अद्भुत कौशल था।

रायपुर से अपने स्थानांतरण के बाद भी मैंने उन्हें हमेशा उसी आत्मीयता, स्नेह और गर्मजोशी के साथ जुड़ा हुआ पाया। उनके लेखन और व्यवहार में जो साफगोई, संतुलन और जनपक्षीय प्रतिबद्धता थी, उसके कारण मैंने उनसे हर मुलाकात के बाद अपने आप को वैचारिक दृष्टि से और बेहतर पाया। ललित जी की मूल्यपरक और प्रतिबद्ध पत्रकारिता आज के अख़बारनवीसों के लिए एक प्रकाश स्तम्भ की तरह है जिसके आलोक में अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ करते हुए पत्रकारिता के उच्च प्रतिमान स्थापित किए जा सकते हैं।

मैंने कहीं पढ़ा है कि ललित जी को हरसिंगार के फूल पसंद थे। वास्तव में उनका व्यक्तित्व हरसिंगार के फूलों की तरह ही था। हरसिंगार के फूलों की तरह ही वे अपने सम्पर्क में आने वाले हरेक व्यक्ति को स्नेह और सौहार्द्र की खुशबू से भर देते थे। लोगों के दिलों में अपनी संवेदनशीलता और सदाशयता से जल्दी ही सुखद स्थान बना लेते थे। आज भले ही वे दैहिक रूप से हमारे बीच नहीं है लेकिन हमारी यादों में वे अमिट रूप से विद्यमान रहेंगे। हमारी स्मृतियों को हरसिंगार के फूलों की तरह सदैव सुरभित करते रहेंगे।

(लेखक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में वरिष्ठ अधिकारी हैं और इस समय चेन्नई में पदस्थ हैं।)

विश्राम देने से जी उठा जंगल

■ बाबा मायाराम

उत्तराखंड की हेंवलघाटी की गोद में बसा है जड़धार गांव। यहां अस्सी के दशक तक पहाड़ों की हरियाली कम हो चुकी थी। जंगल में गिने-चुने पेड़ ही बचे थे। चारा-पत्ती, पानी और ईंधन की कमी हो गई थी। इससे चिंतित होकर गांव वालों ने पेड़ बचाने व नंगे वृक्षविहीन जंगल को हरा-भरा करने की ठानी और इसे कर दिखाया। कुछ ही सालों में जंगल जी उठा, पहाड़ों पर हरियाली लौट आई।

यह बदलाव की कहानी है- उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के चम्बा विकासखंड में स्थित जड़धार गांव की। इसी इलाके में सत्तर के दशक में जंगल को बचाने का विश्व प्रसिद्ध चिपको आंदोलन हुआ था। यहां के अद्वाणी व सलेत के ग्रामीण जंगल को बचाने के लिए पेड़ों से चिपक गए थे। यह सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं था बल्कि अद्वाणी व सलेत के वनों को काटने से रोकने के लिए वास्तव में पेड़ों से चिपके थे। गांधीवादी सोच का यह अनूठा सत्याग्रह था। इस आंदोलन की चर्चा देश- दुनिया में हुई थी और यहां हरे पेड़ों के कटने पर रोक लग गई थी।

इस इलाके को हेंवलघाटी कहा जाता है। हेंवल नदी सिद्धपीठ सुरकंडा देवी की पहाड़ी से निकलकर आगे ऋषिकेश के समीप शिवपुरी में गंगा में विलीन हो जाती है। पहले इन पहाड़ियों में खूब बर्फ पड़ती थी, मई माह तक भी सुरकंड़ा की बर्फ नहीं पिघलती थी। एक जमाने में यह क्षेत्र बांज, बुरांस, मैरू, देवदार, रई, मुरेंडा आदि प्रजातियो के घने जंगल से ढंका रहता था। लेकिन 60 के दशक में इस कुदरती जंगल पर संकट आया। 80 के दशक तक आते-आते पूरा पहाड़ ही नंगा हो गया, जैसे किसी व्यक्ति के सिर पर उस्तरा फेर दिया हो। क्षेत्र के लोगों ने जंगल काट डाले। इससे जैव विविधता का संकट तो हुआ ही यहां से निकलने वाली नदियां भी सूखने लगीं। झरने व जलस्रोत भी जवाब देने लगे। इसी इलाके में शराब विरोधी आंदोलन व चूना पत्थर के खनन के खिलाफ आंदोलन चला था, जिसकी रजत जयंती पर 28 दिसंबर (2020) को बड़ा समारोह भी कटाल्डी गांव में हुआ। इस कार्यक्रम में चिपको आंदोलन के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

सीढ़ीदार पहाड़ पर बसे गांव के जंगल को देखने मैं कुछ साल पहले गया था। इसी गांव के निवासी हैं विजय जड़धारी, जो चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रहे हैं। जब चिपको आंदोलन का दौर निकल गया, तो उन्होंने गांववासियों के साथ यहां के उजड़ चुके जंगल को फिर से हरा-भरा करने की पहल की। साथ ही बीज बचाओ आंदोलन शुरू किया। देसी बीजों की पारम्परिक खेती को बचाने के लिए मुहिम छेड़ी। उनका पारंपरिक खेती पद्धति बारहनाजा (मिश्रित खेती की पद्धति) का अनुभवजन्य ज्ञान व जानकारी उपयोगी है। उन्होंने अपने अनुभव व पारंपरिक ज्ञान के आधार पर कई किताबें लिखी हैं, जिनकी सराहना अकादमिक दुनिया में भी हुई है।

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जंगल को मैंने देखा था। जंगल और पहाड़ को नजदीक से देखने का आनंद ही अलग होता है। ये हमें आज के भागमभाग और तनावपूर्ण माहौल में सदा आकर्षित करते हैं। जहां देश के अन्य इलाकों में जंगल कम हुए हैं, वहां उत्तराखंड इसका अपवाद कहा जा सकता है।

विजय जड़धारी बताते हैं कि टिहरी-गढ़वाल की चंबा-मसूरी पट्टी में पहले अच्छा और सुंदर जंगल था। इस गांव में भी था। पहाड़ के ढलानों से हरियाली की चादर हटने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना रहता था। यहां के कई सदाबहार जलस्रोत सूख गए थे, तब गांववाले चिंतित हो उठे। इकट्ठे होकर सोचने लगे, और वनों के जतन में जुट गए। जंगल बचाने की प्रेरणा चिपको आंदोलन की थी।

वे आगे बताते हैं कि जड़धार गांव के लोगों ने मिलकर तय किया कि जंगल को बचाया जाए। इसके लिए एक वन सुरक्षा समिति बनाई गई। जंगल से किसी भी तरह के हरे पेड़, ठूंठ, यहां तक कि कंटीली हरी झाड़ियों को काटने पर रोक लगाई गई। कोई भी व्यक्ति यदि अवैध रूप से हरी टहनी या झाड़ी काटता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा, ऐसा तय किया गया।

कुछ समय के लिए पशु चरने पर भी रोक लगाई गई। कोई व्यक्ति वनों को किसी प्रकार नुकसान न पहुंचाए, यह सुनिश्चित किया गया। यह काम गांव की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया जिसमें जरूरत पड़ने पर थोड़ा बहुत फेरबदल किया जा सके। जंगल की रखवाली के लिए वन सुरक्षा समिति ने दो वनसेवक नियुक्त किए, जिन्हें गांववाले पैसे एकत्र कर कुछ आंशिक मानदेय देने लगे। जो पैसा जुर्माने से एकत्र होता उसे वनसेवकों को मानदेय के रूप में दे दिया जाता। हालांकि मानदेय की राशि कम थी, फिर भी वनसेवकों ने यह काम अपना समझकर किया।

वनसेवक रहे हुकुमसिंह बताते हैं कि जंगल की रखवाली के लिए हर महीने 300 रुपए मिलते थे। 20-22 साल तक जंगल की रखवाली करते रहे। पहले 3-4 फुट छोटे पौधे थे। रूखा-सूखा जंगल था। बाद में 15 फीट ऊंचे पेड़ हो गए। जंगल में बांज, बुरांस, काफल, बमोरा, खाकसी के पेड़ बहुतायत में थे। बांज के पेड़ से चारा, पत्ती व खाद मिलती है। यह पेड़ मिट्टी को बांधने एवं जलस्रोतों की रक्षा का काम भी अन्य पेड़ों के मुकाबले ज्यादा करता है। इसका जंगल ही पानी का सदानीरा स्रोत हैं। गर्मी के मौसम में भी इसका ठंडा जल रहता है।

जड़धार गांव के निवासी व स्वतंत्र पत्रकार रघुभाई जड़धारी ने बताया कि हमने जंगल को 15 साल तक कुदरती तौर पर बढ़ने दिया गया। चौकीदार रखे, जंगल को विश्राम दिया, आग से जंगल को बचाया, जहां कहीं भी धुआं देखा वहां तुरंत पहुंच जाते और आग बुझाते। इसमें गांववालों की भी मदद लेते। आग बुझाने में गांववासी बहुत मेहनत और साहस का परिचय देते हुए आग पर काबू पाते। और इस तरह जंगल में हरियाली लौट आई। पटुडी, आराकोट में भी ऐसी पहल हुई, जंगलों को बचाने का एक माहौल बन गया।

विजय जड़धारी ने बताया कि हालांकि यहां वृक्षारोपण व पेड़ लगाने का काम भी प्रतीकात्मक हुआ है लेकिन वनों को फिर से हरा-भरा करने में महती भूमिका वनों को विश्राम (बंद वन) देने की है। यानी उन्हें उसी हाल में प्रकृति के हवाले छोड़ दिया जाए, जिसमें वह है। सिर्फ उनकी रखवाली की जाए और उसे पनपने दिया जाए, और बढ़ने, पल्लवित-पुष्पित होने दिया जाए। लोग जैसे अपने खेतों की देखभाल करते हैं उसी तरह जंगल की देखभाल करने लगे। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाने लगी। दो-तीन सालों में ही सूखे जंगलों में फिर से हरियाली लौटने लगी।

वे आगे बताते हैं कि शंकुधारी वृक्ष चीड़, देवदार यदि कट गए तो इनमें दुबारा कल्ले (नई कोंपलें) नहीं आते हैं। जबकि बांज, बुरांस, काफल, अथांर, घिघारू, किनगोड़, खाकसी, बमोर घने होते हैं। और उनमें 1-2 साल में ही नए कल्ले आने शुरू हो गए। झाड़ियां आ गईं। जलाऊ लकड़ियां मिलने लगीं। इससे उत्साह बढ़ने लगा।

वन सुरक्षा समिति की समय-समय पर बैठकें होती थीं। कभी 3 महीने में, कभी 6 महीने मे बैठकों का दौर जारी रहा। बंद वन जागरूकता कार्यक्रम भी चलता रहा। 5-7 साल में जो जलस्रोत पूरी तरह सूख गए थे, उनमें पानी आ गया। वे कल-कल बहने लगे। इस गांव के आसपास दो दर्जन जलस्रोत हैं। नए पेड़ों ने पहाड़ को हरियाली से ढंक दिया।

बांज, बुरास, काफल के पुराने ठूंठों पर फिर नई शाखाएं फूटने लगीं। अंयार, बंमोर, किनगोड हिंसर, साकिना, धौला, सिंस्यारू, खाकसी आदि पेड़-पौधे दिखाई देने लगे। और आज ये पेड़ लहलहा रहे हैं। बारिश को समाहित करने की शक्ति पेड़ों में होती है, इससे भूक्षरण व भूस्खलन भी कम हो गया। गाय-भैंसों के नीचे बिछाने के लिए पत्ती व घास चारे व ईंधन की सुविधा हो, इसकी कोशिश की जाने लगी।

90 के दशक में यहां हरित हिमालय कार्यक्रम चला। इसे भारत सरकार व हिमालय ट्रस्ट ने संयुक्त तौर पर पायलेट प्रोजेक्ट की तरह चलाया। हमारे यहां हेंवलघाटी हरियाली कार्यक्रम के नाम से संचालित हुआ। इसके तहत् 2 साल तक वनसेवकों को मानदेय दिया गया। यह वर्ष 1991-92 की बात है। तब कश्मीर से कागजी अखरोट के बीज लाकर नर्सरी बनाई गई, अखरोट के पौधे लोगों को बांटे गए थे जो कई साल पूर्व से अब तक लोगों को अच्छी आमदनी दे रहे हैं।

> **जलवायु बदलाव के इस दौर में जंगल को फिर से पुनर्जीवन प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इस इलाके में कुड़ी व पिपलेत गांवों में वन संरक्षण किया जा चुका है। इस पूरे काम से यह निष्कर्ष निकलता है कि गांवों की आपसी समझ, एकता वनों के विश्राम और मेहनत से उजड़ रहे वनों को नया जीवनदान मिल सकता है। प्राकृतिक संसाधनों में कमी, जलस्रोतों का सूखना, भूक्षरण, भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। पर्यावरण का संकट बढ़ रहा है। ऐसे दौर में जड़धार के जंगल ने नया रास्ता दिखाया है।**

पिछले चार दशक से हरियाली वापसी के इस काम का नतीजा यह है कि बुरांस, काफल के सघन जंगल प्रकृति अपने आप वापस ले आई। अब जंगल इतना घना हो गया है कि सूरज की रोशनी जमीन पर नहीं पहुंचती। जड़ी-बूटी, घास, लताएं, बेल फिर से आ गईं। काफल, बांज, बुरांस खूब हो गए। बुरांस के लाल फूल अलग ही छटा बिखेरते हैं। काफल का खट्टा-मीठा फल लोगों की पोषण सुरक्षा व रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ाने का काम करता है।

सूखे पानी के जलस्रोत फिर फूट पड़े, सदानीरा हो गए। यहां के कुलेगाड, मूलपाणी, लुआरका पाणी, सांतीपुर पाणी, नागुपाणी, खुलियो गउ पाणी, रांता पाणी और द्वारछिलापाणी सहित 2 दर्जन जलस्रोत हैं। ये सदाबहार जलस्रोतों से ही साल भर गांवों को पीने का पानी मिलता है। चौड़ी पत्ती के जंगल बारिश के पानी का स्पंज हैं। वे पानी को सोखकर रखते हैं। जहां ऐसे जंगल होते हैं वहां जलस्रोत सदानीरा होते हैं। पानी छन छन, कल कल बहता रहता है। इसके अलावा, कई वन्य प्राणियों ने भी इस जंगल को अपना आशियाना बना लिया है। भालू, सेही, बघेरा, तेंदुआ, बारहसिंघा, हिरण, जंगली सुअर, बंदर आदि यहां प्राय: दिखते हैं। हिरणों की टोलियां बिचरती रहती हैं।

'गोविंदबल्लभ पंत हिमालयी पर्यावरण व विकास संस्थान' (श्रीनगर, गढ़वाल) के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में इसे पुनर्जीवित सर्वश्रेष्ठ जंगलों में बताया है। पुणे के पक्षी विशेषज्ञ डा. प्रकाश गोले ने यहां कुछ ही घंटों में पक्षियों की 95 प्रजातियों की गिनती की। जंगल बढ़ाने में यह सहायक हुए हैं। जड़धारी कहते हैं कि दूर-दूर से यह पक्षी बीज लाकर इस जंगल के अवैतनिक सेवक बन गए हैं।

ग्राम वन पंचायत यहां वन संरक्षण व वन प्रबंधन का काम करती हैं। उत्तराखंड में वन पंचायतों का इतिहास पुराना है। ब्रिटिश शासन से वन पंचायतें थीं। विजय जड़धारी बताते हैं कि वन पंचायत स्वशासन का एक उदाहरण हैं। आसपास के जंगलों का रखरखाव करती हैं। यह लगभग 1927 के आसपास बनीं। जड़धार में हाल ही में 1998 में वन पंचायत बनी। जड़धार में भी वन पंचायत है, इसका जंगल में दखल बढ़ा है, पर इसे हावी नहीं होने दिया है। अब इन्हें नए सिरे से मान्यता मिली है, और सक्रिय हैं। वर्तमान में जड़धार वन पंचायत के सरपंच राजेन्द्र नेगी हैं।

राजेन्द्र नेगी ने बताया कि वे वर्ष 2017 से सरपंच हैं और इस बीच उन्होंने कई काम करवाए हैं। सरकार की जायका परियोजना के अंतर्गत पौधारोपण व आजीविका सुरक्षा की है। इसके तहत् वृक्षारोपण किया गया। इसकी तार फेसिंग करवाई है, जिससे कुछ हद तक जंगली जानवर, खासकर सुअर से फसलों की सुरक्षा हुई है।

स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण करवाया गया है। जल संचयन हो इसके लिए जंगल में छोटी चाल-खाल (तालाब) बनाई गईं। कुल 9 चाल बनाई गई हैं। यह भी जल भंडारण का परंपरागत तरीका है। इनमें से 3 चाल में बारह महीने पानी रहता है। इससे भूजल स्तर बढ़ता है और जलस्रोत भी सदानीरा होते हैं। जंगली जानवरों को पीने का पानी भी मिलता है। गांव के पालतू मवेशी भी पानी पीते हैं।

हाल में चमोली जनपद में ग्लेशियर टूटने से हुई तबाही पर विजय जड़धारी ने कहा कि यह मानव निर्मित है। इस घटना में अब तक 31 लोग मारे जा चुके हैं, और कई के लापता होने की खबर है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले केदारनाथ की घटना से कोई सबक नहीं लिया गया। ऋषि गंगा पावर प्रोजेक्ट व धौली गंगा पावर प्रोजेक्ट के लिए सुरंग खोदी गई। अब कंपनियां ग्लेशियर फटने को दोष दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सही है कि जलवायु बदलाव व मौसम परिवर्तन के कारण बादल फटने, ग्लेशियर टूटने, सूखा पड़ने और अतिवृष्टि होने की घटनाएं होंगी पर होनेवाली तबाही को रोका जा सकता है। हमें नदियों को बांधने की बजाय नदियों व गाड-गदेरों को खुला रखना होगा और हिमालय के साथ हो रही छेड़छाड़ को बंद करना होगा।

उन्होंने इसका एक उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ साल पहले जड़धार गांव के जंगल में पहाड़ की चोटी पर बादल फटने की बड़ी घटना हुई थी पर उसका असर गांव तक नहीं पहुंचा। जंगल में ही मलवा व पानी जज्ब हो गया। इस तरह हरे-भरे जंगलों से ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से होनेवाली हानि को रोका जा सकता है।

कुल मिलाकर, वर्ष 1980 के बाद से गांव चारा-पत्ती, जलाऊ ईंधन व पानी के मामले में यह गांव आत्मनिर्भर है। उसे किसी से पूछने की जरूरत नहीं है। जब भी हल, जुआ, लाट जैसे खेती के औजारों के लिए लकड़ी की जरूरत होती है, सब लोग जंगल मिलकर जाते हैं और लकड़ी ले आते हैं। चौड़ी पत्तियां पशुओं के नीचे बिछावन के काम भी आती हैं। गोमूत्र-गोबर आदि सड़कर जैव खाद बनाते हैं, जो बहुत उपजाऊ होती है। बांज की पत्तियां मवेशी खाते हैं, वह चारे का काम भी करती हैं। ईंधन के लिए भी अच्छी होती हैं।

जलवायु बदलाव के इस दौर में जंगल को फिर से पुनर्जीवन प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इस इलाके में कुड़ी व पिपलेत गांवों में वन संरक्षण किया जा चुका है। इस पूरे काम से यह निष्कर्ष निकलता है कि गांवों की आपसी समझ, एकता वनों के विश्राम और मेहनत से उजड़ रहे वनों को नया जीवनदान मिल सकता है। प्राकृतिक संसाधनों में कमी, जलस्रोतों का सूखना, भूक्षरण, भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। पर्यावरण का संकट बढ़ रहा है। ऐसे दौर में जड़धार के जंगल ने नया रास्ता दिखाया है। यह गांव अब पारिस्थितिकीय वापसी का भी अनुपम उदाहरण है। हाल ही के हादसे के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि जड़धार जैसे जंगल ऐसे हादसों को कुछ हद तक रोकने में सक्षम हैं, जैसा कि बादल फटने से जड़धार गांव में कोई नुकसान नहीं हुआ था। कुल मिलाकर, यह सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

बीता सप्ताह

25 नवम्बर
- अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा् कि हम रिपोर्ट को नहीं मान सकते।
- बालीवुड फिल्मकार राजकुमार कोहली का निधन हो गया।
- हमास-इजरायल के बीच चार दिवसीय युद्धविराम लागू हुआ।
- दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त हुई।

26 नवंबर
- राजस्थान में विधानसभा चुनाव का मतदान हुआ। 68 फीसदी वोट पड़े।
- पत्रकार सौम्या विश्वनाथन प्रकरण में 15 साल बाद दिल्ली साकेट कोर्ट ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।
- पाकिस्तान करांची के शॉपिंग माल में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई।
- पाकिस्तान के आल राउंडर इमाह वसीम ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

27 नवंबर
- संविधान दिवस पर

उल्टा पुल्टा

दोस्त - मुझे अपनी गर्लफ्रेंड को कोई गिफ्ट देना है, क्या दूं?
पप्पू - ऐसा कर गोल्ड रिंग दे दें।
दोस्त - कोई बड़ी चीज बता भाई?
पप्पू - तो फिर गोल्ड रिंग जाने दें, एमआरएफ का टायर दे दे!!!

फिर शुरू हुआ कोयले का अवैध कारोबार

फाइल फोटो

ट्रांसपोर्टर ने दर्ज कराया केस

कलेक्टर-एसपी एसपी ने बंद कराया था कोल डिपो

बिलासपुर,1 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोयले की अफरातफरी का खेल फिर शुरू हो गया है। कुछ माह पहले ही कलेक्टर-एसपी ने रतनपुर से लेकर हिरीं तक संचालित अवैध कोल डिपो को बंद कराया था, जिसे अब फिर से शुरू कर दिया गया है। रतनपुर के मोहतराई स्थित कोल डिपो में चोरी का कोयला खपाने का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत ट्रांसपोर्टर ने दर्ज कराई है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, कोरबा के खदानों से भेजे जा रहे कोयले का एक बड़ा हिस्सा रतनपुर से लेकर हिरीं और सरगांव क्षेत्र के कोल डिपो में खपाया जाता है। यहां संचालित अवैध कोल डिपो में ड्राइवर से मिलीभगत कर डिपो संचालक अपने कर्मचारियों के माध्यम से अच्छी क्वालिटी के कोयले को निकालकर उसमें गिट्टी और बजरी की मिलावट करते हैं। यह अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है।

मिलीभगत से चलता है गोरखधंधा

पूरा काम पुलिस और खनिज विभाग की मिलीभगत से चलता है। रतनपुर क्षेत्र में बगदेवा से लेकर मोहतराई तक और रायपुर रोड में हिरीं सकरी बाइपास पर ऐसे करीब 1 5 से अधिक अवैध कोल डिपो संचालित हैं, जहां चोरी का कोयला खपाया जाता है।

ड्राइवर और डिपो संचालक पर केस दर्ज

ऐसे ही कोयले की अफरातफरी की शिकायत ट्रांसपोर्टर पंकज सिंह गांधी ने रतनपुर पुलिस से की है, जिसमें उन्होंने बताया कि अंगद रोड लाइंस के नाम पर वह ट्रांसपोर्ट कंपनी संचालित करता है, जिसमें उसकी पत्नी के नाम पर दो ट्रेलर हैं, जिसे चलाने के लिए उन्होंने ड्राइवर रखा है।

दोनों ट्रेलर के ड्राइवर 28 नवंबर को 35-35 टन कोयला लोड कर फैक्ट्री में लेकर जाने के लिए निकले थे, जिसे उन्होंने रास्ते में रतनपुर स्थित मोहतराई में रोमी मौर्य के कोल डिपो में खपा दिया और उसके बदले में चूरा और घटिया कोयला लोड कर फैक्ट्री में छोड़कर भाग गए। फैक्ट्री से उन्हें घटिया कोयला सप्लाई करने की जानकारी मिली, तब उन्होंने पतासाजी की।

कोल डिपो में अच्छी क्वालिटी का कोयला खपाने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने शिकायत की है। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों ट्रेलर ड्राइवर व डिपो संचालक के खिलाफ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

बिलासपुर, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदन के छानबीन के क्रम में एक सप्ताह में आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है।

फिलहाल एक आवेदिका ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोठी में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत स्व. श्री हेम लाल साहू के परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती कुसुम साहू ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।

आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे 7 दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्र. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

निजात से अपराधों में कमी का असर दिखा, 4 हजार गिरफ्तार

बिलासपुर,1 दिसंबर (देशबन्धु)।इस वर्ष फरवरी माह से डीजीपी अशोक जुनेजा के निर्देशन में आईजी बिलासपुर अजय यादव व पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान निजात चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा के पर्यवेक्षण में बिलासपुर के सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र में अवैध नशा के कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध ताबड़तोड़ तरीके से कार्यवाही व व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए गए है।

एसपी संतोष सिंह ने बताया कि कुल अपराधों में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी होकर 11,086 अपराध दर्ज हुए है, जो की मुख्यत: एनडीपीएस और आबकारी में बढ़ी कार्यवाहियां की वजह से हैं।अभियान दौरान आबकारी के 3,698 प्रकरणों में कुल 3,804 व्यक्ति व एनडीपीएस के 163 प्रकरणों में कुल 205 आरोपी गिरफ्तार हुए है तथा 1.65 करोड़ कीमत के नशीले पदार्थ की जप्त हुई है। आबकारी में गिरफ्तार लोगों में बड़ी संख्या सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन कर हुडदंग करने वाले लोग हैं और कुल 33,818 लीटर अवैध शराब जप्त हुई। एनडीपीएस प्रकरणों में गांजा और अन्य नशीली वस्तुएं जप्त हुआ। कार्यवाहियों से अपराधियों में दहशत हुई हैं।कोटपा में 650 लोगों पर कार्यवाही हुई। नशा में गाड़ी चलाने वाले 1,307 लोगों पर एमवी एक्ट के कार्यवाही करते हुए प्रत्येक प्रकरण को कोर्ट भेजा गया, जहां प्रत्येक ऐसे चालक पर दस-दस हजार रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है।नशे के विरुद्ध जनजागरुकता के तहत लोगों के सहयोग से स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक जगहों पर कुल 3,412 कार्यक्रम किए गए और आदी सैकड़ों लोगों की लिस्टिंग कर उनकी विभिन्न संस्थाओं की मदद थाने में काउंसलिंग हुई, जिससे सैकड़ों लोग नशे से दूर हुए हैं।

सार-संक्षेप

7 हजार 432 ने डाक मतदान किया सबसे ज्यादा बिलासपुर विधानसभा में

बिलासपुर, 1 दिसंबर(देशबन्धु)। जिले के 6 विधानसभा सीटों में डाक मत पत्र को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा जो आंकड़े जारी किए गए हैं उसके मुताबिक छह विधानसभा में 7432 अधिकारी कर्मचारियों ने डाक मत पत्र भेजा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी के दौरान 1013 में तथा विशेष डाक मतदान डालने 154 और कल तक जो डाक मत पत्र प्राप्त हुए हैं उसमें 81 लोगों ने मतदान किया है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में 1248 कल डाक मत पत्र प्राप्त हुए हैं। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में 1293 बिलहा विधानसभा क्षेत्र में 1026 बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1736 में डाक मतदान किया है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 1300 ने वोट डाले हैं। तथा सबसे कम मसतूरी विधानसभा क्षेत्र में 829 अपने डाक मत पत्र का उपयोग किया है। कल अंतिम दिन तक 313 ने सेवा मतदाता से प्राप्त ईटीपी जमा किए हैं। जिसमें 7432 लोगों ने डाक मतदान किया है । त्रइन सील बंद लिफाफा को पेटीएम में जिला कक्षीय शाखा में डबल लाक में सुरक्षित रखा गया है एवं प्रतिदिन सेवा मतदाताओं के द्वारा डाक से भेजे जा रहे आइटीबीपी को भी लिफाफे में तिथि बार सील बंद कर पेटी में सील बंद करके रखा जा रहा है। 6 विधानसभा सीट में रिटर्न अधिकारियों के द्वारा अभ्यर्थियों को, लिखित में जानकारी भी दी जा रही है तथा प्रति दिवस प्राप्त होने वाले ईटीपीवी की जानकारी भी अभ्यर्थियों के साथ साझा की जा रही है मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त अनुदेशकों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रदर्शित के साथ पालन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों को उक्त प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु समय-समय पर पीठासीन अधिकारियों के द्वारा सूचना प्रदान की जा रही है। 6 विधानसभा सीट के लिए शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी में एवं की मतगणना के लिए निर्मित मतगणना बिल्डिंग के अंदर ही स्थित परिसर में डाक मत पत्रों की गणना हेतु अस्थाई मतगणना कक्ष निर्मित किया गया है। जहां पर डाकपत पत्रों की मतगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा 3 दिसंबर को वोटो की गिनती होगी । और सबसे पहले प्रात: बजे की डाकपत्थरों गणना प्रारंभ होगी बिलासपुर जिले में 6 विधानसभा सीट में सबसे ज्यादा बिलासप्र विधानसभा क्षेत्र में 1736 में डाक मतदान किया है। वही सबसे कम 829 मसूरी विधानसभा में एटीपी का उपयोग कर्मचारियों ने किया है तक डाक मतदान कर सकते हैं। नोडल अधिकारी समय-समय पर डाक मत पत्र की जानकारी भी अभ्यर्थियों को दे रहे हैं। 17 नवंबर को मतदान के दौरान कोटा विधानसभा क्षेत्र में 1013, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में 1148, बिल्हा में 851, बिलासपुर विधानसभा में 1623, बेलतरा विधानसभा में 1165 मसतुरी विधानसभा में 690 चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी तथा सेवा मतदाताओं ने डाक मत पत्र एवं ईटीपीवी का उपयोग किया।

प्रत्याशियों को कैल्क्यूलेटर देगा निर्वाचन कार्यालय

बिलासपुर,1 दिसम्बर (देशबन्धु)।विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन 3 दिसम्बर को प्रत्याशी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को स्थल पर कैल्क्यूलेटर प्रदान किया जायेगा। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतगणना शुरू होने के पूर्व उन्हें यह उपकरण मुहैया करा दिया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने इस आशय की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें हर चक्र में टेबलवार मिले मतों की गणना एवं हिसाब-किताब में सहूलियत होगी।

नॉन इंटरलॉकिंग 5 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

बिलासपुर , 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बुदनी-बरखेड़ा (घाट सेक्शन) के मध्य तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है । जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेगी 7 जिसका विवरण नीचे दिया गया है ।

रद्द होने वाली गाडियां

1. दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2023 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।2. दिनांक 08 एवं 09 दिसम्बर 2023 को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़- निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 3. दिनांक 06, 07 एवं 08 दिसम्बर 2023 को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 4. दिनांक 08, 09 एवं 10 दिसम्बर 2023 को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 5. दिनांक 06 से 08 दिसम्बर 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी

पशुओं में टीकाकरण अभियान आज से शुरु

बिलासपुर, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। पशुओं में होने वाली खुरहा चपका रोग के विरुद्ध डेढ़ महीने तक चलने वाला टीकाकरण अभियान 1 दिसंबर से शुरू हो गया। यह अभियान 15 जनवरी 2024 तक चलेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस कार्य के लिए गठित दलों व प्रचार वाहनों को जिला कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। अभियान के अंतर्गत जिले में लगभग 5 लाख से ज्यादा पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। ये टीका पशुओं को नि:शुल्क लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने सभी पशुपालकों से पशुओं की रक्षा के लिए टीका लगवाने की अपील की है।

अभियान को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए जिले में पशुधन विकास विभाग द्वारा 68 टीकाकरण दल बनाए गए हैं। शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पशुओं को टीके लगाए जाएंगे। इस अवसर पर पशुधन विकास विभाग के संयुक्त संचालक जीएसएस तंवर, डॉ. ए एस रघुवंशी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सीयू में रक्तदाताओं की उमड़ी भीड़, 525 यूनिट हुआ रक्तदान

बिलासपुर,1 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर महानगर द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी की जन्मजयंती के अवसर पर आज गुरु घासीदास विश्वविद्यालय मुख्य द्वार पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिलासपुर यूनिवर्सिटी के कुलपति ए.डी.एन. बाजपई, अभाविप के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पाठक द्वारा फीता काट कर व मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। रक्तदान शिविर की शुरुआत सुबह 9 बजे हो गई थी एवं सारे दिन रक्तदान शिविर चलता रहा एवं शाम 7 बजे इसकी समाप्ति हुई । महानगर मंत्री जितेन्द्र साहू ने बताया कि इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी , शिक्षक गण , विश्वविद्यालय कर्मचारी बंधु , आसपास कोनी के जागरूक नागरिकों , एवं आसपास दुकान लगाने वाले भाई - बंधुओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बिलासपुर शहर से भी कई नागरिक आज यहां रक्तदान करने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय मुख्य द्वार पर लगे रक्तदान शिविर पहुंचे । इस शिविर के में

रक्तदाताओं हेतू शिविर में 18 बेड, चेयर एवं छात्राओं हेतू अलग से वातानुकूलित बस की सुविधा भी दी गई थी । शिविर में रक्तदाताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें रिफ्रेशमेंट भी समय - समय पर दी जा रही थी , साथ ही अपातकालिन स्थित को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर्स की पूरी टीम वहां मौजूद थी। रक्तदाताओं को रक्तदान पश्चात सर्टिफिकेट , थर्मोस्टील की बॉटल प्रदान की गई। साथ ही स्केच आर्टिस्ट द्वारा रक्तदाताओं का स्केच बनवाकर उन्हें उपहार स्वरूप दिया जा रहा था। ईकाई मंत्री शशांक सोनवानी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित के साथ साथ समाजहित व राष्ट्रहित में तत्पर्य रहती है, इकाई अध्यक्ष आराध्य तिवारी ने संदेश दिया की रक्तदान भी वीरता की पहचान होती है रक्तदान हेतु सुबह से ही रक्तदाताओं की भीड़ उमड़ी हुई थी, रक्तदाता बनकर कार्यक्रम प्रमुख सक्षम पाठक व संस्कार चौबे ने इसकी शुरुआत की, प्रांत मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने भी रक्तदान किया , राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बिलासपुर विभाग प्रचारक गणेश साहू ने भी रक्तदान किया । इस शिविर में विभाग संयोजक आयुष तिवारी, प्रदीप साहू, आयुष तिवारी, अमन, अविनाश, अभय, विंटर, हिमांशु उफैज़, रहमान, पीयूष, अंशिका, जान्हवी, सुप्रिया, साक्षी , कुबेर, नमामि, वीणा ,वैष्णवी परसाई, शिवम वैष्णव आदि समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंडल में 15 को पेन्शन अदालत का आयोजन

बिलासपुर ,1 दिसम्बर (देशबन्धु)। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पेन्शन अदालत का आयोजन वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी सभाकक्ष बिलासपुर में दिनांक 15 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार) को प्रात: 11.00 बजे से किया जायेगा। मंडल के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपने आवेदन दो प्रति में पूर्ण दस्तावेज के साथ (जिसमें पी.एफ.नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि, पी.पी.ओ.नम्बर एवं पता लिखना अनिवार्य है) दिनांक 08 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार) तक या इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (पेंन्शन अदालत) को आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। पेन्शन अदालत में पेन्शन से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। अगर किसी सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाला बकाया निपटान एवं पेन्शन भुगतान सम्बन्धी कोई भी शिकायत है तो वे अवश्य आवेदन करें, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस पेन्शन अदालत में न्यायालय में विचाराधीन, विवादास्पद, उत्तराधिकारी मामला तथा अन्य नीतिगत मामलों, रेलवे बोर्ड में लंबित प्रकरण मामलों को शामिल नही किया जायेगा ।

46वां रावत नाच महोत्सव आज, नर्तकों में दिखेगा अस्त्र-शस्त्र व श्रृंगार का संगम

बिलासपुर,1 दिसंबर (देशबन्धु)। 46वां रावत नाच महोत्सव दो दिसंबर को लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित होगा। वहां नर्तक में अस्त्र-शस्त्र व श्रृंगार का संगम दिखेगा। बिलासपुर का रावत नाच महोत्सव लोकसंस्कृति के क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका है। प्रतिवर्ष इस महोत्सव का सभी को विशेष इंतजार रहता है।बिलासपुर में रावत नाच का आरंभ पौराणिक काल से है। रासेश्वरी पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण ने वृंदावन में महारास की रचना की थी जिसमें समस्त गोप-गोपियां, ग्वाल-बालों ने भाग लिया था। रावत नाच कहीं न कहीं उसी महारास का देश, काल, वातावरण के प्रभाववश परिवर्तित रूप है।दशहरा पर्व से अखरा (अखाड़ा) लगाने के साथ रावत नाच का सिलसिला शुरू हो चुका है, जिसमें अस्त्र-शस्त्रों का अभ्यास, नृत्य के कौशल का अभ्यास, साज-सज्जा सहित विभिन्न सोपानों से आने वाली नई पीढ़ी को अवगत कराया जाता है। प्रबोधनी (बड़ी) एकादशी से रावत नाच आरंभ हो चुका है जो करीब 15 दिवस लगातार चलता रहता है। यह नाच समूह में होता है। एक-एक समूह में 10 से लेकर 40-50 तक नर्तक शामिल रहते हैं। इनके साथ ही लोक वाद्य गड़वाबाजा बजगरियों का दल भी संग-संग चलता है। शहर व आसपास गांव में इन दिनों रावत नाच की धूम मची हुई है।

शनिचरी बाजार की परिक्रमा

गांव के गली-खोरों से नर्तक दल हाट-बाजारों से होकर शहर तक पहुंच है। शहर के प्रमुख शनिचरी बाजार की परिक्रमा करता है जिसे ये बाज़ार बिहाना कहते हैं। बाज़ार परिक्रमा के बाद ठीक रासेश्वरी पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के आसपास सम्पन्न होता है। इस लोकनृत्य की सबसे अद्भुत बात यह है कि अस्त्र-शस्त्र और श्रृंगार का संगम नर्तक में दिखाई पड़ता है। दूसरी ओर नर्तकों के पांवों में घुंघरू बंधे होते हैं। सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने जिस तरह शिष्यों को संत और सिपाही दोनों के रूप में सजाया, ठीक उसी तरह रावत नर्तक भी एक साथ सिपाही और नर्तक के रूप में सजे होते हैं।

गौपालकों के घरों में दस्तक

वरिष्ठ पत्रकार केशव शुक्ला बताते हैं कि नर्तक हाथ में तेंदूसार लाठी, ढाल की तरह फरी, सीने पर कवच की तरह कौड़ियों से युक्त जैकेट, सिर पर शिरस्त्राण की तरह पगड़ी बंधी होती है। पगड़ी के ऊपर मोर पंख की कलगी खोंसी हुई होती है। अस्त्र-शस्त्र जहां सिपाही तो घुंघरू एवं साज-श्रृंगार इन्हें नर्तक सिद्ध करता है। इस दौरान ये गो पालकों के घरों में दस्तक देते हैं। नृत्य के दौरान बीच-बीच में नर्तक दोहा भी बोलते है। दोहों में सूर, तुलसी ,कबीर आदि संत कवियों की वाणियों के साथ इनके मौलिक दोहे भी होते हैं जो इन्हें आशुकवि के रूप में प्रतिष्ठित करते हैं।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति का संरक्षण

वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ की अनेक कलाएं, संस्कृति, गीत,नृत्य ग्लोबलाइजेशन में फंसकर जहां विलुप्त होने की कगार पर है वहीं रावत समाज अपनी लोककला, संस्कृति, नृत्य व अपनी परंपराओं को बचाने में पूर्णत: सफल हुआ है तो इसकी वज़ह यह महोत्सव ही है। वर्ष 1978 में इस लोककला को संरक्षित एवं संवर्धित करने का प्रयास रावत समाज ने आरंभ किया। सबसे बड़ी बात तो इस प्रयास में यह रही है कि नर्तक दलों को उनकी सदियों से चली आ रही परंपरा में कोई छेड़छाड़ नहीं किया गया।

दो लाख रुपये का नकद पुरस्कार

शास्त्री शाला का मैदान भव्य रूप से सजाया जा रहा है। दो-तीन वर्ष के कोरोना काल से निपटने के पश्चात इस वर्ष रावत नर्तकों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। महोत्सव का आकर्षण यह है कि शील्ड के साथ महोत्सव समिति लगभग दो लाख रुपये का नकद पुरस्कार बांटेगी। इस बार शील्ड की संख्या कम कर कुल 15 रखी गई है। प्रत्येक नर्तक दल को एक हजार रुपये पुरस्कार के अतिरिक्त दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

कोरबा विधानसभा में 1309 और पाली-तानाखार, रामपुर में 900-900 डाक मतपत्र

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में विधानसभावार निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र से विशेष संवाहक द्वारा डाक मतपत्रों की कुल संख्या 4031 है। नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नाग अपर कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के डाक मतपत्र रामपुर विधानसभा अंतर्गत 900, कोरबा 1309, कटघोरा 922, पाली-तानाखार 900 डाकमत पत्र प्राप्त हुए हैं। जिले में दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयु एवं कोविड प्रभावित अंतर्गत मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र से मतदान करने वाले मतदाताओं की कुल संख्या 227 है। जिसमें रामपुर में 20, कोरबा में 138,कटघोरा में 26 और पाली तानाखार में 43 है। जिले में ईटीपीबीएस अंतर्गत 01 दिसंबर तक प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 163 है। जिसमें रामपुर 32,कोरबा 56, कटघोरा 28 और पाली तानाखार 47 है। मतगणना दिवस में उक्त डाक मतपत्रों तथा निर्धारित तिथि तक प्राप्त ईटीपीबीएस डाक मतपत्रों की गणना सुनिश्चित की जाएगी। ईटीपीबीएस की संख्या परिवर्तनीय है, इस संबंध में सभी रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को जानकारी साझा भी की जा रही है। सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट/ईटीपीबीएस की गणना प्रारंभ होगी। अपर कलेक्टर ने बताया कि ईटीपीबीएस अंतर्गत प्राप्त डाक मतपत्रों की गणना मतगणना से प्रारंभ होने से पूर्व तक स्वीकार किए जाएंगे। अभी तक कुल 4421 डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस प्राप्त हुए हैं।

कथित पत्रकार ने फर्जी मॉइनिंग अधिकारी बनकर की वसूली, जेल भेजा गया

कोरबा-कटघोरा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। एक कथित पत्रकार ने खनिज अधिकारी बनकर कई ट्रेक्टर चालकों से हज़ारों रुपये की अवैध वसूली की। एक ट्रेक्टर के मालिक द्वारा वसूली करने के संबंध में की गई शिकायत व रिपोर्ट पर धारा 384 भयादोहन का जुर्म दर्ज कर फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम कसनिया निवासी व कथित पत्रकार पुनीत दुबे के विरूद्ध थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है ताकि वह स्वयं को पत्रकार और माईनिंग अधिकारी बताकर रेत परिवहन में लगे ट्रेक्टरों से अवैध वसूली करता है। एक ट्रेक्टर मालिक के द्वारा की गई रिपोर्ट पर पुनीत दुबे के विरुद्ध धारा 384 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई। हालांकि उसने अपराध दर्ज होने से पहले शिकायत आवेदन की जांच के दौरान प्रार्थी को उसके रूपये वापस लौटा देने की बात कही थी लेकिन इसके बाद वह फरार हो गया। तलाश में लगी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वह अपने घर आया हुआ है। सूचना उपरांत ग्राम कसनिया में दबिश देकर पुनीत दुबे को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया गया है।

कोरबा पहुंचा अयोध्या में पूजित अक्षत कलश, कई स्थानों पर स्वागत

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र की जन्म भूमि अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर निर्माण की अंतिम प्रक्रिया में है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले अखिल भारतीय स्तर पर अनेक आयोजन सनातन हिंदू समाज कर रहा है। इस बीच संपूर्ण समाज को मंदिर दर्शन के लिए न्योता देने अयोध्या में पूजित अक्षत कलश चारों दिशा में भेजे जा रहे हैं। कोरबा में अक्षत कलश का स्वागत शोभा यात्रा के साथ किया गया।

प्राचीन राम जानकी मंदिर सीतामढ़ी से शुक्रवार की शाम पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। केसरिया ध्वज के साथ इसमें सभी समाज के लोग शामिल हुए। सप्तदेव मंदिर, मुख्य मार्ग, पावर हाउस रोड, टीपी नगर चौक पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। सीएसईबी चौक के नजदीक गायत्री शक्तिपीठ पूजा-अर्चना के साथ अक्षत कलश की स्थापना कराई गई। अक्षत कलश की नित्य प्रति पूजा-अर्चना और संकीर्तन के बाद आगामी कार्यक्रम के अंतर्गत गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया जाएगा और लोगों को राम मंदिर दर्शन के लिए अक्षत के साथ न्योता दिया जाएगा। 1 से 15 जनवरी तक घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। इस दौरान समस्त परिवार तक संपर्क कर सभी को पूजित अक्षत प्रदान किया जाएगा व राम मंदिर का निमंत्रण व राम मंदिर अयोध्या का चित्रक दिया जाएगा। 22 जनवरी को पूर्वाहन 11 से अपरान्ह 1 बजे तक अपने ग्राम, नगर, मोहल्ला, कॉलोनी मैं स्थित किसी भी मंदिर में रामभक्त एकत्र होकर भजन-कीर्तन करेंगे। कोरबा जिले में श्री राम जन्मभूमि सेवा महोत्सव समिति इस काम को संपादित कर रही है।

301 दीप प्रज्वलित कर गुरु प्रकाश पर्व का आगाज

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे के नेतृत्व में 1 दिसंबर से गुरु घासीदास बाबा की जयंती का आगाज़ छत्तीसगढ़ में हर्ष उल्लास के साथ किया गया। दिसंबर माह के प्रारंभ से ही समस्त सतनामी समाज के लोग अपने-अपने घरों व मंदिरों में साज-सज्जा के साथ गुरूपर्व की शुरूआत करते हैं। इसी कड़ी में रायपुर के अमलीडीह में सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ की टीम ने 301 दीप जलाकर आतिशबाजी, फूल की वर्षा कर मिठाई बांटकर पूजा-अर्चना कर इसे शुरू किया। कोरबा जिले में भी सतनामी समाज के द्वारा घरों-घर गुरू प्रकाश पर्व का आगाज दीप जलाकर किया गया है।

अस्पताल और स्कूल में निकला सांप, किया गया रेस्क्यू

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। विभिन्न इलाकों में सर्पों के निकलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस कड़ी में दो अलग-अलग भवनों में निकले सांप को रेस्क्यू किया गया। एक मामला सीएसईबी के अस्पताल का है जहां शाम करीब 6 बजे डॉक्टरों के द्वारा अस्पताल के अंदर स्टोर रूम में जहरीले नाग को फन फैलाये देखा गया। उन्होंने (आरसीआरएस) संस्था के अध्यक्ष अविनाश यादव को फोन पर इसकी सूचना दी। अविनाश ने संस्था के सदस्य उमेश यादव को मौके पर भेजा जिसने जहरीले नाग को सफ़लता पूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

इसी तरह ग्राम नकटीखार के मिडिल स्कूल में कोबरा सांप निकलने से शिक्षकों सहित विद्यार्थियों में हडक़ंप मची रही। इसकी सूचना मिलते ही वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी स्कूल पहुंचे। कोबरा सांप ईट के ढेर में छुपा था। स्थानीय लोगों की मदद से ईट के ढेर को बड़ी सावधानी से हटा कर कोबरा के रेस्क्यू किया गया।

अकेली महिलाओं के लिए आरपीएफ चला रही माय सहेली अभियान

महिला आरक्षक माधवी मिलती है यात्रियों से

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के दिशा-निर्देशन में कोरबा रेलवे पुलिस के द्वारा ट्रेन में अकेले सफर करने वाली महिलाओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए माय सहेली अभियान चलाया जा रहा है। कोरबा से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और लिंक एक्सप्रेस को इस श्रेणी में रखा गया है।

आरपीएफ कोरबा के प्रभारी उप निरीक्षक रघुनाथ सिंह के निर्देश पर सभी टीम की प्रतिदिन ड्यूटी लगा दी गई है। महिला आरक्षक माधवी द्विवेदी ट्रेन में सफर करने वाली महिला यात्रियों से मिलकर उनका हालचाल जानती हैं और उन्हें समझाईश भी दी जाती है कि वे ट्रेन में अकेले सफर जरूर कर रही हैं लेकिन हर प्रमुख स्टेशन में उनकी खैरियत पूछी जाएगी। इस अभियान को लोगों की सराहना मिल रही है। ट्रेनों में यात्रा के दौरान असुरक्षित महसूस करने वाली महिलाओं और युवतियों को भी काफी राहत और सुरक्ष मिल रही है। बता दें कि रेलवे पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए डायल 139 टोल-फ्री नंबर भी जारी किया है। किसी तरह की आपात स्थिति में इस नंबर पर संपर्क कर मदद ली जा सकती है।

आरक्षण के दौरान मिल जाती है पूरी जानकारी

आरपीएफ के एएसआई निरंजन ने बताया कि माय सहेली अभियान में कोरबा से रवाना होने वाली छत्तीसगढ़ और लिंक एक्सप्रेस को इस अभियान की श्रेणी में रखा गया है। कोरबा से किसी भी अकेली महिला अथवा युवती के टिकट का आरक्षण होने पर उनका लिंक आरपीएफ के पास पूरी जानकारी के साथ आ जाता है। इसके माध्यम से संबंधित महिला यात्री के पास जाकर उन्हें समझाईश दी जाती है। एएसआई श्री निरंजन ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे पुलिस पूरी तरह से कटिबद्ध है और उनकी रक्षा करना कर्तव्य है।

आचार संहिता खत्म होते ही आर्थिक नाकाबंदी करेंगे भू-विस्थापित

82 दिनों से जारी आंदोलन को नहीं सुलझा सके प्रबंधक

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल दीपका परियोजना क्षेत्र के भूविस्थापितों ने रोजगार के मामले को लेकर 11 सितंबर से दीपका प्रबंधन के दफ्तर के सामने अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन जारी रखा है। 82 दिनों से जारी आंदोलन को लेकर दीपका प्रबंधन गंभीर नहीं है। इससे नाराज भूविस्थापित व आंदोलनकारियों ने ऐलान किया है कि आदर्श आचार संहिता खत्म होते ही पूरे परिवार के साथ दीपका खदान को पूर्ण रूप से आर्थिक नाकेबंदी कर बाधित किया जाएगा।

गौरतलब है कि दीपका परियोजना के लिए वर्ष 1986 में ग्राम सिरकी, चैनपुर, सुवाभोड़ी, मलगांव, झिंगटपुर, बेलटिकरी, झाबर, रतिजा, रेंकी, दीपका के लगभग 1701 हेक्टेयर (4167 एकड़) भू-स्वामियों का भूमि अधिग्रहण किया गया था। इसमें रोजगार लगभग 1645 भूस्वामियों को नौकरी का आबंटन प्रबंधन के द्वारा किया गया था जिसमें दीपका परियोजना के द्वारा 1435 भूस्वामियों को रोजगार दिया गया है। 175 रोजगार किन्हीं कारणवश शेष हैं। जिला प्रशासन के द्वारा सत्यापन करने के उपरांत 41 लोगों को रोजगार के लिए पात्र माना गया है इसमें 35 भू स्वामी रोजगार के एवज में मुआवजा ले लिए हैं। लंबित पात्र 41 भू स्वामियों के आश्रितों को रोजगार के लिए प्रबंधन ने नामांकन भरवाया लेकिन आज तक कोई न कोई कारण लगाकर रोजगार रोका गया है। इसके कारण भूविस्थापित ग्रामीणों में रोजी-रोटी व भविष्य की चिन्ता है। भूविस्थापित ग्रामीण लगातार प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलकर आंदोलन व संघर्ष कर रहे हैं।

एसईसीएल प्रबंधन का भूविस्थापितों के प्रति रवैया तानाशाहीपूर्ण-नेताम

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिले में कई दशकों से अपने पुरखों की जमीनों के बदले में नौकरी, मुआवजा, बसाहट आदि अपने मूलभूत अधिकारों के लिए मूल निवासी लगातार आंदोलनरत हैं। उन भूविस्थापित आंदोलनकारियों को असामाजित तत्व करार देने वाले एस.ई.सी.एल प्रबंधन के गैर जिम्मेदाराना एवं भडक़ाऊ बयान को श्रमिक संगठनों ने बहुत गंभीरता से लिया है।

भू-विस्थापित आंदोलन के खिलाफ कोयला प्रबंधन के अधिकारियों की बयानबाज़ी की तीखी आलोचना करते हुए ऑल इंडिया सेंट्रल कौंसिल ऑफ़ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के राज्य कार्यवाहक अध्यक्ष बीएल नेताम तथा राजमिस्त्री मजदूर रेजा कुली एकता यूनियन के राज्य अध्यक्ष सुखरंजन नंदी ने कहा है कि एसईसीएल प्रबंधन को आंदोलनकारी और असामाजिक तत्व के बीच का अंतर ही नहीं पता है। श्रमिक नेताओं ने कोयला प्रबंधन के द्वारा भूविस्थापितों के आंदोलन पर रोक लगाये जाने के पहल को अलोकतांत्रिक और तानाशाहीपूर्ण बताया है। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने का अधिकार है। एसईसीएल प्रबंधन का यह कदम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर ही सीधा-सीधा हमला है। मजदूर नेताओं ने कहा है कि प्रबंधन आंदोलन को प्रशासन के माध्यम से कुचलना चाहती है। यूनियन नेताओं ने एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा ऐसी अलोकतांत्रिक कदम को वापस लेने की मांग की है।

भू-अर्जन के बाद जन्मे आश्रितों को भी रोजगार दें

आंदोलनकारी भागीरथ यादव, प्रकाश कोर्राम ने बताया कि रोजगार को लेकर अनेकों पत्र शासन-प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन को लिखा जा चुका है। पूर्व में तीन दिनों का आमरण अनशन मलगांव फेस पर किया गया। मांग की गई है कि दीपका क्षेत्र द्वारा पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों में रोजगार के लिए लागू नियमों का पालन कर सभी को रोजगार प्रदान किया जाए। अर्जन के बाद जन्म लेने आश्रितों को भी रोजार दिया जाए। पूर्व लागू 1988 के नियम में अर्जन के बाद जन्म लेने वाले आश्रितों के रोजगार नहीं देने कोई उल्लेख नहीं है, पुराने प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करने की भी मांग है। आंदोलन में भागीरथ यादव, प्रकाश कोर्राम, सागर जायसवाल, रामाधार यादव, संदीप कंवर, नंदकुमार यादव, हेमंत हिरड़ा, केशी कंवर, केशव चंद्र कंवर, परमेश्वर, बालेश्वर, अनूप कंवर, रविंद्र, जगत, राम कुमार, आकाश कुमार, गणेश सिंह ऊईके, बसंत कंवर, ललित महिलाएंगे, संतोष चौहान, रुद्र दास महंत, महेतरीन बाई, बुधवार बाई सहित अनेक ग्रामीण शामिल हो रहे हैं।

सप्तदेव मंदिर में मंगसिर नवमीं उत्सव 6 को

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सप्तदेव मंदिर में मॉ राणीसती दादी का मंगसिर नवमीं उत्सव 6 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जायेगा।

इस दिन मंदिर में दादी का अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा, ज्योत जगाई जायेगी एवं दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक

राणीसती दादी चरित मानस का संगीतमय भव्य मंगलपाठ श्रीमती लीना अग्रवाल एंड पार्टी कोरबा के द्वारा किया जायेगा। इस हेतु मंदिर में पंजीयन प्रारम्भ है। इस मंगलपाठ में जो भी भक्त महिलाएं शामिल होना चाहती हैं वे अपना पंजीयन मंदिर में करवा सकती हैं। मंगलपाठ के समापन के पश्चात सायं 7 बजे भगवान को 56 भोग लगाया जायेगा तथा सायं 7.30 बजे महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा। सभी आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सह परिवार शामिल होकर उत्सव का पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह मंदिर प्रबंधन ने किया है।

एनटीपीसी को कई पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

पीआरओ उष्मा घोष को भी मिला पुरस्कार

कोरबा-जमनीपाली, 1 नवंबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी कोरबा अस्पताल को दिल्ली में आयोजित 31वीं सीएमओ प्रशासनिक बैठक में बड़े अस्पताल श्रेणी के लिए सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा उपविजेता पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार लोकेश महिंद्रा सीएमओ कोरबा द्वारा गुरदीप सिंह सीएमडी एनटीपीसी लिमिटेड और डीके पटेल निदेशक (मानव संसाधन), एनटीपीसी लिमिटेड की उपस्थिति में प्राप्त किया गया।

एनटीपीसी को पीआरएसआई (पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया) अवाड्र्स 2023 में दो पुरस्कार प्राप्त हुए। एनटीपीसी ने पीआर श्रेणी में अंग्रेजी में सर्वश्रेष्ठ समाचार पत्र में दूसरा स्थान हासिल किया और स्वामी चिदानंद सरस्वती, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश ने एनटीपीसी की पीआरओ सुश्री उष्मा घोष को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुधांशु त्रिवेदी, राज्यसभा सदस्य, नई दिल्ली, नरेश बंसल, संसद सदस्य (राज्यसभा) और डॉ. संदीप मारवाह, चांसलर, एएएफटी विश्वविद्यालय और मारवाह स्टूडियो, नोएडा भी उपस्थित रहे। तीसरे स्थान पर एक और पुरस्कार सीएसआर श्रेणी में पीएसयू द्वारा सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास कार्यक्रम के लिए था, जिसे सुश्री उष्मा घोष पीआरओ एनटीपीसी कोरबा ने राजदूत राजशेखर, विदेश मंत्रालय नई दिल्ली, राजीव रंजन मिश्रा वरिष्ठ ऊर्जा सलाहकार विश्व बैंक और पूर्व सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और प्रोफेसर ध्रुब ज्योति पति, डीन और निदेशक, इंडिया टुडे मीडिया इंस्टीट्यूट नोएडा की उपस्थिति में प्राप्त किया। इसके अलावा नवम्बर के गुणवत्ता माह 2023 के दौरान टीम एफक्यूए-कोरबा ने विश्व गुणवत्ता माह पैन एनटीपीसी में पहला स्थान (सर्वश्रेष्ठ एफक्यूए) हासिल किया। यह पुरस्कार एनटीपीसी लिमिटेड के ईडी से सीएमडी के.सुंदरम की उपस्थिति में प्राप्त किया गया।

'लेट कम्युनिटीज लीड' की थीम के साथ मनाया विश्व एड्स दिवस

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी के नेतृत्व में जिले में विश्व एड्स दिवस 'लेट कम्युनिटीज लीड' थीम के साथ मनाया गया। इस थीम का आशय बीमारी से प्रभावित समुदायों को नेतृत्व करने की भूमिका के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी तथा नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा शहरी व ग्रामीण हेल्थ एंड सेंटर्स में भी जागरूकता अभियान किया गया। एड्स जागरूकता पर हस्ताक्षर अभियान, एड्स जागरूकता रैली तथा नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र दिया गया।

हाईटेंशन तार की चपेट में आया इलेक्ट्रीशियन गंभीर

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत आने वाले बरपारा कोहडिया स्थित बस्ती में आज दोपहर एक इलेक्ट्रिशियन हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। घर के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से वह तेज आवाज के साथ गिर पड़ा। गंभीर हालत में उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार बरपारा कोहडिया निवासी बृजलाल बरेठ 44 वर्ष घर के ऊपर से होकर गुजरी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में कैसे आया इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। यह जरूर पता चला है कि बृजलाल घर की छत पर चढक़र टूटी हुई शीट की मरम्मत कर रहा था। माना जा रहा है कि इस दौरान वह घर के ऊपर से गुजरे तार के संपर्क में असावधानीवश आ गया और हादसा हो गया। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार वह कुछ लोगों के साथ घटनास्थल के समीप ही बैठा था कि अचानक तड़तड़ाहट की आवाज सुनाई पड़ी। भाग कर देखा तो पाया कि बृजलाल झुलसी हुई अवस्था में घर के भीतर जमीन पर पड़ा चीख रहा है और उसके छत की शीट टूटी हुई है। एक कपड़ा हाई टेंशन तार पर पड़ा हुआ जलता नजर आया। बृजलाल के घर पहुंचे लोगों ने पाया कि वहां करंट आ रहा था। लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी डायल 112 को दी। मौके पर पहुंचे 112 वाहन की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हाईटेंशन तार, टॉवर के नीचे हो रहे बेतहाशा निर्माण पर नजर नहीं: यहां यह बताना लाजिमी होगा कि न सिर्फ शहर बल्कि इससे लगे इलाकों की बस्तियों से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी लोग हाईटेंशन तार और विद्युत टॉवरों के नीचे और कई जगह तो टॉवर के खंभों के बीच में ही मकान का निर्माण करा कर रह रहे हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमलों की घोर अनदेखी के कारण आलम यह है कि हाईटेंशन तार की ऊंचाई अपने हिसाब से बढ़वा कर या फिर घर के ऊपरी हिस्से पर निर्माण के दौरान तार आने पर उसे खंभे में लोहे का एंगल जुड़वा कर दूर करने का भी काम धड़ल्ले से किया गया है। ऐसे दर्जनों नहीं बल्कि सैकड़ों निर्माण मिल जाएंगे जो हाईटेंशन तार के नीचे अथवा आसपास के निर्धारित दूरी/मानक का उल्लंघन कर बनाए गए हैं। इस तरह की अनदेखी और उल्लंघन हादसे की वजह बन सकते हैं।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को उपस्थित होने के निर्देश

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। 7 वर्षों से अनुपस्थित अधिकारी को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती सीमा गौतम नायक द्वारा बताया गया है कि अशोक कुमार सूर्यवंशी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र कोल्गा विकासखण्ड कोरबा में पदस्थ है, जिनका निवास का पता ग्राम पोस्ट जरहाभाठा (बढ़ई चॉल) पुराना नाका बिलासपुर 25 मार्च 2016 से लगातार कार्य से अनुपस्थित है। उन्होंने संबंधित को अंतिम चेतावनी देते हुए कार्य में उपस्थित होने अन्यथा एक तरफा कार्यवाही हेतु स्वयं जिम्मेदार होने की बात कही है।

ईई की मौत का रहस्य गहराया, हत्या या हादसा

पड़ताल में जुटी पुलिस, शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में चोट मिली पर जानलेवा नहीं

कोरबा, 01 दिसंबर (देशबन्धु)। सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता की गुरूवार शाम संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उन्हें ईलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया था, जहां परीक्षण उपरांत डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शरीर में चोट के निशान मिलने की बात कही जा रही हैं, जिससे हत्या की आशंका है। अब यह हत्या है या हादसा,इसकी पड़ताल पुलिस कर रही है।

जानकारी के अनुसार मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत घंटाघर के समीप पावर हाइट्स के मून ब्लॉक के आवास क्रमांक 304 में सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश धवनकर निवासरत थे। उन्हें गुरुवार की देर शाम इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। मामला संदिग्ध होने के कारण डॉक्टर ने तत्काल अस्पताल पुलिस को मेमो भेजा। ईई के मौत की सूचना पर पुलिस हरकत में आई। सीएसपी भूषण एक्का, कोतवाली टीआई रूपक शर्मा व सिविल लाइन प्रभारी मृत्युंजय पांडे सहित अन्य अधिकारी मृतक के निवास पहुंचे व घटनास्थल जहां ईई चोटिल अवस्था में मिले थे, वहां पड़ताल करने के साथ-साथ आसपास पूछताछ की। ईई धवनकर के साथ कुछ दिन पहले पड़ोसी से विवाद हुआ था जिसकी शिकायत मानिकपुर चौकी में होने पर ईई के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। इसके बाद मामला शांत था। ईई की मौत उपरांत पुराना विवाद उभर कर सामने आया है। उक्त पड़ोसी को संदिग्ध मानकर कई बिन्दुओं पर पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली टीआई रूपक शर्मा ने बताया कि मृतक ईई के माथे और छाती की हड्डी में चोट होना शॉर्ट पोस्टमार्टम में पाया गया है। चोट तो लगी है लेकिन चिकित्सक के मुताबिक यह चोट जानलेवा नहीं है। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि वाद-विवाद में धक्का लगने से ईई गिरे होंगे और माथे व सीने में चोट लगने से स्थिति गंभीर होकर मौत हुई है। बहरहाल पुलिस का दावा है कि एक-दो दिन में मामला सुलझ जाएगा। दूसरी तरफ आज पोस्टमार्टम बाद शव ईई के परिजनों के सुपुर्द करने की कार्यवाही की गई।

सार-संक्षेप

जिले में विधानसभा वार कुल 3688 डाक मतपत्र हुए प्राप्त

सूरजपुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में विधानसभा वार कुल 3688 डाक मतपत्र प्राप्त हुए जिसमें जिलेवासियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधानसभावार प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर में क्रमशः 1134, 1034 और 1281 अर्थात् कुल 3449 डाक मतपत्र निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सुविधा केंद्र में अंतिम मतपत्र के रूप में प्राप्त किया गया। 80 प्लस आयुवर्ग एवं दिव्यांगजनों का विधानसभावार प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर में क्रमशः 17, 20 और 100 अर्थात् कुल 137 डाक मतपत्र उनके घर जाकर प्राप्त किया गया। अनिवार्य सेवा (अनुपस्थित श्रेणी) में विधानसभा प्रतापपुर से 32 डाक मतपत्र प्राप्त हुये। इसी क्रम में सेवा मतदाता के अंतर्गत विधानसभा वार प्रेमनगर, भटगांव व प्रतापपुर में क्रमशः 21, 22 और 27 अर्थात कुल 70 डाक मतपत्र डाक विभाग से प्राप्त हुए।

आज मतगणना स्थल पर होगी मॉक ड्रिल

सूरजपुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। मतगणना तिथि 03 दिसंबर के लिये प्रशासन अमला तैयार है। आज 01 दिसंबर को मतगणना प्रशिक्षण के दोनो चरण का समापन हो गया है। जिसके पश्चात 02 दिसंबर को वास्तविक परिदृश्य से मतगणना ड्यूटी में लगाए गये सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अवगत हो सके इसके लिए मतगणना स्थल आईटीआई भवन परी में मॉक ड्रिल रखी गई है। जिससे मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी मतगणना तिथि के एक दिन पूर्व ही अभ्यस्त होकर मतगणना तिथि के लिए तैयार रहेगें।इसके साथ ही मतगणना स्थल पर वाहनों के पार्किंग का व्यवस्था, त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था व मतगणना स्थल से संबंधित अन्य मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित कर लिये गए हैं।

शिक्षा विभाग ने कराया छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण

मनेन्द्रगढ़ 01 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला शिक्षा विभाग द्वारा व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत छात्रों का औद्योगिक भ्रमण आईसेक्ट(ढ्ढस्श्वष्टञ्ज) कंप्यूटर सेंटर बस स्टैंड में कराया गया।आईसेक्ट एजुकेशन सेंटर बस स्टैंड मनेन्द्रगढ़ में पिछले 29 वर्षों से कंप्यूटर अध्ययन के क्षेत्र में विभिन्न छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित करते हुए उन्हें जागरुक कर रहा हैं।राज्य सरकार की योजना के आधार पर छात्रों के सर्वांगीण विकास और कंप्यूटर के बढ़ते महत्व को बताने तथा उनके भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु कंप्यूटर की जानकारी देने के लिए आईसेक्ट संस्था के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसी के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं जिसमें विशेष रूप से 10वीं 11वीं और 12वीं के छात्राएं उपस्थित रहीं।छात्राओं को संबोधित करते हुए आईसेक्ट मनेन्द्रगढ़ संस्था के संचालक संजीव सिंह ने कह कि नई शिक्षा नीति के तहत कंप्यूटर के विभिन्न कोर्सों की उपयोगिता के साथ आने वाले भविष्य में कंप्यूटर सभी क्षेत्रों के लिए अनिवार्य हो जाएगा। उन्होंने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार आने वाले समय में इसकी उपयोगिता दिन प्रतिदिन बढ़ती जाएगी इसलिए सभी छात्र- छात्राओं को कंप्यूटर अध्ययन के प्रति जागरूक होना चाहिए। इस सेमिनार में आईसेक्ट के सभी स्टाफ और विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षा एवं आजीविका से संबंधित प्रश्नों का सवाल- जवाब सत्र संचालित किया गया,जहां विद्यालय की छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण कर विभिन्न प्रकार की जानकारी को अर्जित किया।औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर, नौकरी के अवसर और स्टार्टअप से संबंधित विद्यार्थियों को जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थी उत्साहित थे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सत्येंद्र सिंह, टी विजय गोपाल राव, व्यावसायिक प्रशिक्षक चंदन कुमार केवट उपस्थित रहे। आगामी वर्षों में व्यावसायिक शिक्षा की एक अलग पहचान पूरे भारतवर्ष में होगी, जिससे विद्यार्थी न केवल शिक्षित होंगे बल्कि अपने जीवन उपार्जन के लिए भी इसका उपयोग करेंगे।जीविका में इसके महत्वपूर्ण योगदान से संबंधित जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य,विद्यालय के सभी स्टाफ, कंप्यूटर सेंटर के डायरेक्टर व स्टाफ ने विद्यार्थियों को उनके सुनहरे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विधानसभा रामानुजगंज में 20 और सामरी में 19 चक्र में होगी मतगणना

बलरामपुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र 07-रामानुजगंज एवं 08-सामरी के लिए द्वितीय चरण में हुए मतदान के बाद आगामी 3 दिसम्बर 2023 को मतगणना होगी। इसके लिए जिला मुख्यालय स्थित स्ट्रांग रूम शासकीय लाईवलीहुड कॉलेज बलरामपुर भेलवाडीह में तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र रामानुजगंज एवं सामरी के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम के माध्यम से मतों की गणना के लिए मानक अनुसार अनुमोदित 14-14 टेबल लगाए जाने का प्रस्ताव अनुमोदन लिया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 07-रामानुजगंज के 20 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 08-सामरी के लिये 19 चक्रों में ईवीएम द्वारा मतगणना की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिये पोस्टल बैलेट के मतों की गणना करने के लिए पृथक से हॉल में व्यवस्था की गयी है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 07-रामानुजगंज में पोस्टल बैलेट के मतों की गणना हेतु 02 टेबल तथा 08-सामरी के लिये 03 टेबल स्थापित किये गये हैं। इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग से अनुमोदन लिया गया है।

अवैध रूप से भण्डारित जब्त उर्वरक की नीलामी 06 दिसम्बर को

कोरिया 01 दिसंबर (देशबन्धु)।2023/उप संचालक कृषि विभाग एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा जिले में संचालित कृषि आदान विक्रेताओं को प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान 05 अगस्त को कोमल कृषि सेवा केन्द्र - तलवापारा बैकुण्ठपुर द्वारा बिना लाइसेंस रासायनिक उर्वरकों का भंडारण/वितरण पाये जाने के फलस्वरूप अवैध रूप से भण्डारित 62 बोरी उर्वरक जिसमें यूरिया 39 बोरी, एन.पी.के. 05 बोरी, एस.एस.पी. 18 बोरी को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 ए का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से जप्त कर दुकान को सील बंद कर दिया गया था।

उक्त जप्त सामग्री की 06 दिसम्बर 2023 को शासन द्वारा निर्धारित मुद्रित दर नीलामी किया जाना है। उक्त कार्यवाही में इच्छुक व्यक्ति/संस्था उप संचालक कृषि कार्यालय में दोपहर 02:00 बजे उपस्थित होकर उक्त नीलामी प्रक्रिया में भाग लेकर सामग्री क्रय कर सकते है।

अंतिम तैयारियों का जायजा लेने मतगणना स्थल पहुंचे कलेक्टर-एसपी

- मतगणना स्थल पर तीन लेयर में की गई सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना के दौरान पूरे जिले में किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम
- अलग-अलग बने प्रवेश गेट और पार्किंग मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध, जांच पश्चात ही मिलेगा प्रवेश

अम्बिकापुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 03 दिसम्बर को होने वाली मतगणना की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना स्थल की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार मतगणना हेतु सभी व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर नियुक्त सभी प्रभारी अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कुंदन ने विधानसभावार मतगणना कक्षों का अवलोकन करते हुए मतगणना हेतु ईवीएम काउंटिंग टेबल व्यवस्था, पोस्टल बैलेट की काउंटिंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का मुआयना किया। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, अधिकारियों कर्मचारियों, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों हेतु प्रवेश स्थल, बैरिकेडिंग व्यवस्था, मेडिकल इमरजेंसी कक्ष, मीडिया कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया गया।

कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बताया कि मतगणना स्थल में तीन लेयर पर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे स्ट्रांग रूम में आंतरिक घेरा है, जिसकी सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ कंपनी को तैनात किया गया है। इसके आलावा सेकेंड लेयर की सुरक्षा के लिए सीएएफ की एक कंपनी को तैनात किया गया है, वहीं तीसरे लेयर के लिए जिला पुलिस बल को तैनात किया गया है। एसपी ने बताया कि काउंटिंग के दौरान कोई भी अपराधिक तत्व या फिर बाहरी व्यक्ति कानून व्यवस्था को उल्लंघन न करें इसके लिए पूरे जिले को पांच सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में एक डीएसपी अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते रहेंगे, उनके साथ एक हथियार बंद दस्ता दिया गया है। यदि कोई कानून व्यवस्था का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में किसी भी प्रकार का हथियार, अग्निअस्त्र, और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना स्थल के अंदर एवं बाहर हथियार बंद पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल पुलिस एक्शन ले सकेगी। सुरक्षा के मद्देनजर लगभग 55 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ो पुलिसकर्मी पॉलिटेक्निक कॉलेज में तथा 45 पुलिसकर्मी 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक फिल्ड में पेट्रोलिंग करते रहेंगे जिससे कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सके।

पहचान पत्र के माध्यम से दिया जाएगा प्रवेश

कलेक्टर श्री कुंदन ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी किए गए हैं, मतगणना दिवस पर मतगणना स्थल में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैमरा, पेन सहित किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा व गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए गेट पर ही मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों तथा अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं की जांच कर प्रवेश दिया जाएगा।

अलग-अलग बने प्रवेश गेट और पार्किंग

इस दौरान बताया गया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के मुख्य गेट से काउंटिंग एजेंट, काउंटिंग सुपरवाइजर, माइक्रो ओब्जर्वर तथा अधिकारी-कर्मचारी प्रवेश कर सकेंगे, इनके लिए वाहन पार्किंग व्यवस्था कला केंद्र मैदान में होगी। अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं और मीडिया प्रतिनिधियों का प्रवेश आईटीआई गेट की ओर से होगा। पॉलिटेक्निक कॉलेज के मैदान में वाहन पार्किंग कर इसी ओर बने एंट्री गेट से परिसर में प्रवेश कर सकेंगे।

मतगणना के दौरान भारी वाहनों पर लगेगा प्रतिबंध

एमसीबी 01 दिसंबर (देशबन्धु)। देशबन्धु मनेंद्रगढ़ से कोरिया की ओर से आने वाली भारी वाहनों (ट्रक, ट्रेलर एवं अन्य वाहन) को कठौतिया के पास रोका जायेगा। बैकुण्ठपुर-कोरिया की ओर से आने वाली सवारी वाहनों तथा अन्य वाहन ईमली गोलाई तिराहा लालपुर गेट से होते हुए बस स्टैण्ड के रास्ते मनेन्द्रगढ़ में प्रवेश करेंगे। घुटरीटोला बेरियर के उस पार रोका जावेगा एवं मध्यप्रदेश की ओर से आने वाली सवारी वाहनों तथा अन्य वाहन बस स्टैण्ड मनेन्द्रगढ़ के रास्ते ईमली गोलाई तिराहा होते लालपुर रोड़ से गन्तव्य की ओर प्रस्थान करेंगे। समस्त भारी वाहनों तथा सवारी वाहनों के प्रवेश मुख्य मार्ग मनेन्द्रगढ़ की ओर पूर्णतः प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

सीईओ नूतन कुमार कंवर होंगे नोडल अधिकारी

अम्बिकापुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 03 दिसम्बर को मतगणना होनी है, जिसके सम्बन्ध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी कर जिले में सम्मिलित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में मतगणना कार्य से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

20 क्विंटल धान जब्त

बलरामपुर 01 दिसंबर (देशबन्धु) शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए 01 नवम्बर 2023 से धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों व समिति प्रबंधकों को धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण व अमानक धान पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में ग्राम मनोहरपुर के कृषक समरथ पैंकरा के द्वारा 20 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर धान बेचने तहसील शंकरगढ़ के धान खरीदी केन्द्र जमड़ी लाया गया था। समिति प्रबंधक के द्वारा बेचने के लिए लाये गए धान का मुआयना किया गया तथा यह पाया कि धान की क्वालिटी ठीक नहीं है। बोरे में भरे नये धान के साथ पुराने धान की मिलावट की गई है। इस दौरान खाद्य निरीक्षक की उपस्थिति में धान जब्ती की कार्यवाही की गई। कलेक्टर ने धान उपार्जन केद्रों में धान खरीदी में पूरी तरह सतर्कता बरतने और अमानक धान न खरीदे जाने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही धान खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा 01 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था की गई है।

मतगणना कक्ष के भीतर कोरा कागज, प्लास्टिक पेन, पेंसिल सहित ये आवश्यक सामग्री ले जाने की होगी अनुमति

अम्बिकापुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यार्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं अथवा मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए एनालॉग केल्कुलेटर प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिन सामग्रियों को मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यार्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं अथवा मतगणना अभिकर्ताओं को ले जाने की अनुमति दी गई है। उनमें ये सामग्री शामिल है - कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्ररूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग आफिसर

द्वारा प्रदाय किए गए इवीएम और वीवीपैट की सूची, जो विधानसभा के विभिन्न मतदान में प्रयोग में लायी गई है। प्लास्टिक पेन या पेंसिल साथ ले जाने की अनुमति होगी।

इसके साथ ही जारी निर्देशानुसार मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था हेतु नियुक्त व्यवस्थापक द्वारा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जाएगा।

ये होंगे पूर्णतः प्रतिबंधित

मतगणना हॉल के भीतर मोबाईल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण और बीड़ी, सिगरेट, गुटका पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

भेंड़-बकरी वंशिय पशुओं का किया जा रहा है टीकाकरण

पशुपालक अपने बकरी एवं भेंड़ों का करायें टीकाकरण

बलरामपुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। पशुपालन विभाग के उपसंचालक ने बताया कि पीपीआर बकरी एवं भेंड़ वंशीय पशुओं में होने वाली श्वसन तंत्र संबंधी विषाणु जनित संक्रामक रोग है। जिससे दुर्बल पशुओं में या जिन पशुओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उनमें संक्रमण होने की संभावना बनी रहती है। इस बीमारी से संक्रमित पशुओं में बुखार, आंखों से अधिक पानी आना, सर्दी से नाक अधिक स्त्रावण होना, दस्त होना इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। जिससे पशुओं की मृत्यु भी हो सकती है। जिले में 20वीं पशु संगणना के अनुसार बकरी/भेंड़ वंशीय पशुओं की संख्या लगभग 03 लाख 53 हजार 249 है जिनमें विभाग द्वरा टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में

छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में पशुधन विकास विभाग द्वारा पीपीआर रोग उन्मूलन हेतु सघन टीकाकरण कार्यक्रम 21 नवम्बर 2023 से प्रारंभ किया गया है। जिले में 21 से 30 नवम्बर 2023 तक कुल 26 हजार 732 पशुओं में टीकाकरण कार्य किया गया। जिले के 06 विकासखण्डों के समस्त ग्रामों में लगातार टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के उप संचालक ने पशुपालकों से आग्रह किया है कि टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें तथा अपने बकरी/भेंड़ वंशीय पशुओं में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय/औषधालय से संपर्क करते हुए टीकाकरण अवश्य लगवायें। साथ हीं अपने बकरी/भेंड़ वंशीय पशुओं में टैगिंग भी अवश्य करवाने में सहयोग प्रदान करें। ताकि पीपीआर टीकाकरण कार्यक्रम के द्वारा इस बीमारी का जड़ से उन्मूलन किया जा सके।

जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का निरीक्षण

बलरामपुर 01 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन पर संयुक्त कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा के द्वारा विकासखण्ड कुसमी के चांदो क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का दौरा कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चांदो के प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व ग्राम कंदरी के हाई स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने स्कूलों की व्यवस्था, साफ-सफाई को देखा। साथ ही उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों से बच्चों को दी जा रही शिक्षा की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बात कर उनकी पढ़ाई क बारे में पूछा। साथ ही उन्होंने उनके विषय के अनुसार उनसे प्रश्न भी किया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से चर्चा करते हुए बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने तीनों स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या तथा उनकी उपस्थिति की जानकारी भी ली। निरीक्षण दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से उनकी पदस्थापना के बारे में भी पूछा।

संयुक्त कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा ने चांदो के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली मध्यान भोजन की जानकारी ली।

एड्स डे पर छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मनेन्द्रगढ़ 01 दिसंबर (देशबन्धु)। हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है ताकि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और 2030 तक एड्स को समाप्त करने के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार किया जा सके साथ ही सभी को संयुक्त रूप से प्रयासों को दोगुना करने के लिए एकजुट किया जा सके ताकि सफलता सुनिश्चित की जा सके।

उक्ताशय का विचार आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संचालक रमेश सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा की 1 दिसंबर को हर साल विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है।

यह एचआईवी संक्रमण से होने वाली जानलेवा बीमारी एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इसका मकसद बीमारी के खिलाफ दुनिया भर के लोगों को एकजुट करने, एचआईवी से पीड़ित लोगों के साथ समर्थन दिखाने, एड्स से मरने वालों को याद करने और नए संक्रमणों के लिये जागरूकता फैलाना है।

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ आईसीटीसी काउंसलर निशा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की एड्स का कारण है एचआईवी या ह्यूमन इम्युनोडिफेशिएंसी वायरस। ये वायरस शरीर के इम्यून सिस्टम (प्रतिरक्षा तंत्र) पर हमला करता है और उसे इतना कमजोर कर देता है कि शरीर दूसरा कोई संक्रमण या बीमारी झेलने के काबिल नहीं बचता। अगर इसका समय पर इलाज नहीं किया गया तो ये आगे चलकर एड्स बन जाता है। दुनिया भर में फिलहाल इसका पुख्ता इलाज नहीं है लेकिन कुछ दवाओं के जरिए मरीज का इम्युन सिस्टम मजबूत बनाए रखा जाता है ताकि वो जिंदा रह सकें।

पहली बार 1988 में मनाया गया एड्स डे

विश्व एड्स दिवस की शुरुआत 1 दिसंबर 1988 से हुई थी। एड्स को लेकर हमारे समाज में सालों से कई मिथक चले आ रहे हैं जिसकी वजह से इस बीमारी से पीड़ित लोगों को शर्मिंदगी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। इन मिथकों को दूर करने और मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए प्रोत्साहन करने के लिए ही दुनियाभर में एड्स डे की शुरुआत हुई है।

इस कार्यक्रम में संस्था के संचालक रमेश सोनी, सह संचालक संजू सोनी, काउंसलर निशा सिंह,शिक्षक सोहन यादव के साथ नाजिया,दिव्या तिवारी, अंजली यादव, नीलेश गुप्ता,दिव्या राजवाड़े, पार्वती सिंह, तन्वी, सचिन, नीरज, रोहन, समीक्षा, मोनिका, आरजू, सुमन, दीपा यशवंत, मानसी गुप्ता, आँचल, गीतांजलि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

वाहन दुर्घटना की पूरी रकम 3,50,000 बीमा कंपनी को देना होगा

जांजगीर, 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। बीमा अवधि में हुंडई क्रेटा वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर मरम्मत खर्च की पूरी रकम देने से बीमा कंपनी द्वारा इनकार किये जाने की शिकायत पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कहा कि कंपनी ने सेवा में कमी की है,अब पूरी रकम 3,50,000, ब्याज, मुकदमे के खर्च व मानसिक क्षतिपूर्ति सहित देना होगा।

शिकायतकर्ता आयुष अग्रवाल ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी रायगढ़ से अपनी हुंडई क्रेटा सीजी 04 एमबी 7865 का बीमा 25 सितंबर 22 से 24 सितंबर 23 तक के लिए एडआन फर्स्ट पार्टी बीमा कराया था। बीमा अवधि में हुंडई क्रेटा वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर बीमा कंपनी ने मरम्मत में खर्च की गई राशि 3,50,000 रुपए के स्थान पर 2,29,674 देने का निर्देश इस आधार पर दिया कि हमारे सर्वेयर ने वाहन में 3,50,000 रुपए की क्षति का आकलन नहीं किया है। तब उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों का अवलोकन कर पाया सर्वेयर की रिपोर्ट को बीमा कंपनी द्वारा विधिवत प्रमाणित नहीं किया है। बीमा एडआन फर्स्ट पार्टी था। बीमा कंपनी ने क्लेम की पूरी रकम देने से इनकार कर सेवा में कमी की है। अत: बीमा कंपनी, उपभोक्ता को क्लेम राशि 3,50,000,रू मासिक संताप का 15,000 रू तथा वाद व्यय का 5,000 रू का आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर अदा करेगी। नियत अवधि में नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देगी। अत: उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 धारा 35 के अंतर्गत पेश शिकायत को स्वीकार कर उक्त आदेश पारित किया गया ।

राईस मिलर्स एशोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष योगेश अग्रवाल का व्यापारियों ने किया स्वागत

सारंगढ 01 दिसंबर (देशबन्धु)। आज राईस मिलर्स एशोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने सारंगढ क्षेत्र का दौरा किया जहां साहू धर्मशाला में सारंगढ-बिलाईगढ जिले के राईस मिलर्स एशोसिएशन के पदाधिकारियों व सदसयगणों संजय अग्रवाल मनोज अग्रवाल रामगोपाल साहू अजेश अग्रवाल राजकुमार केशरवानी विवेक अग्रवाल जीवन रात्रे किशोर मनहर हनुमान सुल्तानिया व नंदकिशोर अग्रवाल महेंद्र केजरीवाल रवीन्द्र नंदे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान योगेश अग्रवाल ने कहा कि समस्त सदसयगणों को संगठित करना व उनकी हर समस्या व आवश्यकता में उनके साथ खडा रहना ही उनका उद्देश्य है तथा नयी सरकार के बैठते ही सदसयगणों की कस्टम मिलिंग ट्रांसपोर्टिंग की रूकी राशियों सहित अन्य समस्याओं के सम्बंध में बात करके निराकरण कराया जाएगा।

कलेक्टर ने मतगणना के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली

सारंगढ़ 01 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतगणना से जुड़े सभी प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा की। डॉ. सिद्दीकी को मतगणना के व्यवस्था के संबंध में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी अधिकारियों ने दिया। बैठक में डॉ. सिद्दीकी ने रिटर्निंग अधिकारी और सहायक मतगणना अधिकारियों को मतगणना के कार्यों को नियमानुसार, प्रक्रिया अनुरूप, विधिवत और समय सभी का ध्यान में रखकर करने को कहा। इस अवसर पर डॉ. सिद्दीकी ने अन्य आवश्यक बुनियादी व्यवस्था भोजन, पेयजल, एंबुलेंस, मीडिया सेंटर, टेलीफोन, पंडाल के संबंध में अधिकारियों को 2 दिसंबर तक पूर्ण करने निर्देशित किया। मतगणना की प्रक्रिया का रिहर्सल 2 दिसंबर 2023 को सुबह 7 बजे से किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ मोनिका वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक एवं अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारीगण आयुष तिवारी, नेत्रप्रभा सिदार, रूपाली मेश्राम, अरपन कुर्रे, कमलेश सिदार, बीईओ बरमकेला नरेश चौहान, नगरपालिका सारंगढ़ सीएमओ राजेश पांडेय, एसडीओ पीएचई कमल कंवर, बीएसएनएल एसडीओ संतोष नायक, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, पीआरओ देवराम यादव, सब इंजीनियर खुशीराम नायक, ईडीएम रोहित सिंह ठाकुर, डीपीओ आशीष वर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, अविनाश सिदार आदि उपस्थित थे।

सौ मीटर दूरी बनाये रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश

सक्ती 01 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश के अनुपालन में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी अस्पताल, न्यायालय, शिक्षण संस्थानों व धार्मिक संस्थानों के 100 मीटर परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को शांत परिक्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश के तहत परिवेशीय ध्वनि पैमाने की सीमा पृथक-पृथक क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है। जिसके तहत औद्योगिक क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 75 डीबी(ए)एलईक्यू और रात के समय 70 डीबी(ए)एलईक्यू, वाणिज्यिक क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 65 डीबी(ए)एलईक्यू और रात के समय 55 डीबी(ए)एलईक्यू, आवासीय क्षेत्र या परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 55 डीबी(ए)एलईक्यू और रात के समय 45 डीबी(ए)एलईक्यू और शांति परिक्षेत्र के लिए दिन के समय 50 डीबी(ए)एलईक्यू और रात के समय 40 डीबी(ए)एलईक्यू निर्धारित की गई है। इसके साथ ही रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। आदेशानुसार शांति परिक्षेत्र जैसे अस्पताल, न्यायालय, शिक्षण संस्थाएं व धार्मिक संस्थाएं आदि के कम से कम 100 मीटर दूरी तक पटाखे न फोड़े जाए। इसी प्रकार इनसे 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हॉर्न या म्यूजिकल हॉर्न या अन्य किसी भी प्रकार के साउंड एम्प्लीफायर का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित होगा। उक्त आदेश का उल्लंघन अधिनियम की धारा 15 के अधीन दण्डनीय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है।

रिटर्निंग ऑफिसर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

सक्ती 01 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक - 37 जैजैपुर के रिटर्निंग ऑफिसर अरुण कुमार सोम के द्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत समस्त राजनीतिक दलों की बैठक ली गई। जिसमे उनके द्वारा मतगणना दिवस के दिन मतगणना से संबंधित सभी व्यवस्थाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

हत्या के आरोपी दामाद को मिली आजीवन कारावास की सजा

जांजगीर, 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। रात्रि में घर के अंदर प्रवेश कर टंगिया से वारकर हत्या करने वाले आरोपी दामाद को व्यायालय प्रवेश कर गया 302 के अपराध के लिए आजीवन कारावास धारा 307 के अपराध के लिए 7 वर्ष तथा धारा 201 के अपराध के लिए 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी गयी है।

चंद्रप्रताप सिंह अपर लोक अभियोजक के बताये अनुसार दिनांक 26 जून 2021 को सुचक आगरदास मानिकपुरी द्वारा थाना बिर्रा में सूचना दिया कि ग्राम सिलादेही हसदेव नदी के पास एक अज्ञात महिला का शव नदी के रेत में गड़ा हुआ दिख रहा है, शव नग्न अवस्था में है तथा शव के सिर एवं कमर के नीचे चोट का निशान दिखायी दे रहा है। उक्त सूचना के आधार पर थाना बिर्रा द्वारा मर्ग कायम कर शव का पंचनाम तैयार किया गया। पतासाजी किये जाने पर

ग्राम मल्दा थाना कसढोल निवासी गणेशराम प्रजापति तथा रामनाथ प्रजापति द्वारा उक्त महिला के शव को अपनी मां सुखमती कुम्हार के रूप में किया गया। उक्त संबंध में थाना में गुम इंसान में दर्ज होना बताया गया। तत्पश्चात मृतिका के शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। विवेचना के दौरान कमलेश कॅबट से पूछताछ किये जाने पर यह पाया कि मृतिका का दामाद आरोपी रामनारायण मृतिका सुखमती से बहुत परेशान था। इस कारण 17जून 2021 को रात्रि के समय आरोपी मृतिका सुखमती के घर गये और आरोपी ने टंगिया से उसके सिर और कमर में मारा तथा आलमारी से पैसा और जेवर निकाल लिया तथा मृतिका को अधमरी हालत में मोटर सायकल से ले जाकर सिलादेही हसदेव नदी के रेत में गढ़ा दिये। विवेचना के दौरान आरोपी का गेमोरंडम कधन गवाहों के समक्ष दर्ज किया गया तथा उसके पेश करने पर गवाहों के समक्ष घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, घटना के समय पहने कपड़े, मोबाईल आदि जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का नक्शा तैयार किया गया। तत्पश्यात आरोपी के विरूद्ध भादवि की धारा 460,302 सहपठित धारा 34, 397,398.201 भादवि दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार अभियोजन ने अभियुक्त के विरुद्ध प्रकरण को युक्तियुक्त सदेह से परे प्रमाणित कराया है। आरोपी रामानारायण कुम्हार पिता बिसाहू कुम्हार उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम नगारीडीह थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा को भादवि की धारा 302 के अपराध के लिए आजीवन कारावास तथा 5000 के अर्थदण्ड, धारा 397 के अपराध के लिए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 4000 के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। इसी प्रकार साक्ष्य छिपाने के अपराध के लिए धारा 201 के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3000 के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को कमश: 6.5, एवं 4 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताये जाने का आदेश माननीय न्यायालय द्वारा दिया। गया है। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से चंद्र प्रताप सिंह विशेष लोक अभियोजक जांजगीर ने पैरवी की।

सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर व एसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

जांजगीर, 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज जांजगीर में विधान सभावार मतगणना कक्ष बनाया गया है। जिसका आज विधानसभा 33 जांजगीर-चांपा सामान्य प्रेक्षक साईबल चक्रवर्ती, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एसपी विजय अग्रवाल ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, सर्व रिटर्निंग ऑफिसर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रेक्षक, कलेक्टर एवं एसपी ने विधानसभावार बनाये गये मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, मोबाइल एवं गेजेट्स चेकिंग, स्ट्रॉन्ग रूम मूवमेंट की सीसीटीवी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा - निर्देश दिए।

प्रतिबंधित सामग्रियों की चेक लिस्ट जारी

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत मतगणना दिवस 3 दिसम्बर को प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदाय करने की व्यवस्था की जाएगी।

प्राप्त निर्देशानुसार मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल में कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रदाय किये गये ईव्हीएमएस एवं व्हीव्हीपीएटीएस की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लायी गई है, प्लास्टिक पेन, पेंसिल, मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था हेतु नियुक्त व्यवस्थापक द्वारा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जायेगा।

मतगणना हॉल के भीतर प्रतिबंधित सामग्री

मतगणना हॉल के भीतर मोबाईल फोन, आई पेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण सहित बीडी, सिगरेट, गुटका को प्रतिबंधित किया गया है।

चुरतेली में विधिक जागरूकता एवं विश्व एड्स दिवस का आयोजन

डभरा, 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरतेली में विधिक जागरूकता शिविर एवं विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस पर टीकाराम सारथी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरतेली की उपस्थिति में थाना डभरा एवं थाना चंद्रपुर में कार्यरत पैरालीगल कार्यकर्ता लक्ष्मी डनसेना एवं सुनीता मिरी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एड्स के बारे में सामाजिक जागरूकता, मोटर व्हीकल एक्ट, बाल अपराध,बाल संप्रेक्षण गृह एवं आन लाइन हो रहे क्राइम विषय पर विस्तृत चर्चा की गई एवं छात्र-छात्राओं को हिदायत दी गई कि बिना वैध लाइसेंस एवं बिना हेलमेट के मोटरसायकिल का उपयोग न करें। साथ ही शाला के छात्राओं को एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में मनाया विश्व एड्स दिवस

अकलतरा, 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल एवं श्री ऋषभ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रेड रिबन व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एड्स बीमारी से बचाव कैसे करें इस विषय पर चर्चा एवं नियंत्रण के उपाय के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर मितेश कश्यप रहे।

डॉक्टर कश्यप ने एड्स के फैलने के कारणों और सुरक्षा के उपाय बताये। उन्होने आईसीटीसी केंद्र जाने व टोल फ्री नंबर 1097 पर संपर्क करने पर जोर दिया। महाविद्यालय के संचालक डॉक्टर जेके जैन ने एड्स के बारे में जागरूक रहने की बात कही। प्राचार्य डॉक्टर तृप्ति शुक्ला ने नियंत्रण एवं सुरक्षा हेतु उपाय के बारे में चर्चा की। प्रोफेसर गायत्री यादव ने एड्स के लक्षणों के बारे में बतलाया। बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा कविता पांडे ने लोगों में जागरूकता लाने व जागरूक रहने की बात कही। बीसीए सेकंड ईयर के छात्र प्रियांशु राठौर ने नियंत्रण हेतु जागरूकता के साथ-साथ फैलने के कारणों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर तृप्ति शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

व्याख्याता पीके शर्मा को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

जांजगीर, 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में पिछले 17 वर्षों से पदस्थ रहे व्याख्याता शिक्षाविद् प्रद्युम्न कुमार शर्मा को को अधिवार्षिकी पूर्ण करने पर संस्था परिवार द्वारा प्रंशसा पत्र, शाल श्रीफल भेंटकर भावभीनी बिदाई दी गई।

श्री शर्मा की शैक्षिक उपलब्धियां राज्य स्तर की रही है उनके द्वारा लीडरशीप, 7 हेबिट्स, एनईपी, टीएलएम निर्माण, अंग्रेजी विषय प्रशिक्षण, अधिस्थापन प्रशिक्षण कार्यक्रम मे जिला से लेकर राज्य स्तर तक मास्टर टेनर्स की भूमिका का निर्वहन किया गया है। विदाई समारोह में प्राचार्य बीपी साहू ने श्री शर्मा को शैक्षिक कार्यकाल को

यादगार बताते हुये उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, प्रज्ञा का महामानव बताते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपप्राचार्य एलके पाण्डेय ने उन्हें अपना एक सहयोगी, विधियों का ज्ञान रखने वाला, अनुशासन प्रिय शिक्षक बताते हुये उनके सेवानिवृत्ति पर दीर्घायु जीवन की कामना की। सहायक प्राध्यापक एमआर चन्द्रा ने श्री शर्मा को विज्ञान विषय में प्रयोग के लिए उनकी तारीफ की। छात्राध्यापकों में द्वितीय वर्ष के कु. झन्कृति साहू, कु.यामिनी लहरे ने उन्हें अपना आदर्श शिक्षक बताया। इस अवसर पर पी.के.शर्मा ने उपस्थित छात्राध्यापकों को अपने शिक्षकीय जीवन में समयबद्धता का पालन करने, दिये गये कार्यों को समय पर पूरा करने, निरंतर विषयागत ज्ञान बढाने हेतु अध्ययन करने की सलाह दी एवं डाइट में अपनी संस्मरणों को याद करते हुये इसे कभी ना भूलने वाला पल बताया। कार्यक्रम में सभी अकादमिक सदस्यों एस.के.राठौर, एन.एल प्रधान, गोपेश साहू, के.एम.जायसवाल, प्रतिमा साहू, बी.जायसवाल, सुरेश साहू, रमा गोस्वामी, कल्याणी बोस, मिली सिंह, एन.एल.पोर्ते, विशाल वैभव, कुसुम सोनवानी मैडम ने भी अपना विचार करते हुये उन्हें एक आदर्श शिक्षक बताते हुये उनके शैक्षिक जीवन की सफलता के संस्मरण को याद किया। विदाई समारोह में सक्ती जिले से पुष्पेन्द्र कौशिक, बिलासपुर जिले से रामकृष्ण विंझवार, जयंत कुमार, जांजगीर जिले से श्रीमती शालिनी शर्मा ने श्री शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

इलेवन केवी तार की चपेट में आकर मजदूर की मौत

जांजगीर, 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। अचनाकपुर के सोनू सिदार की 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कर स्वजन को सौंप दिया गया है।जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह करीब 8.30 बजे जामपाली का हार्वेस्टर मेकेनिक काम के लिए अचनाकपुर की ओर जा रहा था, वहीं रास्ते मे 11 केवी तार गुजरी है। जहां हार्वेस्टर को निकलने में परेशानी हो रही थी।

हार्वेस्टर के ड्राइवर द्वारा वहीं पास से गुजर रहे सोनू सिदार को बांस के सहारे 11 केवी तार को उठाने के लिए बोला गया, जिस पर सोनू हार्वेस्टर के ऊपर चढ़ कर तार को हटा ही रहा था कि अचानक वह दूसरे तार की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही सोनू सिदार की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची । शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना किया गया। पुलिस मर्ग कायम

कर जांच कर रही है। सोनू सिदार अचनाकपुर का निवासी है और अपने माता-पिता का इकलौता लड़का था। मृतक की दो बहनें भी हैं, उनमें से एक बड़ी बहन की शादी हो गई है । वहीं छोटी बहन अभी पढ़ाई कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सोनू मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मामले में यह भी जानकारी मिली है कि जामपाली निवासी हार्वेस्टर मालिक द्वारा 5 लाख रुपए मृतक के स्वजन को तात्कालिक मुआवज़ा देने की बात कही है।

पटवारी ने घर बैठे की गिरदावरी, कम हो गया रकबा

जांजगीर, 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्राम नंदेली के किसानों ने रकबा में कटौती की शिकायत करते हुए तहसीलदार से संशोधन की मांग की है। तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि जैजैपुर तहसील अंतर्गत नंदेली के किसानों का रकबा कम हो गया है। जिससे वे पूरा फसल नहीं बेच पा रहे हैं।

इस संबंध में पटवारी से भी कई बार शिकायत की जा चुकी है मगर उनके द्वारा भी कोई पहल इसको सुधारने के लिए नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि गिरदावरी के समय पटवारियों को खेतों में जाकर मौका निरीक्षण कर रकबा दर्ज करना था मगर पटवारी ने बिना मौके पर गए

गिरदावरी की है और इसके कारण गांव के अधिकांश किसानों आज किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर रकबा में संशोधन करने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश कुमार चंद्रा, संतोष चंद्रा, भरत लाल चंद्रा, भुवन लाल, अंजोर लाल, राजेश कुमार, शांतनू चंद्रा, ताराचंद, महेंद्र पाल चंद्रा, उदल, यागेद्र चंद्रा सहित अन्य किसान बड़ी संख्या में शामिल थे। ज्ञापन के बाद वे पटवारी के पास भी गए और उन्हें इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए रकबा में सुधार की मांग की।

रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा और डॉ. तिवारी ने ली अभ्यर्थियों की बैठक

मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस आदि मतगणना स्थल में प्रतिबंधित

सारंगढ़ 01 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ विधानसभा-17 मोनिका वर्मा ने और रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ विधानसभा-43 डॉ. स्निग्धा तिवारी ने दोपहर 2 बजे राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली।

रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा और रिटर्निंग अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी ने सभी संबंधितों को जानकारी दी कि द्वितीय चरण में हुए मतदान के बाद आगामी 03 दिसम्बर 2023 रविवार को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना तिथि

को कोषालय सारंगढ़ स्थित स्ट्रांग रूम से दोनों विधानसभा की मतपेटियां अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा के साथ प्रात: 8 बजे के पूर्व में मतगणना स्थल तक लाया जाएगा। सारंगढ़ विधानसभा-17 में डाकमत का 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का टेबल 21 टेबल है, जिसका मतगणना 17 राउंड में संपन्न होगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा 43 में 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का 21 टेबल है, जिसका मतगणना 18 राउंड में संपन्न होगा। सबसे पहले 8 बजे से डाक मतपत्रों की गणना प्रारम्भ की जाएगी और उसके आधे घंटे बाद ईवीएम मशीन के मतों की गणना प्रारम्भ होगी। पांच ईवीएम मशीनों के ईवीएम और वीवीपैट के पर्ची से मिलान करने के लिए 5 लॉटरी की जाएगी। लॉटरी में जो नंबर अंकित रहेगा उसी ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन के पर्ची की गणना की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारियों ने सभी अभ्यर्थियों और उनके एजेंट को शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना स्थल में सहयोग करने की अपील की।

रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा और रिटर्निंग अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी ने सभी संबंधितों को जानकारी दी कि अभ्यर्थियों और उनके एजेंट को मतगणना के पूर्व तक मतगणना स्थल मंडी परिसर सारंगढ़ में आईडी के साथ प्रवेश करना है। साथ ही साथ मतगणना स्थल में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे-आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और बीडी सिगरेट, गुटका को प्रतिबंधित किया गया है। मतगणना स्थल के पास पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही साथ मतगणना स्थल में एंबुलेंस, डाक्टर और उनकी टीम, फायर बिग्रेड, बायोटॉयलेट आदि की व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल की सुरक्षा सीआईएसएफ और जिला पुलिस बल दल के द्वारा की जा रही है। पार्किंग की व्यवस्था किसान राइस मिल सारंगढ़ में की गई है।

देश विदेश

इजरायल ने फिलिस्तीन के 30 कैदियों को किया रिहा

यरुशलम। गाजा में अपने अस्थायी संघर्षविराम को एक और दिन बढ़ाने के समझौते के तहत हमास द्वारा अतिरिक्त बंदियों को मुक्त करने के कुछ घंटों बाद इजरायल के अधिकारियों ने शुक्रवार को फिलिस्तीन के 30 कैदियों को रिहा कर दिया। अल-जजीरा अखबार के मुताबिक हमास द्वारा इजरायल के आठ बंदियों को मुक्त करने के कुछ घंटों बाद इजरायल ने फिलिस्तीन के 23 बच्चे और सात महिलाएं सहित 30 कैदियों को रिहा कर दिया है।

मोदी ने यूएई की जलवायु निवेश फंड की घोषणा का किया स्वागत

दुबई, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा प्रस्तावित जलवायु वित्तपोषण फ्रेमवर्क पहल और जलवायु निवेश फंड स्थापित करने

■ **भारत सहित ग्लोबल साउथ के तमाम देशों की जलवायु परिवर्तन में रही बहुत कम भूमिका**

की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत किया और कहा कि इससे उपलब्ध, सुलभ और किफायती जलवायु वित्तपोषण संभव हो पायेगा। श्री मोदी ने आज यहां यूएई की अध्यक्षता में आयोजित विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के ट्रांसफॉर्मिंग क्लाइमेट फाइनेंस सत्र को संबोधित

करते हुए कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत सहित ग्लोबल साउथ के तमाम देशों की जलवायु परिवर्तन में भूमिका बहुत कम रही है। पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव उनपर कहीं अधिक हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद ये देश जलवायु कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी बहुत ही ज़रूरी है। ग्लोबल साउथ के देशों की अपेक्षा है कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए विकसित देश उनकी अधिक से अधिक मदद करें। ये स्वाभाविक भी है और न्यायोचित भी है।

श्री मोदी ने कहा, अपनी जी-20 अध्यक्षता में, भारत ने सतत विकास और जलवायु परिवर्तन इन दोनो विषयों को बहुत ही प्राथमिकता दी है। हमने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को अपनी अध्यक्षता का आधार बनाया और साझा प्रयासों से, कई विषयों पर सहमति बनाने में भी सफलता पाई। उन्होंने कहा कि जी-20 में इसे लेकर सहमति बनी है कि जलवायु कार्रवाई के लिए 2030 तक कई ट्रिलियन डॉलर जलवायु वित्तपोषण की आवश्यकता है।

मोदी ने गुटेरेस से की मुलाकात

दुबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां विश्व जलवायु कार्रवाई सम्मेलन से इतर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। श्री मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान समर्थन के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव को धन्यवाद दिया। उन्होंने जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत की पहल और प्रगति पर प्रकाश डाला। दोनों नेताओं ने जलवायु कार्रवाई, जलवायु प्रौद्योगिकी और संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय मंचों तथा वित्तीय संस्थानों में सुधारों से संबंधित ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं और चिंताओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जी20 अध्यक्षता के तहत सतत विकास, जलवायु कार्रवाई और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों में भारत के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री की 'ग्रीन क्रेडिट' पहल का स्वागत किया। श्री गुटेरस ने भारत की जी20 अध्यक्षता की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने और उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन 2024 में आगे ले जाने के लिए भारत के साथ काम करने की पुष्टि की।

गाजा पर इजरायली हमलों में 32 की मौत, कई घायल

यरुशलेम, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर शुक्रवार सुबह इजरायल की सेना के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, अल अरबिया ब्रॉडकास्टर ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि इजरायली हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, संघर्ष विराम की समाप्ति के तीन घंटे के भीतर इजरायली कब्जे के नरसंहार के पीड़ितों की संख्या बढ़कर 32 हो गई। इनमें कई लोगों को अलग-अलग स्तर की चोटें लगीं। मृत और घायल लोगों में अधिकांश महिलायें और बच्चे शामिल हैं। इससे पहले दिन में, इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि हमास ने मानवीय विराम तोड़ दिया, जिससे इज़राइल को युद्ध फिर से शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का दिया हवाला

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गुरुवार देर रात रिपोर्ट दी कि दोनों पक्ष अस्थायी मानवीय विराम को आठवें दिन तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।इसकी हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। नवीनतम संघर्षविराम आज स्थानीय समयानुसार सुबह 07:00 बजे समाप्त हो गया। इजरायल और हमास के बीच एक सप्ताह के संघर्ष विराम की अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद शुक्रवार को इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा को फिर से निशाना बनाते हुए पूरी ताकत के साथ हमला शुरू शुरू किया। इजरायल के हवाई हमलों दक्षिण गाजा पर हमला किया, जिसमें खान यूनिस शहर के पूर्व में अबासन समुदाय रहते हैं।

सुडोकू 6393

7	9			5			2	
		2	7					4
	8							
				7	8	4		9
	6						7	
1		4	3	2				
							6	
6					7	3		
	3			4			9	2

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6393



बायें से दायें:-

१. बहुत दूर तक देख सकने वाली तेज नज़र (उपमा)
३. ऊपर लिखा या बताया गया
५. व्यापारी
६. दुविधा,असमंजस
७. वाल्मीकि का मूल नाम
९. घटना-वाकया
१०. सागर-मंथन से निकला एक वृक्ष
१२. मां, जन्मदायिनी
१३. ठगना, छल करना
१४. मोर की पूंछ, समूह
१६. प्राय: अधिकांश
१८. जो कभी बटा न हो
२०. सुग्रीव का राज्य
२१. जलयात्रा पर चलने वाली नौका
२३. नगरवासी

ऊपर से नीचे:-

१. श्रीकृष्ण
२. पक्का इरादा
३. पारिश्रमिक (उर्दू)
४. रोकने वाला
५. बरगद का पेड़
८. एक सुगंधित फूल, उसका पौधा
१०. कड़वे स्वाद का
११. बिच्छू
१२. महोदय, श्रीमान (उर्दू)
१३. के कुल में उत्पन्न
१४. दागदार
१५. वेशभूषा, लिबास
१७. सूरत, शक्ल का ब्यौरा
१८. असीमित, बेहद
१९. धोना, रंगना
२२. सरिता, तटिनी

वर्ग पहेली-6392

१ ब	द	२ ह	वा	३ स	■	४ सौ	म	५ न	स्य
ल	■	म	■	६ म	र्या	दा	■	र्म	■
७ वा	रि	स	■	झ	■	८ मि	क	दा	९ र
न	■	फ	■	१० दा	मि	नी	■	■	ज
■	११ द	र	१२ का	र	■	■	१३ वि	जि	त
■	रि	■	न	■	१४ घ	प	ला	■	म
१५ भ	द	१६ ज	न	■	ट	■	१७ स	१८ म	य
र	■	क	■	१९ अ	ना	२० थ	■	दि	■
२१ पा	प	ड़	■	धि	■	२२ क	त	रा	२३ ना
यी	■	२४ ना	म	क	मा	ना	■	■	री

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 2 दिसम्बर , 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 5

राशिफल

मेष - आज आप में भावुकता काफी रहेगी, इस कारण किसी की बात या व्यवहार से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता आपको हो सकती है। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होने से आप काफी राहत का अनुभव करेंगे। आज आप काफी भावुक और संवेदनशील रहेंगे, इससे आपकी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति उभर कर सामने आएगी।

मिथुन - शुरुआती परेशानी के बाद आपके निर्धारित काम आसानी से पूरे होंगे। इससे आपको काफी प्रसन्नता होगी। आर्थिक योजनाओं के कारण आपकी कई परेशानियां कम होती लगेंगी।

कर्क - आपके दोस्तों, परिजनों तथा परिवार के साथ आपका दिन काफी बेहतर रहेगा। उनकी ओर से मिले उपहार आपके हर्ष को दोगुना कर देगा। बाहर घूमने का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा।

सिंह - आज आपके लिए कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना हितकर होगा। मन में बेचैनी रहेगी। विभिन्न चिंताएं सताएंगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कन्या - आज आपको विविध क्षेत्रों में यश, कीर्ति और लाभ मिलेगा। धन की बेहतर आवक होगी। बुजुर्गों तथा मित्रों के साथ आपका दिन आनंदमय रहेगा। कहीं घूमने जा सकते हैं। पत्नी और बच्चों के साथ अच्छा समय गुजरेगा।

तुला - आज आपके घर और कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण रहने से काफी प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए पदोन्नति का योग है। काम में उच्च अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

वृश्चिक - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से काफी थकान और आलस्य का अनुभव करेंगे, जिससे उत्साह की कमी रहेगी। इसका प्रभाव व्यावसायिक क्षेत्र में देखने को मिलेगा। इससे परेशानी हो सकती है।

धनु - आज आपको कोई भी नया काम शुरू न करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की सलाह दी जाती है। कफ तथा पेट संबंधी बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। शल्यक्रिया जैसे बड़े मामलों को आज टाल दें।

मकर - आज का दिन पैसों की दृष्टि से बहुत अच्छा रहेगा। व्यापार वृद्धि के योग हैं। इसके अलावा दलाली, ब्याज, कमिशन से मिलनेवाले पैसों से धन में वृद्धि होगी। प्रेमियों के लिए भी आज का दिन बेहतर है।

कुंभ - काम में सफलता पाने के लिए आज का दिन उत्तम है। आपके द्वारा किए गए काम से आपको यश और कीर्ति मिलेगी। परिवार में अच्छा वातावरण रहेगा। तन-मन से आप ताज़गी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

मीन - आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा होने वाला है। उनको अभ्यास में सफलता मिलेगी एवं प्रगति के लिए नए मौके मिलेंगे। आप अपनी कल्पना शक्ति से साहित्य लेखन में नया काम कर सकते हैं।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

श्रीलंका में तेज हवाओं का अलर्ट जारी

कोलंबो, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। श्रीलंका में शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों के ऊपर एक दबाव विकसित होने के कारण तेज हवाओं और अशांत समुद्र के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। श्रीलंका के मौसम विज्ञान विभाग ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने के कारण गहरे और उथले समुद्री क्षेत्रों में मछली पकड़ने और नौसैनिक समुदायों को तेज हवाओं और उबड़-खाबड़ समुद्रों से सावधान रहना चाहिए। विभाग ने कहा कि मौसम की स्थिति तीन दिसंबर तक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगी लिहाजा एहतियाती उपाय के रूप में नौसैनिक और मछली पकड़ने वाले समुदायों को अगले 48 घंटों तक तट के साथ समुद्री क्षेत्रों में जाने से परहेज करने की दृढ़ता से सलाह दी जाती है। इसके अलावा वर्तमान में इन क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों से आग्रह किया जाता है कि वे तट की सुरक्षा पर लौट आएं या तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।

बर्फबारी कश्मीरियों को सुकून देती है पर सेना को नहीं

जम्मू, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में हो रहे ताजा हिमपात के बाद स्थानीय लोग सर्दी से राहत महसूस जरूर करेंगे। बीते एक पखवाड़े से पूरी कश्मीर घाटी में शीतलहर का प्रकोप जारी था। अब हिमपात से इसमें राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि एलओसी के पहाड़ों पर भी बर्फ गिरी है लेकिन सेना को इस बार भी उम्मीद नहीं है कि बर्फबारी के कारण उसे घुसपैठ से राहत मिल पाएगी।



■ **बीते एक पखवाड़े से पूरी कश्मीर घाटी में शीतलहर का प्रकोप जारी**

एलओसी के सीमावर्ती सेक्टरों में, राजौरी क्षेत्र से लेकर करगिल के अंतिम छोर तक, बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। सीमा के पहाड़ सफेद चादर में लिपटे नजर आने लगे हैं। इस बर्फबारी के कई लाभ सीमा पर तैनात सैनिकों को मिलने की उम्मीद है। एलओसी के क्षेत्रों में होने वाली भारी बर्फबारी के बाद रक्षाधिकारियों को घुसपैठ के प्रयासों में कमी आने की सबसे बड़ी उम्मीद है। और यह उम्मीद बसंत ऋतु तक रहने की आस इसलिए बंध गई है क्योंकि जितनी बर्फ एलओसी के पहाड़ों पर गिर रही है उसे पार करने की कोशिश करने का स्पष्ट अर्थ होगा मौत को आवाज देना।

बकौल सेनाधिकारियों के, अब उनके जवानों का ध्यान पाक सेना की गतिविधियों की ओर ही रहेगा और घुसपैठ की ओर से वे सुनिश्चित हो जाएंगें लेकिन यह सुनिश्चितता इतनी भी नहीं हो सकती क्योंकि पूर्व का अनुभव यह रहा है कि बर्फबारी के बावजूद कई बार पाकिस्तान ने घुसपैठियों को इस ओर धकेलने की कोशिश की है। एलओसी पर चौकसी तथा सतर्कता बरतने के लिए तैनात सैनिकों के लिए इस मौसम को राहत और आराम देने वाला कहा जाता रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण पारंपारिक घुसपैठ के मार्ग तो बंद हो ही जाते हैं पाक सैनिक भी गोलाबारी में कमी लाते रहे हैं।

पांच राज्यों के चुनाव में 1766 करोड़ से ज्यादा से जब्त

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। सत्ता का सेमीफाइनल कहे जा रहे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ व राजस्थान सहित पांच राज्यों में खत्म हुए विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा बाजी अपने पक्ष में करने के लिए सारे पैतरे अपनाए गए। मतदाताओं को लुभाने के लिए न केवल नकदी बाटने की खबरे आई, बल्कि शराब सहित अन्य तमाम वस्तुओं को भी मुफ्त में बाटने का उपक्रम किया गया। हालांकि चुनाव आयोग की सख्ती के चलते बड़े पैमाने पर इन्हें जब्त भी किया गया। चुनाव आयोग द्वारा जिसकी अनुमानित कीमत 1766 करोड़ से ज्यादा की बताई गई है। स्थानीय चुनाव मशीनरी की शिकायतों और सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भी जहां कई प्रमुख नेताओं को कारण बताओ नोटिस और सलाह जारी की कि वे आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करें। वहीं प्रतिद्वंदी दलों की शिकायतों को भी चुनाव आयोग ने संज्ञान में लिया। इसके चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी,असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा,बीआरएस प्रमुख व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया गया। बाद में इन्हें आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए परामर्श भी जारी किया गया। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगा कि वह अपनी उपलब्धियों का विज्ञापन जारी कर तेलंगाना चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की। चुनाव आयोग ने इस मामले में कर्नाटक सरकार को भी नोटिस जारी किया।

स्थानीय चुनाव मशीनरी की शिकायतों पर की कार्रवाई

लापता भारतीय छात्र ब्रिटेन में नदी किनारे मृत पाया गया

लंदन, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक 23 वर्षीय भारतीय छात्र, जो 19 सितंबर को भारत से ब्रिटेन चला गया था, उसके परिवार द्वारा लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराने के चार दिन बाद टेम्स नदी के तट पर मृत पाया गया। द स्टैंडर्ड अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 21 नवंबर को सुबह लगभग 10.45 बजे एक राहगीर को मितकुमार पटेल का शव आइल ऑफ डॉग्स के कैलेडोनियन घाट पर नदी के किनारे मिला। पटेल को, जो पूर्वी लंदन के प्लाइस्टो में अपने चचेरे भाई के साथ रह रहा था, शेफ़ील्ड हॉलम विश्वविद्यालय में डिग्री और अमेज़ॅन में अंशकालिक नौकरी शुरू करने के लिए 20 नवंबर को शेफ़ील्ड जाना था। जब 17 नवंबर को वह रोजाना की सैर से घर नहीं लौटा तो पटेल के चचेरे भाई चिंतित हो गए और अगले दिन पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके अन्य चचेरे भाइयों ने लापता व्यक्तियों के लिए चैरिटी से संपर्क करना शुरू कर दिया, और पोस्टर और फ़्लायर्स के साथ उन क्षेत्रों में प्रचार करना शुरू कर दिया, जहां वह अक्सर जाता था। चचेरे भाइयों में से एक ने कहा कि अपनी मृत्यु से कुछ दिन पहले, पटेल ने एक रिश्तेदार को वॉयस संदेशों की एक श्रृंखला भेजी थी जिसमें उसने अपने जीवन को समाप्त करने की योजना की रूपरेखा तैयार की थी।

सुडोकू 6393 का हल

7	9	3	8	5	4	1	2	6
5	1	2	7	6	3	9	8	4
4	8	6	1	9	2	5	3	7
3	2	5	6	7	8	4	1	9
9	6	8	4	1	5	2	7	3
1	7	4	3	2	9	6	5	8
2	4	7	9	3	1	8	6	5
6	5	9	2	8	7	3	4	1
8	3	1	5	4	6	7	9	2

आज का इतिहास

1804 - नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई।
1848 - फ्रांस जोसेफ प्रथम ऑस्ट्रिया के सम्राट बने।
1911 - जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले राजा,रानी बनें। उनके बंबई (अब मुम्बई) आगमन की याद में ही गेटवे ऑफ इंडिया बनाया गया।
1942 - पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) में श्री अरविंदो आश्रम स्कूल की स्थापना हुई जिसे बाद में श्री अरविंदो इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एजुकेशन के नाम से जाना गया।
1960 - भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का जन्म।
1965 - सीमा सुरक्षा बल की स्थापना हुई
1971 - संयुक्त अरब अमीरात ने ब्रिटेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1976 - फिदेल कास्त्रो क्यूबा के राष्ट्रपति बने।
1989 - विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के सातवें प्रधानमंत्री बने।
1995 - बेरिंग्स बैंक कांड के चर्चित व्यक्ति निक लीसन को सिंगापुर के न्यायालय द्वारा साढ़े छह वर्ष की क़ैद की सज़ा।
1999 - भारत में बीमा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को मंजूरी मिली।
2002 - प्रशान्त महासागर के बोरा-बोरा द्वीप में एक जलते यात्री जहाज़ %विडस्टार% से 219 लोगों को सुरक्षित बचाया गया।
2005 - पाकिस्तान सरकार ने मदरसों द्वारा धार्मिक नफ़रत फैलाने एवं आतंकवाद के लिए प्रेरणा देने वाले शिक्षा एवं साहित्य के प्रकाशन पर रोक के लिए क़ानून बनाया।
2006 - फिलीपींस में ज्वालामुखी का मलबा गिरने से 208 लोगों की मृत्यु तथा 261 लोग घायल।

विरोध बीएनपी व अन्य पार्टियां हसीना से सत्ता छोड़ने की कर रही मांग

बंगलादेश में आम चुनाव का बहिष्कार करेगी खालिदा जिया की पार्टी

ढाका, 1 दिसम्बर(एजेंसियां)। बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) देश में आगामी सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव का बहिष्कार करेगी।

ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बीएनपी के प्रवक्ता एकेएम वहीदुज्जमां ने अपने बयान में कहा , हम चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। हम अपने रुख पर कायम हैं कि प्रधानमंत्री सुश्री शेख हसीना के सत्ता में रहते हुए किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे।

नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक भी पार्टी की ओर से एक भी सीट के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की कार्रवाई में उनकी पार्टी के हजारों सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। बीएनपी और अन्य पार्टियों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर सुश्री हसीना से सत्ता छोड़ने और निष्पक्ष सरकार को चुनाव चलाने की मांग की है, लेकिन सरकार ने इन मांगों को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने सुश्री हसीना पर पिछले दो चुनावों में धांधली करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गिरफ्तार किये गये लोगों की संख्या और भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक अन्य प्रमुख विपक्षी दलों ने भी कहा है कि वे चुनावों का बहिष्कार करेंगे। इन दलों में जमात-ए-इस्लामी और इस्लामी आंदोलन बंगलादेश भी शामिल हैं।

पत्रकार को प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस अधिकारी निलंबित

कुआलालम्पुर। मलेशिया की पुलिस ने बंगलादेश के पत्रकार का अपहरण और उसे प्रताड़ित करने के मामले में संदिग्ध तीन मलेशियाई पुलिस अधिकारियों में से एक को निलंबित कर दिया है। मलेशियाई मीडिया ने कुआलालम्पुर के पुलिस प्रमुख अलाउद्दीन अब्दुल माजिद के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। श्री माजिद ने कहा कि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। जांच के नतीजे आने तक शेष दो अधिकारियों को भी इसी तरह के अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा हम आगे के घटनाक्रम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपनी पहचान उजागर करने से परहेज करने वाले 30 वर्षीय पीड़ित पत्रकार ने दावा किया है कि खुद को पुलिस अधिकारी ताने वाले लोगों ने उसे तीन दिनों तक सेलांगोर के एक मकान में बंधक बनाकर रखा और उसके हाथ बांध दिये गये तथा बेंत से पिटायी की गयी। इसके अलावा उन्हें छोड़े जाने के एवज में लाखों रूपयों की फिरौती भी मांगी गयी।

दुनिया को जानें

रूस ने अंतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन को प्रतिबंधित किया

मॉस्को, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। रूस ने अतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि यह एक चरमपंथी समूह है जिससे इस पर लंबी कार्रवाई आवश्यक हो जाती है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा प्रचारित रूढ़िवादी रूझान, जिसे प्राय: पश्चिमी उदारवादी मूल्यों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में चित्रित किया जाता है, यह यूक्रेन में आक्रमण के बाद और तेज हो गया है।

पत्रकारों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कल मॉस्को में फैसला सुनाया लेकिन पीठ ने यह नहीं बताया कि इस फैसले से कुछ व्यक्ति या संगठन प्रभावित होंगे या नहीं। न्यायाधीश ओलेग नेफेदोव ने फैसला सुनाया कि अंतरराष्ट्रीय एलजीबीटी सार्वजनिक आंदोलन और उसके उपखंड चरमपंथी हैं और रूस में इसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया। एक पत्रकार एडा ब्लेकवेल ने कहा, सुनवाई बंद कमरे में हुई और इसमें कोई बचाव पक्ष मौजूद नहीं था। अदालत के बाहर 10 से भी कम लोग जमा हुए थे। मुझे उम्मीद थी कि समर्थन दिखाने के लिए ज्यादा लोग आएंगे, लेकिन बहुत ही कम लोग आए।

खेल जगत

वेस्टइंडीज के शेन डाउरिच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एंटीगुआ, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज टीम के विकेटकीपर शेन डाउरिच ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शेन डाउरिच को तीन दिसंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड एकदिवसीय मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम में चुना गया था, लेकिन उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया और क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने डाउरिच की जगह किसी अन्य नाम पर फैसला नहीं किया है, कप्तान शाई होप विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 215 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले डाउरिच ने 219 में बंगलादेश के खिलाफ एक एकदिवसीय मुकाबला खेला। वह नियमित रूप से टेस्ट टीम में रहे है।

आईपीएल की अभूतपूर्व वृद्धि संभावित रूप से मीडिया अधिकारों का मूल्य 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा सकती है : अरुण धूमल

गबेंगलुरु, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन अरुण धूमल ने संकेत दिया है कि पिछले 15 वर्षों में लीग की सफलता संभावित रूप से अगले दो दशकों में इसके मीडिया अधिकारों का मूल्य 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा देगी।

आईपीएल के मीडिया अधिकार 6,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 48000 करोड़ रुपये हो गए हैं और यह टूर्नामेंट दुनिया की सभी खेल लीगों में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के बाद दूसरे स्थान पर है। धूमल का मानना है कि लीग की व्यापक लोकप्रियता और सफलता अगले 10 वर्षों में इसके विकास में उत्प्रेरक का काम करेगी।

धूमल ने आरसीबी इनोवेशन लैब के लीडर्स मीट इंडिया शिखर सम्मेलन के दौरान कहा, अगर मुझे यह देखना है कि पिछले 15 वर्षों में यह कैसे हुआ है और अगर मुझे आगे के अनुमानों के अनुसार जाना है, तो हम 2043 के आसपास मीडिया अधिकारों के 50 बिलियन अमरीकी डालर के करीब पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हमें इसे बनाए रखना होगा, नवप्रवर्तन करते रहें, प्रशंसक जुड़ाव के मामले में बेहतर करते रहें और खेलों की गुणवत्ता के मामले में इसे बेहतर बनाते रहें। शिखर सम्मेलन गुरुवार को संपन्न हुआ।

धूमल ने कहा, अब जब क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) इसे महिला क्रिकेट के लिए एक अलग स्तर पर ले जा रही है, तो मुझे सुरंग के अंत में बहुत आशा और रोशनी दिखाई देती है। जिस तरह से यह पिछले 15 वर्षों से हो रहा है, यह और बेहतर होता जा रहा है। भारत को पूरी दुनिया से अलग प्रतिष्ठा दिलाने में आईपीएल की भूमिका का विश्लेषण करते हुए धूमल ने बताया, आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली क्रिकेट लीग है। दुनिया भर में हमारे प्रशंसक हैं और जब वे देखने आते हैं, तो उन्हें भारत की विविधता और संस्कृति देखने को मिलती है।

वे उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक मैच देखेंगे क्योंकि टीमें पूरे देश में फैली हुई हैं। हम अलग-अलग राज्यों, अलग-अलग संस्कृतियों और बोली जाने वाली अलग-अलग भाषाओं के मामले में एक बहुत ही विविध देश हैं, लेकिन यह एक ऐसा मंच है जिसकी जड़ें इतनी अच्छी हैं कि आप भारत को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने में सक्षम हैं।

आईपीएल और इसकी फ्रेंचाइजी के प्रशंसक अंतर्दृष्टि और जुड़ाव के बारे में बात करते हुए, अरुण धूमल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के व्यापक प्रशंसक आधार की सराहना करते हुए कहा, हम सभी फ्रेंचाइजी के साथ एक टीम के रूप में काम करते हैं, हम सभी भागीदार हैं। हमने हाल ही में आयोजित विश्व कप में देखा है, कि वे (प्रशंसक) टीम इंडिया के लिए थे, लेकिन साथ ही, वे आरसीबी के लिए भी समर्थन कर रहे थे, जो एक अच्छी बात है और हमें इस पर बहुत गर्व है। निजी तौर पर, मुझे लगता है कि आईपीएल सबसे अच्छा मेक इन इंडिया ब्रांड है जिसके बारे में हम आज़ादी के बाद सोच सकते हैं।

ट्रैविस हेड खेल के तीनों प्रारूपों में उभरती महान प्रतिभाओं में से एक हैं : पोंटिंग

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल के सभी प्रारूपों में महान उभरती प्रतिभाओं में से एक बताया है और कहा है कि वह यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि अगले 12 महीनों में उसके लिए क्या होगा। जून में द ओवल में भारत के खिलाफ पहली पारी में 163 रन बनाने के बाद हेड इस साल के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे। इस साल के एकदिवसीय विश्व कप में, हेड ने सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान जीता, जिससे जिससे हेड ने भारत के खिलाफ खिताबी मुकाबले में शानदार 137 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रॉफी जीती।

बाबर आजम के खिलाफ मोर्चा संभालने के लिए तैयार हैं नाथन लियोन

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने पाकिस्तान के बल्लेबाजी सुपरस्टार बाबर आजम की जमकर तारीफ की है और उनके खिलाफ मोर्चा संभालने के लिए तैयार हैं।

बाबर 2019-2020 में अपनी सबसे हालिया ऑस्ट्रेलिया यात्रा के कुछ उज्ज्वल पक्षों में से एक है, जहां उन्होंने 97 और 101 रन बनाए। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 टेस्ट मैचों में 44.38 का औसत बनाया और पिछले साल कराची में मैच बचाने के लिए शानदार 196 रन बनाए। लाहौर में निर्णायक मैच के निर्णायक चरण में लियोन ने उन्हें आउट कर दिया।

लियोन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, सबसे पहले, बाबर के खिलाफ खेलना खुशी की बात है लेकिन वह एक बड़ी चुनौती भी है। मेरी नजर में वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है, खासकर स्पिन के खिलाफ। वह एक क्लास खिलाड़ी है। लेकिन मुझे लगता है कि वह सभी प्रकार की गेंदबाजी के खिलाफ एक क्लास खिलाड़ी है। उनके पास टीम में कुछ सुपरस्टार हैं, और अगर मैं सुपरस्टार की बात कर रहा हूं तो वह मेरी नजर में पाकिस्तान टीम में नंबर 1 हैं। उन्होंने पिछली बार यहां काफी अच्छा खेला था इसलिए यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

हालाँकि, लियोन ने 2016 के बाद से बाबर को पांच बार आउट किया है, और ऑप्टस स्टेडियम, पर्थ शुरुआती मैच का स्थल होने के कारण, वह 496 विकेटों के साथ अपनी गर्मियों की शुरुआत करेगा और तीन मैचों में 22 विकेटों के अपने रिकॉर्ड को देखते हुए, इसकी पूरी संभावना है वह मैच के दौरान 500 विकेटों तक पहुंचने वाले आठवें और ऑस्ट्रेलिया के तीसरे गेंदबाज बन सकते हैं।

उन्होंने कहा, अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो टेस्ट मैच खेलने की भूख का स्तर शायद पहले से कहीं अधिक है। मैं इसे लेकर काफी उत्साहित

हूं। पर्थ में ऑप्टस स्टेडियम में खेलना पसंद है। यह पाकिस्तान के खिलाफ एक चुनौती होगी, इसलिए यह एक रोमांचक लड़ाई होगी।

इस साल की शुरुआत में एशेज खत्म होने वाली पिंडली की चोट के बाद वापसी करते हुए लियोन ने अपने टेस्ट करियर की पहली बड़ी चोट से लंबे पुनर्वास के बाद पिछले महीने में तीन शेफील्ड शील्ड मैच खेले हैं।

लियोन ने न्यू साउथ वेल्स के लिए अपने तीन शील्ड मैचों में चार विकेट लिए और एससीजी में पिछले मैच में उन पर बहुत अधिक काम का बोझ नहीं था, जहां तेज गेंदबाजों का दबदबा था। लेकिन वह नेट्स में काफी स्पैल डाल रहा है, जिसमें मेंटर जॉन डेविसन के साथ तीन घंटे का कार्यकाल भी शामिल है, और वह अपने बिल्ड-अप के साथ बहुत सहज है।

उन्होंने कहा, मेरा पुनर्वास असाधारण रहा है। मेरे पास बहुत सारे अच्छे लोग हैं जो मेरी मदद कर रहे हैं, यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मैं हर बॉक्स पर टिक कर रहा हूं और यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि मैं वह सब कुछ कर रहा हूं जो जरूरी है। अगर मैं क्रिकेट से बाहर नहीं आ रहा होता तो मैं इस पर सवाल उठा रहा होता, लेकिन तीन शील्ड गेम, एक दिवसीय गेम एक ग्रेड गेम, और बहुत सारा प्रशिक्षण, जिस तरह से चीजें हैं उससे मुझे वास्तव में खुशी महसूस होती है।

भारत ने 17 पदक पक्के किये, आठ और सेमीफाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। मौजूदा एशियाई जूनियर चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) ने येरेवन (आर्मेनिया) में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के सातवें दिन छह अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ पदक पक्के करने के लिए ठोस प्रदर्शन किया।

भारतीय लड़कियों ने एक बार फिर प्रभावी प्रदर्शन किया और सभी पांच मुक्केबाजों ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आकांशा (70 किग्रा) ने दिन की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की, लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी उज्बेकिस्तान की कुर्बोनबोएवा रेहोना ने अपने जवाबी हमले से भारतीय मुक्केबाज को परेशान कर दिया। हालाँकि, आकांशा ने अंततः विभाजित निर्णय के आधार पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, निशा (52 किग्रा) आयरलैंड की ग्रेस कॉनवे के लिए बहुत मजबूत साबित हुई क्योंकि उन्हें सर्वसम्मति से 5-0 के फैसले से विजेता घोषित किया गया। रेफरी द्वारा रूस की मारिया काजाओवा के खिलाफ दूसरे राउंड में मुकाबला रोकने के बाद सृष्टि ने 63 किग्रा में आसान जीत दर्ज की। कृतिका (75 किग्रा) ने समान रूप से प्रभावशाली प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिद्वंद्वी मेक्सिको की मेलेंडेज़ सांचेज़ को रेफरी द्वारा पहले दौर में बाउट रोककर मुकाबला जीतने से पहले शांत नहीं होने दिया। विनी (57 किग्रा) ने त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रतिद्वंद्वी नुनेज़ नाओमी द्वारा वॉकओवर दिए जाने के बाद सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस बीच, देश के लिए लड़कों के वर्ग में यह एक मिश्रित दिन था क्योंकि पांच प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजों में से तीन ने अंतिम चार में जगह बनाई। हेमंत सांगवान (80+किग्रा) और सिकंदर (48किग्रा) ने अपने विरोधियों क्रमशः बुल्गारिया के बाचेवस्की रोसेलिन और किर्गिस्तान के उरमानोव रामज़िदीन से बेहतर प्रदर्शन किया और 5-0 के समान निर्णय के साथ मुकाबला जीत लिया।

विश्व कप ट्रॉफी पर फिर रखूंगा पैर : मिचेल मार्श

पर्थ, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि वनडे विश्व कप ट्रॉफी के दौरान अपने पैरों को आराम देना अपमानजनक नहीं था और उन्होंने कहा कि उन्हें दोबारा ऐसा करने में कोई आपत्ति नहीं होगी।

अहमदाबाद में अभूतपूर्व छठे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने खिताबी मुकाबले में मेजबान भारत को छह विकेट से हरा दिया, इसके कुछ ही समय बाद, ट्रॉफी पर अपने पैरों के साथ मार्श की एक तस्वीर कप्तान पैट कमिंस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की, जिसने एक तस्वीर बनाई जिसे लेकर सोशल मीडिया पर भारी हंगामा हो गया। एसईएन रेडियो पर मार्श ने कहा, स्पष्ट रूप से उस तस्वीर में किसी भी तरह का अपमान नहीं था। मैंने इस पर बहुत अधिक विचार नहीं किया है, मैंने सोशल मीडिया पर बहुत कुछ नहीं देखा है, भले ही हर कोई मुझसे कहता है कि यह बंद हो गया है। इसमें कुछ भी नहीं है।

मार्श को भारतीय प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ा, खासकर तेज गेंदबाज

मोहम्मद शमी ने बाद में कहा कि वह फोटो में उनके हावभाव से आहत थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ऐसा दोबारा करेंगे, मार्श ने कहा, हां, ईमानदारी से कहूं तो शायद। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप खेले जाने के चार दिन बाद, ऑस्ट्रेलिया और भारत पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में आमने-सामने होंगे, जिसका चौथा मैच शुक्रवार को रायपुर में होगा। मार्श ने कहा कि किसी वैश्विक आयोजन के तुरंत बाद द्विपक्षीय टूर्नामेंट का कार्यक्रम तय करने जैसी चीजों से भविष्य में बचना चाहिए। हाँ, यह उन लोगों के लिए बहुत अपमानजनक था जिन्हें पीछे रहना पड़ा। यह एक अच्छी लाइन है क्योंकि हमें इस तथ्य का सम्मान करना होगा कि हम ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं और यह भारत के खिलाफ एक श्रृंखला है जो हमेशा बड़ी होती है।

लेकिन इसका मानवीय पक्ष भी है, लड़कों ने हाल ही में विश्व कप जीता है और शायद वे कुछ समय के लिए जश्न मनाने और अपने परिवारों के पास घर जाने के हकदार हैं। यह दिलचस्प है. आप उम्मीद करेंगे कि बड़े टूर्नामेंटों के बाद फिर से बहुत अधिक श्रृंखलाएं नहीं होंगी।

स्टीव स्मिथ, एडम ज़म्पा, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस और सीन एबॉट पहले तीन टी20 मैचों में हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौट चुके हैं, ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 2-1 से पीछे है और ट्रैविस हेड विश्व कप विजेता टीम के एकमात्र सदस्य हैं। अब भारत में. मार्श ने हस्ताक्षर करते हुए कहा, मैंने उन छह लोगों के लिए जश्न मनाया जो पीछे रह गए, मैंने उनके लिए जश्न मनाया।

शिव थापा, अमित पंघाल और सागर राष्ट्रीय मुक्केबाजी के फाइनल में

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और सागर (92+ किग्रा) ने शिलांग में अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया।

असम का प्रतिनिधित्व कर रहे, शिव ने अपने अनुभव का प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी पर 5-0 के सटीक स्कोर के साथ शानदार जीत हासिल की। पिछले संस्करण के स्वर्ण पदक विजेता का फाइनल में एसएससीबी (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) के वंशज से मुकाबला होगा।

दूसरी ओर, एसएससीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले अमित पंघाल आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) के अंकित के खिलाफ आमने-सामने थे। पूरे मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन बेहद अनुभवी 28 वर्षीय खिलाड़ी ने खेल के महत्वपूर्ण क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और

अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-2 के विभाजित निर्णय से हरा दिया। 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता का अब फाइनल में चंडीगढ़ के अंशुल पुनिया से मुकाबला होगा। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में, आरएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सागर ने सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली के विशाल कुमार का सामना किया। सागर का कौशल और शक्तिशाली पंच पूरे प्रदर्शन पर थे और उन्होंने मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए 5-0 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता का स्वर्ण पदक मैच में पंजाब के जयपाल सिंह से मुकाबला होगा।

जीत की लय को बढ़ाते हुए, 2021 एशियाई चैंपियन, एसएससीबी के संजीत (92 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी एआईपी (अखिल भारतीय पुलिस) के विक्की को हरा दिया। संजीत अपने खेल में शीर्ष पर थे और सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल करने के लिए मुकाबले पर हावी रहे। फाइनल में संजीत का मुकाबला हरियाणा के नवीन कुमार से होगा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य एसएससीबी मुक्केबाजों में बरुण सिंह (48 किग्रा), पवन (54 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), आकाश (60 किग्रा), वंशज (63.5 किग्रा), रजत (67 किग्रा), आकाश (71 किग्रा), दीपक (75 किग्रा), लक्ष्य (80 किग्रा) और जुगनू (86 किग्रा) शामिल हैं।

विश्व कप में इंग्लैंड को संघर्ष करते देखना कठिन था लेकिन यह टीम को परिभाषित नहीं करता : बेन डकेट

सेंट जॉन्स (एंटीगा), 1 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने कहा कि 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम को संघर्ष करते देखना उनके लिए कठिन था, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि हालिया प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन उनके पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए टीम को परिभाषित नहीं करता है।

इंग्लैंड ने गत चैंपियन के रूप में भारत में प्रतियोगिता में प्रवेश किया, लेकिन अपने पहले सात मैचों में से छह हारकर नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गया। लेकिन नीदरलैंड और पाकिस्तान पर देर से जीत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी योग्यता सुनिश्चित कर दी। टेस्ट टीम के नियमित सदस्य डकेट, रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी वनडे सीरीज शुरू करने पर नई दिखने वाली इंग्लैंड टीम के खिलाड़ियों में शामिल हैं। कप्तान जोस बटलर, सैम करेन, लियाम लिविंगस्टोन, हैरी ब्रुक, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स वनडे विश्व कप टीम के छह खिलाड़ी हैं जो वेस्टइंडीज दौरे का हिस्सा हैं। मैंने (इस साल के विश्व कप में) इंग्लैंड का हर मैच देखा और कभी-कभी इसे देखना कठिन था। मैं अपने साथियों को वहां जाकर संघर्ष करते हुए देख रहा था। यह वास्तव में कठिन था। मैं कुछ सप्ताह पहले उनके साथ खेल रहा था, इसलिए यह कठिन था। डकेट ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, लेकिन हमने देखा है कि इंग्लैंड ने पिछले आठ वर्षों में कैसा खेला है और एक खराब पांच सप्ताह किसी टीम को परिभाषित नहीं करते हैं।

सार संक्षेप

मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन ने 23 फीफा विश्व कप होस्ट करने के लिए लगाई बोली

जिनेवा। फीफा ने गुरुवार को घोषणा की कि 23 विश्व कप के लिए मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन ने टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए बोली लगाई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फीफा ने कहा कि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे ने भी 23 विश्व कप मैच के साथ शताब्दी समारोह की मेजबानी के लिए बोली लगाने वालों के रूप में पुष्टि की है। 234 फीफा विश्व कप के लिए सऊदी अरब की बोली भी फीफा को प्राप्त हुई थी, और मेजबान की नियुक्ति फीफा कांग्रेस द्वारा की जाएगी। फीफा ने कहा, जनवरी 224 में फीफा बोली लगाने वाले सभी देशों के साथ बातचीत करेगा और मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगा।

फीफा रैंकिंग में अर्जेंटीना शीर्ष पर

जिनेवा। फीफा ने गुरुवार को घोषणा की कि तीन बार का विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना नवीनतम फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि इंग्लैंड शीर्ष तीन में पहुंच गया है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना 1855.2 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर कायम है, उसके बाद फ्रांस है, जबकि कोलंबिया और अर्जेंटीना से लगातार हार के कारण ब्राजील, जो पहले तीसरे स्थान पर था, पांचवें स्थान पर खिसक गया है। इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर पहुंच गया। नीदरलैंड छठे स्थान पर आ गया है, जबकि पुर्तगाल, स्पेन, इटली और क्रोएशिया शीर्ष दस से बाहर हो गए हैं। नवंबर 223 में पूरी दुनिया में कुल 188 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिसमें 226 फीफा विश्व कप क्वालीफायर अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका में हुए।

डॉमिनिका ने टी-2 विश्वकप की मेजबानी से पीछे हटा

रुसाउ। कैरेबियाई देश डॉमिनिका तय समय में जरूरी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के हवाला देते हुए टी-2 विश्वकप 224 के मैचों की मेजबानी से पीछे हट गया है। डॉमिनिका सरकार के यहां जारी बयान में कहा, हमें ठेकेदारों से जो समयसीमा मिली थी, उसके अनुसार हम तय समय पर स्टेडियम के निर्माण कार्यों को पूरा नहीं करा सकते थे। इसलिए हम टी-2 विश्व कप मैचों की मेजबानी से पीछे हट रहे हैं। यह फैसला सभी लोगों के हित में है। हम क्रिकेट वेस्टइंडीज को धन्यवाद और विश्वकप की मेजबानी के लिए शुभकामना भी देना चाहते हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भी डॉमिनिका सरकार के इस फैसले को स्वीकार किया है और आईसीसी को इसकी जानकारी दी है। टी-2 विश्व कप के टूर्नामेंट डायरेक्टर फवाज बख्श ने कहा, जब बड़े पैमाने पर आप कोई टूर्नामेंट आयोजित करते हो तो ऐसी परिस्थितियों का आना अवश्यंभावी है।

जूनियर महिला विश्व कप, रोमांचक मुकाबले में भारत जर्मनी से 3-4 से हारा

सैंटियागो, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन एलीट टूर्नामेंट के पिछले संस्करण की उपविजेता जर्मनी से पिछड़ गई जिसने शुक्रवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में 4-3 से जीत दर्ज की। भारत के लिए, अन्नू (11), रोपनी कुमारी (14), और मुमताज खान (24) ने गोल किए, जबकि सोफिया श्वाबे (17), लौरा प्लूथ (21, 36) और कैरोलिन सेडेल (38) ने जर्मनी के लिए गोल किये। भारत ने जल्द ही पासिंग लय में आ गया, शुरुआती क्वार्टर में खेल पर कब्ज़ा जमाकर और लगातार जर्मनी की रक्षात्मक रेखा का परीक्षण करके खेल पर हावी हो गया। उनके शुरुआती प्रयासों के बावजूद, भारत को जर्मनी की मजबूत रक्षा ने विफल कर दिया, जिससे उन्हें क्वार्टर के अंतिम मिनटों तक गोल करने से रोक दिया गया।

लगातार दबाव के इस दौर में भारतीय टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और अन्नू (11) ने दूसरे मौके का फायदा उठाते हुए जोरदार शॉट लगाया और आखिरकार अपनी टीम को बढ़त दिला दी। गतिरोध तोड़ने के तुरंत बाद, भारत ने अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया क्योंकि रोपनी कुमारी (14) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर एक अच्छी तरह से निष्पादित शॉट के साथ नेट हासिल कर लिया। पहले क्वार्टर का समापन भारत की 2-0 की बढ़त के साथ हुआ, जो टीम के लिए एक सफल शुरुआत थी।

जर्मनी, स्थिति को मोड़ने के लिए दृढ़ था, नए उत्साह के साथ दूसरे क्वार्टर में पहुंचा। उनके प्रयास सफल रहे क्योंकि सोफिया श्वाबे (17) ने एक प्रभावशाली फील्ड गोल किया, जिससे जर्मनी का घाटा कम हो गया। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, लौरा प्लूथ (21) ने स्कोर बराबर करने के लिए एक शक्तिशाली प्रहार किया। हालाँकि, भारत ने तेजी से जवाब दिया क्योंकि मुमताज खान (24) ने कुशलतापूर्वक गेंद को विपक्षी गोलकीपर के पास डाल दिया, जिससे गति वापस भारत के पक्ष में आ गई और उन्हें फिर से आगे कर दिया क्योंकि वे 3-2 की बढ़त के साथ आधे समय के ब्रेक में गए।

अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित भारत ने तीसरे क्वार्टर में गेंद पर कब्ज़ा करने को प्राथमिकता दी, फिर भी जर्मनी स्कोर बराबर करने में सफल रहा। लौरा प्लूथ (36) ने दूसरी बार गोल करके मैच को बराबर कर दिया। उनके पुनरुत्थान से प्रेरित होकर, जर्मनी ने अपने हमलों को तेज कर दिया, पेनल्टी कॉर्नर से कैरोलिन सीडेल (38) के गोल से बढ़त हासिल कर ली।

जवाबी कार्रवाई के लिए उत्सुक भारत ने हमलों की आवृत्ति बढ़ा दी। लेकिन, उनके प्रयासों के बावजूद, तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक स्कोर जर्मनी के पक्ष में 4-3 रहा। अंतिम क्वार्टर में दोनों ओर से आक्रामक प्रदर्शन देखने को मिला और जर्मनी अपनी बढ़त बढ़ाने के करीब पहुंच गया। हालाँकि, भारतीय गोलकीपर माधुरी किंडो के आमने-सामने की स्थिति में असाधारण बचाव ने जर्मनी को अपनी बढ़त बढ़ाने का मौका नहीं दिया।

इस बीच, भारत को अंतिम मिनटों में लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे गोल करने में असफल रहे। चौथा क्वार्टर बिना किसी गोल के समाप्त हुआ और जर्मनी की 4-3 से जीत हुई। भारतीय टीम टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में शनिवार को बेल्जियम से भिड़ेगी।

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

एनटीपीसी	3.28 प्रतिशत
एक्सिस बैंक	2.97प्रतिशत
एलटी	2.52 प्रतिशत
टाटा स्टील	1.56 प्रतिशत
जेएसडब्ल्यू स्टील	1.44 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

विप्रो	1.34 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	1.27 प्रतिशत
मारुति	0.37 प्रतिशत
टेक महिंद्रा	0.29 प्रतिशत
एचडीएफसी बैंक	0.22 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दडा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

चीनी एस	3640-3740
चीनी एम	3800-3900
मिल डिलीवरी	3520-3620
गुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

पीयूष गोयल ने कॉरपोरेट्स से निवेश बढ़ाने का किया आग्रह

नई दिल्ली, 1 दिसंम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कॉरपोरेट्स से भारत में निवेश बढ़ाने का आग्रह किया, क्योंकि बुनियादी ढांचे के बड़े पैमाने पर विकास से देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ रही है। 'तीसरे भारत ऋण पूंजी बाजार शिखर सम्मेलन 2023 – के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, गोयल ने कहा, 'वित्तपोषण का प्रतिस्पर्धी स्रोत उन लोगों से निवेश आकर्षित कर रहा है जो अधिक सुरक्षा की तलाश में हैं। शेयर बाजार भी पहली बार 4 ट्रिलियन का आंकड़ा छू रहा है और भारत बड़े अवसरों वाले शीर्ष पांच वैश्विक बाजारों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों का भारी निवेश देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है और इसे गति दे रहा है। गोयल ने कॉरपोरेट जगत से भारत में निवेश करने का आग्रह किया, क्योंकि देश दुनिया के एक विश्वसनीय भागीदार और एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में बहुत उज्ज्वल भविष्य के शिखर पर खड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'भारत आज एक अच्छी स्थिति में है जहां वह आश्वस्त हो सकता है कि आने वाले कई वर्षों तक उसे उस तरह का संकट नहीं होगा जैसा 2013 में

देखा गया था।' उन्होंने बताया कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इस तिमाही में 7.6 प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

गोयल ने कहा कि एक लचीला ऋण पूंजी बाजार नवाचार, उद्यमिता और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उत्प्रेरक होगा। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दशकों में बड़े पैमाने पर शहरीकरण होगा क्योंकि टियर 2 शहर भी महानगर बनने जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की आय बढ़ रही है, इससे देश भर

> **भारत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों का भारी निवेश देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है और इसे गति दे रहा है:-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

में खर्च करने की शक्ति बढ़ रही है। एआई, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन जैसे भविष्य के क्षेत्र हमारे भविष्य को शक्ति प्रदान करेंगे। हरित और टिकाऊ ऊर्जा ही आगे का रास्ता होगी और पूंजी बाजार और ऋण बाजार हमारी ऊर्जा को निम्न कार्बन अर्थव्यवस्था में बदलने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक हमारे 3.7 ट्रिलियन डॉलर में 30 ट्रिलियन डॉलर जोड़ देगा। मंत्री ने यह भी देखा कि भारत वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को 2021 में 500 बिलियन से पिछले वर्ष 776 बिलियन तक, लगभग 55 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम रहा है। गोयल ने कहा, 'हालांकि दुनिया भर में दो संघर्ष चल रहे थे और विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की संभावना है, मुझे चालू वर्ष में भी निर्यात संख्या में वृद्धि का भरोसा है।'

नए साल में झारखंड के लोगों को लग सकते हैं बिजली के 'झटके', कीमतें 25 फीसदी तक बढ़ाने का प्रस्ताव

रांची, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। 2024 में झारखंड में लोगों को बिजली के तेज 'झटके' लग सकते हैं। राज्य में बिजली की दरें बढ़ाए जाने की तैयारी चल रही है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली की कीमतों में 25 फीसदी तक की वृद्धि का प्रस्ताव झारखंड इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के समक्ष जमा किया है।

कमीशन ने इस प्रस्ताव का अध्ययन कर लिया है और इसे लेकर विभिन्न प्रमंडलों में जनसुनवाई की तारीखें तय कर दी। जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयोग नई दरों का अंतिम निर्धारण करेगा। कमीशन ने 11 दिसंबर को मेदिनीनगर, 13 दिसंबर को चाईबासा, 15 दिसंबर को धनबाद, 18 को देवघर और 19 दिसंबर को रांची में प्रस्तावित दरों पर जनसुनवाई का कार्यक्रम तय किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, नई दरें आगामी अप्रैल माह से प्रभावी होंगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने नई दरों को लेकर जो प्रस्ताव दिया है, वह वर्ष 2024-25 के लिए है। बिजली वितरण निगम ने कमीशन के समक्ष दिए दिए प्रस्ताव में अपने खर्चों के लिए 10 हजार 800 करोड़ की सालाना जरूरत बताई है और इस आधार बिजली की दरों में बढ़ोतरी की जरूरत बताई है। निगम ने रेवेन्यू रिक्वायरमेंट और मौजूदा रेवेन्यू के बीच 2500 करोड़ का गैप दिखाया है। बता दें कि इस साल एक जून से झारखंड में बिजली की दरों में 6.50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि, यह वृद्धि तीन साल के बाद की गई थी।

अब अगर कमीशन जनसुनवाई के बाद बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव पर मुहर लगा देता है तो एक साल में दूसरी बार बिजली की कीमतें बढ़ने के आसार हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर

मुंबई, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 24 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 595.4 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 24 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.14 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 528.53 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 29.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.34 अरब डॉलर हो गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के इन्वेस्टिंग ऐप का एडब्लूएस पर विस्तार

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। इन्वेस्टमेंट सेवा प्रदाता एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने अपना नया मोबाईल ट्रेडिंग ऐप एचडीएफसी स्काई का लॉन्च दुनिया के सबसे विस्तृत और व्यापक क्लाउड अमेज़न डॉटकॉम कंपनी, अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) पर कर दिया है। एचडीएफसी स्काई विश्व में 7.5 करोड़ ग्राहकों और सभी एचडीएफसी ग्रुप कंपनियों, निवेशकों, और ट्रेडर्स को सेवाएं देता है, और शेयर, कमोडिटीज़, फ्यूचर्स, करेंसीज़, इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग्स (आईपीओ), म्यूचल फंड्स, एवं एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की यूज़र-फ्रेंडली ट्रेडिंग संभव बनाता है। ट्रेडिंग को निवेशकों के लिए ज्यादा पारदर्शी और आसान बनाने के लिए एचडीएफसी स्काई फ्लैट प्राईसिंग मॉडल पर

काम करता है, और ट्रेडर्स से एक निश्चित, पूर्व निर्धारित शुल्क लेता है, फिर चाहे वो कितनी भी राशि का निवेश करें या फिर कितनी भी बार विनिमय करें। एडब्लूएस को अपना प्राथमिक क्लाउड प्रदाता बनाकर एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ मोबाईल ट्रेडिंग पसंद करने वाले टेक्नॉलॉजी के जानकार एवं बढ़ते हुए रिटेल निवेशकों को एक सुरक्षित, स्थिर एवं लो लेटेंसी ट्रेडिंग सेवा प्रदान कर रहा है। एडब्लूएस पर निर्मित, एचडीएफसी स्काई निवेशकों को प्रति सैकंड हजारों विनिमयों की दर से स्टॉक मार्केट की पहुँच प्रदान करता है। एडब्लूएस के साथ एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ परिसर युक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर के मुकाबले अपने वार्षिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैनेजमेंट की लागत में 50 प्रतिशत की कमी लेकर आएगा। रिटेल निवेशक भारत में कुल ट्रेडिंग बाजार के 36 प्रतिशत के बराबर हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ अपने परिसरयुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ इन ट्रेड्स द्वारा निर्मित तेजी से बढ़ते विनिमयों के साथ विस्तार करना चाहता है। एचडीएफसी स्काई की स्थिर रूप से उच्च परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने और ग्राहकों को सुगम एवं तीव्र ट्रेडिंग का अनुभव प्रदान करने के लिए, एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ ने अपने मुख्य वर्कलोड को अमेज़न इलास्टिक कंप्यूट क्लाउड (अमेज़न ईसी2) पर माईग्रेट किया।

जीडीपी बढ़ने से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

मुंबई, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर के इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 6.2 प्रतिशत से बढ़कर अनुमान से अधिक 7.6 प्रतिशत पर पहुंचने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लगातार चौथे दिन छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 492.75 अंक अर्थात 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 67481.19 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 134.75 अंक यानी 0.67 प्रतिशत उछलकर 20267.90 अंक पट रहा। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.96 प्रतिशत की छलांग लगाकर 34,586.76 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत चढ़कर 40,565.96 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3872 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2141 में तेजी जबकि 1601 में गिरावट रही वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि 21 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई में 18 समूहों के शेयर लाभ में रहे। इस दौरान कमोडिटीज 0.92, सीडी 0.37, ऊर्जा 0.65, एफएमसीजी 1.53, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.34, इंडस्ट्रियल्स 0.88, आईटी 0.07, यूटिलिटीज 1.46, बैंकिंग 0.88, कैपिटल गुड्स 1.51, कंज्यूमर



ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 1.07, तेल एवं गैस 0.46, पावर 1.57, रियल्टी 1.32, टेक 0.11 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.51 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74, जर्मनी का डैक्स 0.83 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.06 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 0.17 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.25 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 193 अंक की तेजी के साथ 67,181.15 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,149.07 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर तक 67,564.33 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,988.44 अंक के मुकाबले 0.74 प्रतिशत चढ़कर 67481.19 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 61 अंक बढ़कर 20,194.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,183.70 अंक के निचले जबकि 20,291.55 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,133.15 अंक की तुलना में 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,267.90 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की लाभ में रही कंपनियों में 3.28, एनटीपीसी 2.97, एक्सिस बैंक 2.71, एलटी 2.52, टाटा स्टील 1.56, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.44, एसबीआई 1.27, आईसीआईसीआई बैंक 1.19, रिलायंस 0.72, पावरग्रिड 0.67, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.65, टीसीएस 0.46 सन फार्मा 0.33 और बजाज फिनसर्व 0.27 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, विप्रो 1.34, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.27, मारुति 0.37, टेक महिंद्रा 0.29, एचडीएफसी बैंक 0.22, इंफोसिस 0.21, भारती एयरटेल 0.16, टाटा मोटर्स 0.08 और एचसीएल टेक के शेयर 0.04 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड से जुटायेगी 1, करोड़

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। गैर बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनी (एनबीएफसी-एमएफआई) आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड के अपने पहले सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 1,000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाएगी। कंपनी का यह निर्गम चार दिसंबर को खुलेगा और 15 दिसंबर को बंद होगा। कंपनी के ट्रेजरी प्रमुख मोहन कुमार ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि यह राशि व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए जुटायी जा रही है। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। यह एनसीडी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध होगा। बॉन्ड 1,000 रुपए के अंकित मूल्य पर जारी किए जाएंगे और सभी श्रेणियों में आवेदन का न्यूनतम आकार 10,000 रुपए होगा।

उन्होंने कहा कि आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस 200 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी करेगा और उसके पास 800 करोड़ रुपए तक के ओवर-सब्सक्रिप्शन (कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रुपये) बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू का विकल्प भी होगा। ये बॉन्ड 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा 'आईआईएफएल समस्ता अपनी 1,500 शाखाओं के द्वारा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में मौजूद है। यह सेवाओं की कमी वाले और उनसे वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है, जो मुख्यत: अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों पर केंद्रित है।

सार संक्षेप

रुपये में सात पैसे की तेजी

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सात पैसे की तेजी के साथ 83.31 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.38 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 83.29 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से समर्थन पाकर 83.25 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली के दबाव में यह 83.37 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले सत्र के 83.38 रुपए प्रति डॉलर की तुलना में सात पैसे चढ़कर 83.31 रुपए प्रति डॉलर हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अमेरिका एवं यूरो जोन में महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद में डॉलर पर दबाव बढ़ा है, जिससे रुपया मजबूत हुआ।

55 लाख रुपए के विदेशी सिगरेट बरामद

नई दिल्ली। सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय, दिल्ली के अधिकारियों ने कल 55.23 लाख मूल्य की विदेशी मूल की 5,48,8 लाख सिगरेट बरामद की। एक गुप्त सूचना पर की गयी इस कार्रवाई के दौरान प्लैटिनम सेवन, डेविडऑफ़, डनहिल और मोंड सहित विभिन्न ब्रांडों की सिगरेट बरामद की गई। बरामद की गई विदेशी मूल की सिगरेटों के पैकेटों पर अनिवार्य सचित्र स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी भी मुद्रित नहीं है। एक सरकारी बयान यह संदेह जताया गया है कि इन सिगरेटों का देश में गैर-कानूनी आयात/तस्करी की गई है और सीमा शुल्क की चोरी की गई है। सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) संशोधन नियम, 222 का भी उल्लंघन करके इन सिगरेटों की घरेलू बाजार में आपूर्ति की जा रही थी।

व्हर्लपूल इंडिया के शेयरों में 8 फीसदी से अधिक की गिरावट

नई दिल्ली। मूल कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 24 फीसदी तक कम करने की घोषणा के बाद शुक्रवार को व्हर्लपूल ऑफ इंडिया के शेयरों में 8 फीसदी से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर व्हर्लपूल ऑफ इंडिया का शेयर 8.83 फीसदी गिरकर 1429 रुपए पर है। व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन ने गुरुवार को 224 में व्हर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड (व्हर्लपूल इंडिया) में अपने स्वामित्व हित का 24 प्रतिशत तक बेचने की घोषणा की थी। व्हर्लपूल वर्तमान में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के माध्यम से व्हर्लपूल इंडिया में 75 प्रतिशत स्वामित्व हित रखता है, और इस तरह के लेनदेन के पूरा होने के बाद व्हर्लपूल इंडिया में बहुमत हित बनाए रखने का इरादा रखता है। कंपनी को उम्मीद है कि लेन-देन से प्राप्त आय का उपयोग ऋण कम करने के लिए किया जाएगा, जिससे बैलेंस शीट मजबूत होगी।

रेमंड के स्वतंत्र निदेशकों ने कहा, उन्हें वैवाहिक विवादों की जांच करने की आवश्यकता नहीं

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। रेमंड लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशकों (आईडी) ने कहा है कि न तो किसी कानून और न ही किसी कॉरपोरेट गवर्नेंस मानक के तहत उन्हें ऐसे वैवाहिक विवादों की जांच करने या गुण-दोष के बारे में गहराई से जानने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'आईडी यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क हैं कि दो प्रमोटर निदेशकों के बीच वैवाहिक विवाद किसी भी तरह से कंपनी के मामलों और व्यवसाय के प्रबंधन के लिए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक की क्षमता को प्रभावित नहीं करते हैं।' उन्होंने कहा, 'आईडी, पिछले कुछ हफ्तों से, बैठक कर रहे हैं और स्थिति की निगरानी कर रहे हैं, जहां तक यह कंपनी और अल्पसंख्यक शेयरधारकों को प्रभावित करता है; और हर समय, गैर-प्रवर्तक अल्पसंख्यक शेयरधारकों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के हितों की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।' उन्होंने कहा, 'आईडी उभरती स्थिति को देखते हुए अत्यधिक सतर्कता बरतती रहेगी और सभी हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए, आवश्यक होने पर, सक्रिय रूप से उपाय शुरू करने में संकोच नहीं करेगी। आईडी ने वरिष्ठ स्वतंत्र कानूनी सलाहकार बर्जिस देसाई को बनाए रखने का फैसला किया है, जो आईडी को सलाह देने के लिए प्रमोटरों या कंपनी के साथ कोई संबंध नहीं है।' उन्होंने कहा, आईडी हितधारकों को आश्वस्त करना चाहता है कि वे निष्पक्षता से कार्य करेंगे। सर्वोपरि विचार हमेशा कंपनी और उसके गैर-प्रवर्तक शेयरधारकों के हितों का होगा। कोई भी भौतिक विकास या उपचारात्मक उपाय जो कंपनी को प्रभावित करता है, उसे तुरंत सूचित किया जाएगा पूरी पारदर्शिता की भावना से।

बड़े देश स्वार्थ छोड़कर, स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाएं: मोदी

दुबई, 1 दिसम्बर (एजेंसियां) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक समुदाय का आज आह्वान किया कि जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उन्हें स्वार्थ प्रेरित सोच के अंधेरे से बाहर निकलना होगा और ऊर्जा संक्रमण, न्यायपूर्ण, समावेशी एवं समानतापूर्ण बनाने के लिए दूसरे देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुलभ करके स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाना होगा। श्री मोदी ने यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अध्यक्षता में आयोजित विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (सीओपी-28) में विशेष संबोधन में इस आह्वान के साथ ग्रीन क्रेडिट पहल की घोषणा की और सभी देशों से इससे जुड़ने की अपील भी की। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरस भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने विश्व नेताओं को दो टूक शब्दों में नसीहत देते हुए कहा, 'पिछली शताब्दी की गलतियों को सुधारने के लिए हमारे पास बहुत ज्यादा समय नहीं है। मानव जाति के एक छोटे हिस्से ने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन किया। लेकिन इसकी कीमत पूरी मानवता विशेषकर ग्लोबल साउथ के निवासियों को चुकानी पड़ रही है। सिर्फ मेरा भला हो, ये सोच, दुनिया को एक अंधेरे की तरफ ले जाएगी। इस हॉल में बैठा प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक राष्ट्राध्यक्ष बहुत बड़ी जिम्मेदारी के साथ यहां

आया है। हम में से सभी को अपने दायित्व निभाने ही होंगे। पूरी दुनिया आज हमें देख रही है, इस धरती का भविष्य हमें देख रहा है। हमें सफल होना ही होगा।'

श्री मोदी ने कहा, 'हमें निर्णायक होना होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि हर देश अपने लिए जो जलवायु लक्ष्य तय कर रहा है, जो संकल्प कर रहा है, वो पूरा करके ही दिखाएगा। हमें एकता से काम करना होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि हम मिलकर काम करेंगे, एक दूसरे का सहयोग करेंगे, साथ देंगे। हमें वैश्विक कार्बन बजट में सभी विकासशील देशों को उचित शेयर देना होगा। हमें अधिक संतुलित होना होगा। हमें ये संकल्प लेना होगा कि अनुकूलन, शमन, जलवायु वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी, हानि और क्षति इन सब पर संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ें। हमें महत्वाकांक्षी होना होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि ऊर्जा संक्रमण, न्यायपूर्ण, समावेशी एवं समानतापूर्ण हो। हमें नवान्वेषी बनना होगा। हमें ये संकल्प लेना होगा कि नवान्वेषी तकनीक का लगातार विकास करें। अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरे देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करें। स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त करें।'

उन्होंने कहा, 'इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी का अध्ययन है कि इस तरह से हम 2030 तक प्रति वर्ष 2 अरब टन कार्बन उत्सर्जन कम कर सकते हैं। आज मैं इस फोरम से एक और, पर्यावरण के अनुकूल, प्रभावी एवं सकारात्मक पहल का आह्वान कर रहा हूँ। यह है ग्रीन क्रेडिट्स इनीशिएटिव। यह कार्बन क्रेडिट की वाणिज्यिक मानसिकता से आगे बढ़कर, जन भागीदारी से कार्बन सिंक बनाने का अभियान है। मैं उम्मीद करता हूं कि आप सब इससे जरूर जुड़ेंगे।' इससे पहले अपने भारत की शुरुआत करते हुए श्री मोदी ने विश्व समुदाय का इस बात के लिए आभार ज्ञापन किया कि उनके द्वारा उठाए गए जलवायु न्याय, जलवायु वित्तपोषण और ग्रीन क्रेडिट जैसे विषयों को सभी देशों ने निरंतर समर्थन दिया है।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव रद्द करने हाईकोर्ट में याचिका

कांग्रेस-भाजपा ने आचार संहिता का उल्लंघन कर मतदाताओं को लुभाया

केंद्रीय और राज्य चुनाव आयुक्त का संरक्षण

सामाजिक कार्यकर्ता और निर्दलीय प्रत्याशी ने हाईकोर्ट में लगाई है याचिका

बिलासपुर, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को शून्य घोषित करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। दरअसल, चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस-भाजपा ने लोक-लुभावने वादे किए हैं, याचिका में इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया गया है। साथ ही कहा है कि केंद्रीय और राज्य चुनाव आयोग के संरक्षण में मतदाताओं को प्रलोभन देने का खुला खेल चला है, जिसके लिए चुनाव आयुक्त पर भी आपराधिक केस दर्ज किया जाए। याचिका रायगढ़ के निर्दलीय प्रत्याशी और सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शर्मा ने दायर की है। छत्तीसगढ़ में औद्योगिकीकरण सहित जनहित के मामलों को लेकर आंदोलन करते रहे सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शर्मा ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने बताया कि वे रायगढ़ से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें बेबी वॉकर चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया था। उन्होंने याचिका में बताया है कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने जिस दिन अधिसूचना जारी की, उसी दिन से राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया। लेकिन, कांग्रेस और भाजपा जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने आचार संहिता लागू होने के बाद मतदाताओं को लुभाने के लिए कर्जमाफी, बेरोजगारों को रोजगार देने, महिला स्वसहायता समूह की कर्ज माफी, महिलाओं को मुफ्त में गैस सिलेंडर, आर्थिक प्रलोभन जैसे कई घोषणाएं की है, जो चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। राधेश्याम शर्मा ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय और राज्य चुनाव आयोग के संरक्षण में दोनों राजनीतिक दलों ने लोक लुभावन घोषणा पत्र जारी किया है। इससे स्वस्थ्य लोकतंत्र की स्थापना संभव नहीं है। आचार संहिता के बीच राजनीतिक दलों ने जिस तरह से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए प्रलोभन देकर घोषणाएं की है और आर्थिक लाभ देने का झांसा दिया है। इससे आचार संहिता पूरी तरह दूषित हो गई है। याचिका में चुनाव को रद्द कर राजनीतिक दलों को इस तरह से खुला संरक्षण देने वाले केंद्रीय और राज्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाकर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही छत्तीसगढ़ में दोनों ही राजनीतिक दलों की मान्यता को भी रद्द किया जाए।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का भी किया उल्लंघन

48 घंटा के पहले कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने बड़े-बड़े विज्ञापन प्रकाशित कराया और प्रचार-प्रसार किया, जो जनप्रतिनिधित्व अधिनिधित्व अधिनियम 1951 का खुला उल्लंघन है। इसकी शिकायत उन्होंने केंद्रीय और राज्य चुनाव आयोग से किया था, जिसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके साथ ही आयोग ने 48 घंटा पहले शुष्क दिवस घोषित किया था। जबकि, संवैधानिक रूप से आचार संहिता लागू होने तक इसे लागू किया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग को न्यायालय का दर्जा दिया गया है, जिन्होंने नियमों का उल्लंघन कर दोनों दलों को खुली छूट दे रखी थी, जो आपराधिक कृत्य किया है।

कांग्रेस की प्रमुख घोषणाएं

केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा, 200 यूनिट फ्री बिजली,कालेज छात्रों को मुफ्त बस सेवा,गैस सिलिंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी, महिला समूहों का कर्जा माफ,भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार रुपये सालाना, गृह लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को प्रतिवर्ष 14 हजार रुपये।

भाजपा की प्रमुख घोषणाएं

बीपीएल हितग्राहियों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर,महतारी वंदन योजना में प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये,भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार रुपये सालाना, चरण पादुका योजना फिर से होगी शुरूयुवाओं को उद्योग पर 50 फीसद सब्सिडी, एक लाख सरकारी नौकरी,18 लाख आवास का निर्माण।

हाईकोर्ट ने एसपी व टीआई पर की तल्ख टिप्पणी कहा- थानेदार को नौकरी करना है की नहीं?

हाईकोर्ट ने बिलासपुर एसपी और सकरी टीआई पर तल्ख टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि पुलिस जानबूझकर मामले की जांच नहीं करना चाहती बिलासपुर। कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि रसूखदारों के लिए रात 2 बजे भी पुलिस काम करती है, कोर्ट खुल जाता है, मगर सामान्य वर्ग के मामले में जांच के लिए साल भर से अधिक का समय क्यों लगता है ? थानेदार को नौकरी करना है की नही ?

सकरी निवासी विरेन्द्र नागवंशी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा है कि उनके पुत्र सिध्दांत नागवंशी ने जमीन दलालों की प्रताड़ना से तंग आकर एक जून 2022 को आत्महत्या कर ली थी। पिता विरेन्द्र नागवंशी ने बेटे को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों के खिलाफ सकरी थाने में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।

लेकिन डेढ़ साल बाद भी पुलिस ने इस शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और ना कोई जांच की और ना ही अभी तक कोई कार्रवाई की है।

इस मामले में जस्टिस एनके व्यास के कोर्ट में सुनवाई हुई और कोर्ट ने मामले में पुलिस को जमकर फटकार लगाते हुए आदेश दिया है कि सकरी थाना प्रभारी प्रकरण में अगली सुनवाई में शपथ पत्र पेश करते हुए हाजिर हो। मामले में कोर्ट ने यह भी कहा कि लगता है पुलिस जानबूझकर मामले की जांच नहीं करना चाहती। कोर्ट ने प्रतिवादी की महिला वकील से कहा कि थानेदार को नौकरी करनी है कि नहीं, कोर्ट ने आदेश दिया है कि शिकायत के बाद से लेकर अभी तक पुलिस ने मामले में क्या जांच की है, किसका बयान लिया है ? इसकी जानकारी के साथ पूरी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की जाए। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सकरी पुलिस को कड़ी फटकार लगाते हुए युवक की खुदकुशी मामले में गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए है। जस्टिस एनके व्यास की कोर्ट ने बिलासपुर एसपी, राज्य शासन और सकरी टीआई को मामले में नोटिस भी जारी किया है।

कोर्ट ने मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि रसूखदारों के लिए रात 2 बजे भी पुलिस काम करती है और कोर्ट खुल जाता है, तो सामान्य वर्ग के मामले में जांच के लिए साल भर से अधिक का समय क्यों लग रहा है।

सार-संक्षेप

सिरगिट्टी शाला में पालक सम्मेलन का आयोजन

बिलासपुर , 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी में शिक्षक पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती उषा कोरी सहायक शिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर शासकीय प्राथमिक शाला परसदा तथा श्रीमती सुषमा लिबर्टी उपाध्यक्ष शाला विकास समिति के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प तथा धूप दीप जलाकर सम्मेलन का प्रारंभ हुआ। श्रीमती रागिनी साहू द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात शाला की प्रधानपाठिका श्रीमती शशि सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत बैच लगाकर तथा श्रीफल,पुष्पगुच्छ भेंट कर किया । उषा कोरी द्वारा बहुभाषा विषय पर प्रकाश डाला गया तथा चर्चा को अभिभावक श्रीमती अंबिका खरे ने बंगाली भाषा, श्रीमती राधा मिश्रा ने मैथिली बोली तथा योगेश करंजगावकर ने मराठी भाषा मे शब्दों का प्रयोग कर तथा हिंदी में अर्थ बताकर आगे बढ़ाया। शिक्षिका ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन के माध्यम से शिक्षक और अभिभावक आपस में मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर सकते हैं। कोरी शिक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि अंगना में शिक्षा के माध्यम से माताएं अपने बच्चों को घर में किस प्रकार गणित और हिंदी की शिक्षा प्रदान कर सकती है तथा कठपुतली कला के माध्यम से बच्चों को किस प्रकार शिक्षा दी जा सकती है इसका प्रदर्शन भी किया। शाला के शिक्षक योगेश करंजगावकर ने अभिभावकों को निपुण शाला अभियान की जानकारी देते हुए बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजने का आग्रह किया। शाला की प्रभारी श्रीमती शशि सिंह द्वारा सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया तथा हर महीने होने अभिभावक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के अंत में कोरी शिक्षिका ने सभी बच्चों और अभिभावको के सम्मुख कठपुतली कला का प्रदर्शन किया जिसे देखकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए। आज के शिक्षक पालक सम्मेलन में बहुत बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

सूने मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर , 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया रीता लकड़ा पति नीलेष लकड़ा स्टाफ नर्स प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र चपोरा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनाँक 28 नवम्बर को प्रार्थिया रात्रि में खाना खाने के बाद अपने शासकीय क्वाटर का ताला बंदकर बगल मे रहने वाली स्टाफ नर्स मृदुला श्रीवास के क्वाटर में सोने चली गई थी। 29 नवम्बर को सुबह 07:00 बजे अपने क्वाटर आई तो देखी तो दरवाजा में ताला नहीं लगा था, अंदर जाकर देखी तो कमरे अंदर रखे पेटी का कब्जा टुटा पड़ा था। उसके अंदर रखे सोने का झुमका 02 नग, सोने का मंगलसुत्र 01 नग, सोने की अंगुठी 01 नग, चॉदी का पायल 01 जोड़ी, इलेक्ट्रिक आयरन 01 नग, 07 नग साड़ी कुल कीमती 62000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी रतनपुर के दिशा निर्देशन पर टीम गठित कर दिनाँक 01/11/2023 को संदेही परमेष्वर दास मानिकपुरी को कड़ाई से पुछताछ करने पर उक्त मशरूका को चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

किसानों का धान बेचने के प्रयास में पकड़ाया व्यापारी, 225 कट्टा धान जब्त

बिलासपुर , 1 दिसम्बर(देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने धान खरीदी व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के सख्त निर्देश खाद्य विभाग को दिए है। निर्देशों का पालन करते हुए खाद्य विभाग द्वारा इस पर पैनी निगाह रखी जा रही है। इसी कड़ी में केंदा सेवा सहकारी समिति में 3 किसानों की पर्ची पर धान बेचने का प्रयासर करते हुए एक व्यापारी से 225 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है।

सिलपहरी के किसान कृपाल सिंह एवं विजय कुमार, इसी प्रकार बरपाली के किसान रामसिंह का धान बेचने 1 दिसम्बर को केंदा समिति से पर्ची काटी गई थी। टोकन के आधार पर तीन किसान से 225 कट्टा धान ड्राईवर पारस जैन, हरिश्चंद्र, सोमदेव प्रजापति एवं अनिल पटेल द्वारा लाया गया था। इस दौरान जांच अधिकारी खाद्य निरीक्षक अब्दुल कादिर खान ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की चारों ड्राईवरों द्वारा इस धान को व्यापारी से लाना स्वीकार किया गया। इन सभी से 225 कट्टा धान जब्त की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता 2023 संपन्न

बिलासपुर, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मे आज क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता-2023 संपन्न हुई । प्रधान कार्यालय, बिलासपुर मंडल, रायपुर मंडल, वैगन रिपेयर शॉप रायपुर, नागपुर मंडल एवं मोतीबाग कारखाना के प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया । हिंदी की वर्तमान स्थिति और संघर्ष तथा नैतिकता स्वयं ही अपना पुरस्कार है। विषय पर प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए ।

साकेत रंजन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर एवं डॉ. भवानी शंकर नाथ, उपमहानिरीक्षक सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल ने हिंदी वाक् प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वाह किया । साकेत रंजन ने अपने वक्तव्य में कहा कि निर्धारित किये गए विषयों पर सभी प्रतिभागियों ने बहुआयामी विचार व्यक्त किये । हम सभी को अपनी मातृभाषा की स्थिति में सुधार हेतु पूरे मनोयोग से प्रयास करना चाहिए । डॉ. भवानी शंकर नाथ ने कहा कि यद्यपि निर्धारित किये गए विषय अपने आप में विस्तृत एवं दार्शनिक विषय थे जिनके बारे में अल्प समय में अपनी बात रख पाना आसान नहीं था तथापि प्रतिभागियों ने तथ्यात्मक एवं सारगर्भित रुप में अपने विचार व्यक्त किये । इस कार्यक्रम का संचालन लोकेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक-।(मुख्यालय) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पी.एल. जाटवर, वरिष्ठ अनुवादक, प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग ने किया ।

विश्व एड्स दिवस की थीम

'वैश्विक एकजुटता साझा जिम्मेदारी'- डॉ. संजय दुबे

बिलासपुर , 1 दिसम्बर(देशबन्धु)। अंचल के प्रतिष्ठित सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा लोगों को एड्स के प्रति रैली, पोस्टर, लेखन के माध्यम से जागरूक किया गया। पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है ।इस दिवस को मनाने का उद्देश्य, एच.आई.व्ही. पोजिटिव्ह होने के बारे में लोगों में जागरूकता बढाने उन्हें शिक्षित करने और एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में सबकी समझ विकसित करना है ।

उल्लेखनीय है कि लाल रिबन एच.आई.व्ही. पीड़ित लोगों के लिए जागरूकता और समर्थन का सार्वभौमिक प्रतीक है। 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस को मनाने की शुरूआत वर्ष 1988 से हुई ।शासी निकाय के अध्यक्ष, डॉ. संजय दुबे ने कहां कि एड्स, आटो इम्न्यून रोग है। जिसका ईलाज केवल सावधानी है। जैसे खून देते/लेते समय खून की जॉच की जानी चाहिये एवं नये सीरिंज का उपयोग इनजेक्शन लेते समय किया जाना चाहिये। इस बीमारी को बढ़ते हुए दवाइयों से रोका जा सकता है। फिर भी सावधानी ही बचाव है ।इस अवसर पर डॉ. संजय सिंह, प्रभारी प्राचार्य ने कहां कि ''एच-आई. व्ही. एक प्रकार के जानलेवा इंफेक्शन से होने वाली गंभीर बीमारी है। इसे मेडिकल भाषा में हयूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस यानि एच.आई.व्ही. के नाम से जाना जाता है। जबकि लोग इसे आमतौर पर बोलचाल की भाषा में एड्स के नाम से जानते है। इस रोग में जानलेवा इंफेक्शन व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्न्यून सिस्टम) पर हमला करता है। जिसकी वजह से शरीर सामान्य बीमारियों से लड़ने में भी अक्षम होने लगता है।''इस कार्यक्रम में रोहित लहरे एन.सी.सी. अधिकारी ने अपने कैडेट्स एवं छात्र/छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि एच.आई.व्ही. के लक्षण संक्रमण के स्तर के आधार पर भिन्न होते हैं। प्रारंभिक संक्रमण के बाद पहले कुछ हफ्तों में व्यक्ति को किसी तरह के लक्षणों का अनुभव नहीं होता है या बुखार, सिरदर्द, दाने या गले में खराश सहित इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। एड्स है जानलेवा बीमारी है इसे मिटाना है यह हम सबकी जिम्मेदारी है ।इस रैली में सहभागिता विशेष रुप से रूपेश वस्त्रकार, आर्यन सिंह, साहिल टंडन, शबनम जोल्हे, सूरज कश्यप, जयपाल लहरे, टिकेश्वर गुप्ता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राष्ट्रीय कराते चैम्पियनशीप में काव्या ने हासिल की स्वर्ण पदक

बिलासपुर,1 दिसंबर (देशबन्धु)। नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय कराते चैम्पियनशीप प्रतियोगिता में शहर की बेटी काव्या कुशवाहा ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रौशन की है। रोमांचक मोड़ ले चुके प्रतियोगिता में काव्या ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम के खिलाड़ी को मुकाबले में पराजित कर जीत अपने नाम किया। काव्या कुशवाहा ट्विंकल पब्लिक स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा है ।नोएडा में राष्ट्रीय कराते चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों से देशभर के खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमें बिलासपुर जिले से काव्या प्रतिनिधित्व की। वह स्वर्ण पदक हासिल करके कराते चैंपियन के रूप में उभरी हैं। उनके शानदार प्रदर्शन से न केवल स्कूल प्रबंधन गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। काव्या ने अलग-अलग राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच छत्तीसगढ़ की जीत में अपनी जगह बनाई ।जिला और राज्य प्रतियोगिताओं में जीत कर पहचान बनाने वाली काव्या की यात्रा राष्ट्रीय स्तर पर शानदार स्वर्ण पदक के साथ समाप्त हुई। वे महज 13 साल की उम्र में मैच के दौरान आक्रामक दिखी। जिससे विरोधी खिलाड़ी दबाव में आ गए थे। उन्होंने अपनी प्रतिभा व कौशल के दम पर प्रतियोगिता में अच्छा खेल का नजारा पेश किया। काव्या ने बताया कि वे पूरी तैयारी के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुई। मैच में अच्छे-अच्छे खिलाड़ी आए हुए थे। उनको हराकर स्वर्ण पदक जीतना गौरव की बात है।

अमृत भारत स्टेशन योजना से उसलापुर स्टेशन में यात्री सुविधा का हो रहे विकास

प्लेटफार्म शेल्टर निर्माण का कार्य तीव्र गति से जारी

बिलासपुर , 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। उसलापुर स्टेशन को सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु चरणबद्ध तरीके से अनेक कार्य कराये गए हैं। जिसमें सरकुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य, स्टेशन बिल्डिंग के सामने रोड का निर्माण, मुख्य प्रवेश द्वार का चौडीकरण, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु लिफ्ट एवं रेम्प, अतिरिक्त फुटओवर ब्रिज का निर्माण, पर्याप्त मात्रा में पंखे, बेहतर लाइटिंग व्यवस्था, साइनेजेस, कोच इंडिकेशन बोर्ड, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, एप्रोच रोड, प्रतिक्षालयों का नवीनीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं । जिससे उसलापुर स्टेशन सुविधायुक्त व आकर्षक दिखाई देता है।

इसके साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उसलापुर स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु यात्री सुविधा विकास के अनेक कार्य भी कराये जा रहे हैं, जिससे यात्रियों को भविष्य में और बेहतर आधुनिक सुविधाएं मिलेगी । इसके अंतर्गत

सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाते हुये रोड को चौड़ा कर सुगम मार्ग बनाना, एयर पोर्ट की तर्ज पर स्टेशन भवन प्रवेश पोर्च बनाना, व्यवस्थित प्रवेश व निकासी द्वार बनाना, सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया डेवलप करना, गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण करना, स्थानीय कला-संस्कृति की चित्रकारी, बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना, डिजाइनर साइनेजेस, चौड़े फुटओवर ब्रिज का निर्माण, प्लेटफार्म का फ्लोरिंग, अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर का निर्माण, प्लेटफार्म में अतिरिक्त शौचालय का निर्माण, प्रतीक्षालय का नवीनीकरण करना, महिलाओं, वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों के अनुकूल दीर्घकालिक सुविधाएं उपलब्ध कराना जैसे विभिन्न कार्य शामिल है । ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे है । पहले चरण में बेहतर बैठक व छाया सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सभी प्लेटफार्म के दोनों छोर मैं अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसके अंतर्गत उसलापुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म में शेल्टर का स्ट्रकचर तैयार कर स्थापित कर लिया गया है जिसमें शेल्टर (सिटिंग) लगाने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है जिसे अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा । प्लेटफार्म शेल्टर निर्माण का कार्य पूरा होने के पश्चात यहाँ से यात्रा करने वाले यात्रियों को मौसम अनुकूल सुविधायें मिलने लगेगी। इसके साथ ही उसलापुर स्टेशन मैं प्रतीक्षालय व कंकोर्स क्षेत्र का नवीनीकरण, स्टेशन परिसर मैं व्यवस्थित पार्किंग एरिया विकास के कार्य, स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया के विकास का कार्य भी प्रगति पर है । इसके साथ ही एयरपोर्ट की तर्ज पर उसलापुर स्टेशन भवन के अग्रभाग (फसाड) नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य भी जल्द शुरू होगा ।

देशबन्धु
पाठकों के लिए सूचना
माह नवम्बर 2023 का अखबार बिल

दिन	दर	रू. पै.
29 दिन	4.00	116.00
01 दिन अवकाश		
कुल 30 दिन		रू. 116.00

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार बिल का भुगतान 7 ता. तक करने का कष्ट करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

02.12.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	535	83	145
चिल्हर	6.50	98	175

डिलीवरी 550 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188